# अधिवक्ता हित, सुविधाओं के लिए लड़ रहे चुनाव

**लायर्स चुनाव**

कानपुर। लायर्स एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष, महामंत्री, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए 61 उम्मीदवार मैदान में कूद पड़े हैं। हालांकि अभी चुनाव की तिथि की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन दावेदार वोटरों को रिझाने का कोई मौका नहीं चूक रहे हैं। कचहरी की गलियां नारों से गुलजार हो चुकी हैं। अधिवक्ताओं के खेमे अपने-अपने प्रत्याशियों को जिताने में जुटे हुए हैं। सोमवार को भी कचहरी चुनावी रंग में रंगी नजर आई। जिधर देखो उधर चुनावी चर्चाएं रहीं। अध्यक्ष पद के छह दावेदारों में से चार से अमृत विचार ने उनके चुनावी एजेंडे जाने। किन्हीं कारणोंवश दो प्रत्याशियों से संपर्क नहीं हो पाया।


प्रत्याशी शैलेंद्र दत्त त्रिपाठी वोट मांगते।


कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रत्याशी अमितेश कुमार सिंह के समर्थकों ने निकाली तिरंगा यात्रा।


संयुक्त मंत्री प्रशासन पद के प्रत्याशी आशीष पांडेय वोट मांगते हुए। अमृत विचार


महामंत्री पद के प्रत्याशी सुनील कुमार पांडेय के लिए प्रचार करते समर्थक।

## एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट और पेंशन मुद्दा अहम होगा चुनाव में



लायर्स में ज्वाइंट सेकेट्ररी, सह पुस्तकालय मंत्री व बार एसोसिएशन में मंत्री, उपाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जैसे पदों पर रह चुके लायर्स अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अरविंद कुमार दीक्षित ने बताया कि चुनाव जीतने के बाद अधिवक्ताओं के हित के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट व पेंशन मुद्दे पर प्रयास करेंगे। हनुमान गढ़ी में अधिवक्ताओं के चेंबर बने हैं, जहां पर बिल्डिंग बननी है। इसके लिए न्यायिक अधिकारियों से बात कर दो खंड अधिवक्ताओं के लिए व तीन खंड न्यायिक अधिकारियों के लिए दिये जाने का कार्य किया जाएगा। गवाह घर में चेंबर व पार्किंग की लंबित पड़ी योजना पर न्यायिक अधिकारियों से बात की जाएगी।

## अधिवक्ताओं की मदद के लिए बनाएंगे क्लब, न्याय की लड़ाई लड़ेंगे



करीब 32 साल से प्रैक्टिशनर अधिवक्ता श्याम नारायण सिंह लायर्स चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार हैं। श्याम नारायण सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओं की मदद के लिए रात 12 बजे भी खड़े होंगे। अधिवक्ताओं के न्याय हित की लड़ाई सर्वोपरि रहेगी। अधिवक्ताओं को आकस्मिक जरूरतों के लिए बार कांउसिल से मदद ली जाएगी। दो हजार लोगों का क्लब बनाया जाएगा जिससे किसी भी अधिवक्ता को जरूरत पड़ने पर उनकी मदद की जा सकेगी। कोर्ट में दबाव बनाया जाएगा कि अधिवक्ता खड़ा न हो, अभी हाल यह है कि कोर्ट में पुलिस बैठी रहती है और अधिवक्ता बाहर खड़े रहते हैं। अधिवक्ताओं के सम्मान के लिए हर लड़ाई लड़ी जाएगी।

## जूनियर अधिवक्ताओं की समस्या दूर करेंगे, फंड दिलाने का होगा प्रयास



पहली बार अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ रहे अधिवक्ता प्रवीन कुमार यादव ने बताया कि जूनियर अधिवक्ताओं को सरकार से फंड दिलाने का प्रयास किया जाएगा। जूनियरों को शुरूआत में चेंबर, लाइब्रेरी, कचहरी में बैठने की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन दिक्कतों को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। अधिवक्ताओं के लिए लायर्स की ओर से ऐसा हॉल बनाया जाए, जिससे नए आने वाले अधिवक्ताओं को बैठने की व्यवस्था एक तय समय सीमा तक की जाए। पेशी के समय कोर्ट में भारी भरकम भीड़ होती है। पैरवी करने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं को जगह तक नहीं मिलती। इसके लिए न्यायिक अधिकारियों से बात कर कोर्ट में अधिवक्ताओं के बैठने की सुविधा कराई जाएगी।

## हड़ताल न हो, यह रहेगी प्राथमिकता बार और लायर्स मिलकर काम करें



वर्ष 2010 में बार एसोसिएशन के महामंत्री पद पर रह चुके अधिवक्ता अनूप कुमार द्विवेदी 12 साल बाद लायर्स एसोसिएशन में अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे है। अनूप कुमार ने बताया कि अधिवक्ताओं व न्यायिक अधिकारियों के बीच सामंजस्य स्थापित करना पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही बार प्रयास रहेगा कि बार व लायर्स एसोसिएशन एक साथ मिलकर काम करें, जिससे समाज में अधिवक्ताओं के प्रति सही संदेश जाए। वकालत के पेशे में कहा गया है कि वादकारी का हित सर्वोपरि। हड़ताल से वादकारियों को ही सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कोशिश रहेगी कि कार्यकाल के दौरान एक भी हड़ताल न हो। कचहरी का वातावरण साफ सुथरा रखने का प्रयास किया जाएगा।

# मार्च तक सुधर जाएंगी जिले की खराब सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 27.50 करोड़ से सुधारी जाएंगी 77 सड़कें
- पीडब्ल्यूडी विभाग ने शुरू की टेंडर प्रक्रिया
- 30 जनवरी से डाले जाएंगे सड़कों के टेंडर

**अमृत विचार।** जिले की जर्जर सड़कों के सुधार के लिए पीडब्ल्यूडी ने टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी है। 30 जनवरी से छह फरवरी तक कार्यदायी संस्थाएं टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकेंगी। छह फरवरी को टेंडर खोले जाएंगे, टेक्निकल बिड में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। फाइनेंशिएल प्रक्रिया पूरी होते ही मार्च की शुरूआत में जिले की 77 सड़कों को चमकाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी ने दिसंबर माह में सड़कों का सर्वे करा 21.15 करोड़ का एस्टीमेट तैयार किया था। मॉल रोड सुधारने के लिए 6.35 करोड़ का बजट बनाकर मुख्यालय भेजा गया था।

जिले में पीडब्ल्यूडी की एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहर के कई प्रमुख मार्ग जर्जर पड़े हुए हैं। जिलों में खस्ताहाल सड़कों को कागजों पर ही गड्ढामुक्त घोषित कर दिया गया था। प्रांतीय खंड की जिले में एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों की 99 किलोमीटर की 31 सड़कों की हालत खराब है, जिनमें अल्हूपुर से परास चौराहा रोड 15 किमी, रमईपुर साढ़-जहानाबाद रोड व नरवल करबिगवांपुर की करीब 12 किलोमीटर लंबी रोड खराब है। वहीं शहरी क्षेत्र में 9.9 किलोमीटर लंबी मॉल रोड दुर्दशाग्रस्त है। सड़कों के नवीनीकरण के लिए प्रांतीय खंड ने 21.15 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। वहीं निर्माण खंड-दो की 46 किलोमीटर की करीब 20 सड़कों के नवीनीकरण का समय पूरा हो गया है। नवीनीकरण कराने के लिए निर्माण खंड-दो ने 6.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया था। मुख्यालय से हरी झंडी मिलने के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़कों के नवीनीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। 30 जनवरी से छह फरवरी तक विभाग ने कार्यदायी संस्थाओं से टेंडर मांगे हैं।

> प्रांतीय खंड व निर्माण खंड-दो से कुल 145 किलोमीटर लंबी सड़कों के नवीनीकरण के लिए 27.50 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भेजा गया था। मुख्यालय से एमडीआर, ओडीआर व ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का नवीनीकरण कराने की अनुमति मिल चुकी है। टेंडर प्रक्रिया की शुरूआत कर दी गई है। कार्यदायी संस्था का चयन होने के बाद मार्च माह की शुरूआत में सड़कों के नवीनीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **संजीव भारद्वाज,** मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी

# तीन पर हत्या और षडयंत्र रचने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षक की दम घुटने से हुई मौत, सांस नली में मिला कार्बन
- पुलिस ने आरोपी अधिवक्ता संजीव कुमार को भेजा जेल
- शिक्षक की पत्नी और उसका प्रेमी भी पुलिस हिरासत में


दयाराम।

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र के गोपालपुर पतरसा में रविवार को शिक्षक दयाराम की जिंदा जलाकर हत्या के मामले में छोटे भाई अनुज की तहरीर पर पुलिस ने देर रात अधिवक्ता संजीव, पत्नी के प्रेमी पवन, शिक्षक की पत्नी संगीता के खिलाफ हत्या और षडयंत्र रचने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

शिक्षक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि हुई है। उनकी सांस नली में काफी कार्बन मिला है। पुलिस ने एक आरोपी अधिवक्ता संजीव कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने दयाराम की पत्नी संगीता और उसके प्रेमी ढाबा संचालक पवन को भी हिरासत में लिया है।


घटना की जानकारी देता भाई अनुज व अन्य परिजन। अमृत विचार

डीसीपी पश्चिमी विजय ढुल के अनुसार पूछताछ में संजीव ने बताया कि दयाराम के अवैध संबंध उसकी पत्नी निशा से थे। वह कई बार दयाराम को समझा चुका था लेकिन वह मानने को तैयार नहीं था। इसलिए उसने समझौता कराने के नाम पर दयाराम को बुलाया और इसके बाद घटना को अंजाम दे दिया। संजीव ने पुलिस को बताया कि वह अपनी पत्नी निशा और दयाराम से बहुत ज्यादा परेशान था। वह कई बार दोनों को रंगे हाथ पकड़ चुका था। दयाराम को निशा से न मिलने के लिए चेतावनी दे चुका था लेकिन दोनों नहीं मान रहे थे।

पुलिस के अनुसार अब तक की विवेचना में केवल संजीव के अकेले ही अपराध का करना पाया जा रहा है। उसने अपराध को स्वीकार भी किया है। हत्या की वजह निशा और दयाराम के अवैध संबंध बताए हैं। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए हैं। अन्य आरोपियों से पूछताछ जारी है। जल्द ही पूरी वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### फोन से उलझी पुलिस

मौत से पहले दयाराम को भाई अनुज को फोन करना और बचाने की गुहार लगाने के दौरान ये बताना कि उसे जलाने में पत्नी संगीता और उसके प्रेमी पवन का भी हाथ है, इस रिकॉर्डिंग ने पुलिस के लिए परेशानी पैदा कर दी है। पुलिस के अनुसार अनुज ने अपने बयान में कहा कि उसके भाई ने मौत से पहले उसे फोन करके बताया था कि संजीव ने उसे कमरे में बंद करके आग लगा दी है। ये भी बताया है कि दयाराम के अपनी पत्नी से संबंध खराब थे।

# रिटायर सूबेदार को ट्रक ने मारी टक्कर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रामादेवी फ्लाईओवर पर हुआ हादसा, मौत

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में सड़क पार कर रहे सेवानिवृत्त सूबेदार को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें निजी अस्पताल ले गई, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जाजमऊ के कैलाश नगर के रहने वाले 62 वर्षीय विष्णु कुमार त्रिपाठी आर्मी से सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हुए थे। परिजनों ने बताया कि वह चकेरी के रामादेवी फ्लाईओवर पर सड़क क्रास कर रहे थे, इसी दौरान ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों ने ट्रक को रुकवा लिया। चालक भाग गया। परिजन उन्हें लेकर एयरफोर्स अस्पताल ले गए, जहां से उन्हें सर्वोदय नगर के अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

# पत्नी के दूसरी शादी करने पर युवक ने दी जान

**कानपुर।** छावनी थानाक्षेत्र में बनिया बाजार के रहने वाले 40 वर्षीय रामदास गौतम ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी बहन चंदा देवी ने बताया वह ई-रिक्शा चलाकर अपना पेट भरता था। बताया कि 2007 में उसकी शादी ललिता से हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ महीने के बाद ही वह भाई को छोड़कर चली गई और दूसरे से शादी कर ली। पत्नी के चले जाने पर वह लगातार अवसाद में रहने लगा था। आरोप है कि इसके बाद ललिता ने भाई पर दहेज का फर्जी मुकदमा दर्ज करवा दिया। इसके बाद उसने घर के आंगन में संदिग्ध परिस्थितियों में बैठकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

# भाजपा के 10 लोकसभा क्षेत्रों के सह प्रभारी व सह संयोजक घोषित

**लोकसभा चुनाव**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर लोकसभा के सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी व सह संयोजक बने कौशल किशोर

**अमृत विचार।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। भाजपा ने सोमवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के 10 लोकसभा क्षेत्रों के सह प्रभारी व सह संयोजकों की घोषणा कर दी।

लोकसभा चुनाव से पहले अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर कानपुर लोकसभा का सह प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी को बनाया है वहीं सह संयोजक पद की जिम्मेदारी कौशल किशोर दीक्षित को दी है।

भारतीय जनता पार्टी कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि पार्टी ने अकबरपुर लोकसभा सह प्रभारी डॉ. देवशीष पटेल, फर्रुखाबाद लोकसभा से सह प्रभारी डॉ. सर्वेश कठेरिया, सह संयोजक अमर सिंह खटिक को बनाया गया है। इसी तरह कन्नौज लोकसभा से सह प्रभारी जय प्रकाश कुशवाहा, सह संयोजक प्रवीण टंडन को बनाया गया है। इटावा लोकसभा सुरक्षित से सह प्रभारी बाबा बालकदास पाल को बनाया गया है। वहीं, सह संयोजक पद पर मुकेश यादव को जिम्मेदारी दी गयी है। इसी तरह झांसी लोकसभा का सह प्रभारी मनोज राजपूत और सह संयोजक प्रदीप चौबे को बनाया है। इसी तरह जालौन लोकसभा सुरक्षित से सह प्रभारी शिव नारायण सोनकर, सह संयोजक उद्दयन पालीवाल, बांदा लोकसभा से सह प्रभारी मनोज शुक्ला, सह संयोजक शिव शंकर सिंह, हमीरपुर लोकसभा से सह प्रभारी डॉ. वीके साहू, सह संयोजक मनोज गुप्ता और फतेहपुर लोकसभा सीट से सह प्रभारी सिद्ध गोपाल अहिरवार, सहसंयोजक सुधांशु श्रीवास्तव को बनाया गया।

**मेट्रो की चाल** | बारादेवी से नौबस्ता तक लगाई गईं 1153 पाइल्स

# एलिवेटेड सेक्शन की पाइलिंग का कार्य पूरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने बारादेवी से नौबस्ता के बीच बन रहे करीब 5 किमी. लंबे एलिवेटेड सेक्शन के पाइलिंग का काम पूरा कर लिया है। सोमवार को यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने बौद्ध नगर के पास पाइलिंग का काम पूरा किया और इसी के साथ कॉरिडोर-1 के अब बारादेवी नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन की सभी 1153 पाइलिंग का काम पूरा कर लिया है।


मेट्रो का काम जोरों पर है। अमृत विचार

**क्या होती है पाइलिंग:** पाइलिंग का मतलब जमीन के अंदर खोदाई करके उसके नीचे लोहे की जाल लगाने से है। इसे मेट्रो कॉरिडोर की नींव भी कह सकते हैं। आमतौर पर 3-6 पाइलों के समूह पर एक पाइल कैप तैयार किया जाता है और फिर पाइल कैप्स को आधार बनाकर मेट्रो कॉरिडोर के पिलर्स खड़े किए जाते हैं। बारादेवी से नौबस्ता के बीच मेट्रो का काम तेज चल रहा है।

### 17 महीने में पूरा किया गया काम

यूपीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुशील कुमार ने कहा कि इस सेक्शन के लिए सभी 1153 पाइलिंग पूरी कर ली और जल्द ही सभी पाइल कैप्स की कास्टिंग का काम भी पूरा कर लिया जाएगा। बारादेवी नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण 8 अगस्त 2022 से हुआ था और इस सेक्शन में 27 दिसंबर 2022 को पहला पियर कैप रखा गया था। 21 जनवरी 2023 को इस सेक्शन का पहला यू-गर्डर रखा गया था।



**आज का मौसम**
प्रातः और रात के समय कड़ाके की सर्दी के आसार।

22.8⁰ अधिकतम तापमान | 08.6⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06 : 55 | सूर्यास्त 05 : 49

## शहर में आज

- **उद्घाटन :** बीजेपी के लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बाल निकुंज स्वरूप नगर में सुबह 10 बजे।
- **शिविर :** प्रगतिशील जन कल्याण सेवा समिति की ओर से डूडा कॉलोनी शिवनगर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर सुबह 11 बजे।
- **मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा :** बर्रा दो 80 फीट नई बस्ती स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में देवी देवताओं की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सुबह 11 :30 बजे।
- **गोष्ठी :** सीएसजेएमयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गोष्ठी 12 बजे।
- **कार्यक्रम :** शहर कांग्रेस कमेटी के द्वारा तिलक हाल में गांधी जी के निर्वाण दिवस पर कार्यक्रम दोपहर 12 बजे।

# चुनाव से पहले पनकी पॉवर प्लांट से प्रदेश को मिलने लगेगी बिजली

**660 मेगावाट का प्लांट लगभग तैयार**
**मार्च में शुरू होगा प्लांट का ट्रायल**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी पॉवर प्लांट की निर्माणाधीन यूनिट का 90 प्रतिशत काम लगभग पूरा हो चुका है। प्लांट में अब बॉयलर को लाइटअप करने की तैयारी चल रही है। इसमें आग जलाकर बॉयलर की क्षमता का परीक्षण होगा।
यह कार्य पूरा होने के बाद मार्च माह में पॉवर प्लांट का ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल सफल रहने पर प्लांट का संचालन और विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा। इस प्लांट में बनने वाली पूरी बिजली उत्तर प्रदेश को मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2019 में पनकी पॉवर प्लांट में 660 मेगावाट की नई यूनिट की आधारशिला रखी थी।

80 हेक्टेयर क्षेत्रफल में बन रहे इस प्लांट का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) करा रहा है। 5816.70 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को जनवरी 2022 में पूरा किया जाना था, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से वर्ष 2020 व 2021 में काम प्रभावित रहा। इस बीच सहायक मैटेरियल व उपकरणों की कीमतें बढ़ गईं।

इस कारण प्रोजेक्ट की लागत 912.50 करोड़ रुपये और बढ़ गई।


पनकी पॉवर प्लांट की विशालकाय चिमनी। अमृत विचार

> पनकी पॉवर प्लांट का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। कुछ जरूरी काम कराए जा रहे हैं। प्लांट में कुछ ट्रॉयल सफल हो चुके हैं। विद्युत उत्पादन के लिए मुख्य ट्रायल मार्च माह से शुरू किया जाएगा।
> –गोविंद कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक

इस प्लांट से 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इसे लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। पनकी पॉवर प्लांट के अधिकारियों का कहना है कि 90 प्रतिशत से ज्यादा निर्माण कार्य हो चुका है। बॉयलर को लाइटअप करने के बाद आयल और कोयला गर्म किया जाएगा।

इसके बाद सिक्रोनाइज यानी समकालिक किया जाएगा। इसके तहत पावर प्लांट का ग्रिड से तालमेल बैठाया जाएगा। मार्च माह में प्लांट संचालन का ट्रायल सफल होते ही बिजली उत्पादन शुरू करने की प्रक्रिया की जाएगी।

**5816.70**
करोड़ रुपये प्रोजेक्ट की कुल लागत है

**912.50**
करोड़ रुपये बढ़ गई देरी होने से लागत

**2022**
जनवरी माह में पूरा किया जाना था काम

**660**
मेगावाट बिजली का प्लांट में होगा उत्पादन

- **प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में रखी थी पनकी प्लांट में नई यूनिट की आधारशिला**

### महत्वपूर्ण ट्रायल किए जा चुके हैं पूरे

पनकी पॉवर प्लांट में सबसे महत्वपूर्ण काम बॉयलर का हाइड्रो टेस्ट सफलता पूर्वक पूरा किया जा चुका है। चिमनियों का धुआं बाहर निकालने के लिए और बॉयलर में दबाव बनाए रखने के लिए आरडी फैन व कोयले को गर्म करने वाले एफडी फैन के साथ ही प्लांट के कंप्रेशर, एयर फ्री हीटर का भी ट्रायल सफल रहा है।

# दरोगा-सिपाही ने वसूले डेढ़ लाख, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कोहना थाने के एक दरोगा और सिपाही पर जेल भेजने का डर दिखाकर छात्र से डेढ़ लाख रुपये वसूलने का आरोप लगा है। घटना की सोशल मीडिया और महकमे में चर्चा है। पीड़ित छात्र ने सोमवार को मामले की शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। उन्होंने डीसीपी सेंट्रल को जांच सौंपी। जांच में आरोप सही पाने पर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

डिप्टी पड़ाव निवासी नितिन त्रिपाठी बीटीसी छात्र हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को बताया कि 23 जनवरी को वह कोचिंग पढ़ाकर लौट रहे थे, तभी पड़ोसी वासु सोनकर उनकी स्कूटी मांगकर ले गए। थोड़ी देर बाद वह आया और उसे मोतीझील ले गया। वहां वासू वाशरूम जाने की बात कहकर चला गया। इसी दौरान कार से कोहना थाने के रानीघाट चौकी इंचार्ज कपिल यादव और सिपाही राहुल वर्मा एक अन्य युवक के साथ आए और कार में जबरन बैठा लिया। उन्होंने कहा कि उसकी स्कूटी में आधा किलो चरस मिली है। उसे कोहना थाने ले आए। उसने अपने भाई को फोन किया तो वह थाने पहुंचा। नितिन ने आरोप लगाया कि उससे डेढ़ लाख रुपये लेकर छोड़ दिया गया।

### सिपाही राहुल वर्मा का एक अक्टूबर को हो चुका ट्रांसफर

छात्र ने जिस सिपाही राहुल वर्मा पर वसूली का आरोप लगाया है, उसका पिछले वर्ष एक अक्टूबर को बेकनगंज थाने के लिए ट्रांसफर हो चुका है। लेकिन एक अधिकारी की कृपा के कारण उसने अपनी रवानगी नहीं कराई बल्कि वह पुलिस लाइन चला गया। जहां से एक महीने बाद वापस फिर से कोहना थाने आ गया। इस घटना के बाद पुलिस ने खेल करते हुए रविवार को आनन-फानन उसकी बेकनगंज थाने के लिए रवानगी कर दी।

> पीड़ित की शिकायत के आधार पर घटनास्थल के सीसी फुटेज देखे जा रहे हैं। घटना में दरोगा और सिपाही की संलिप्तता पाई गई है। उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।
> –प्रमोद कुमार, डीसीपी सेंट्रल

## एक नजर

### 16 भैंसें ले जा रहे कंटेनर को पकड़ा

**कानपुर।** पनकी हाईवे पर कंटेनर में 16 भैंसें क्रूरता और निर्दयतापूर्वक लादी गई थीं। पुलिस ने राहगीरों की सूचना पर कंटेनर रोक लिया। इस दौरान वाहन छोड़कर चालक फरार हो गया। पुलिस कंटेनर में मौजूद चार व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने ले आई। पनकी पुलिस के अनुसार कंटेनर जब्त कर पशु क्रूरता (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पनकी से किशोर लापता

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के शताब्दी नगर फेस चार एमआईजी में एक माह से अपने फूफा राजेंद्र सिंह यादव के घर में रह रहा 12 वर्षीय आर्यन सोमवार दोपहर तीन बजे लापता हो गया। घर वालों ने आसपास तलाश करने के बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी। इस संबंध में पनकी थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मामले में गुमशुदगी दर्ज की जा रही है।

# चुनाव की तैयारी में जुटें कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सोमवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रसाद वर्मा की पत्नी की तेरहवीं संस्कार में जालौन जाते समय नौबस्ता फ्लाईओवर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह का पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं विधायक महेश त्रिवेदी ने पटका एवं पुष्प गुच्छ देकर प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री धर्मपाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। कार्यकर्ता बूथों पर नियमित प्रवास करें और जनता से संपर्क व संवाद बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त करेगी।

उन्होंने कहा कि जातिवादी, वंशवादी विपक्षी पार्टियां तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की राजनैतिक विरासत को दोबारा पाने के लिए रोज नए-नए हथकंडे अपना रही हैं। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण ने देश वासियों को एक सूत्र में बांधा है। स्वागत करने वालों में राम बहादुर यादव, विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, संजय कटियार ,रघुनंदन भदौरिया, सुनील नारंग, वंदना गुप्ता, गणेश शुक्ला, अनुराग शुक्ला, अभिनव शुक्ला,गौरव तिवारी, अखिलेश अवस्थी, प्रवीण मिश्रा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


नौबस्ता में धर्मपाल सिंह का स्वागत करते भाजपा नेता। अमृत विचार

- **भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन का हुआ स्वागत**

# छह जुआरी किए गए गिरफ्तार, 53 हजार बरामद

**कानपुर।** रेलबाजार पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास 53 हजार रुपये और मोबाइल फोन बरामद किया है।

रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि सोमवार को मीरपुर स्थित एक मकान के कमरे में छापेमारी की गई। जहां पर छह आरोपी जुआ खेलते हुए मिले। पूछताछ में जुआरियों ने अपना नाम मीरपुर निवासी मोहम्मद आमिर, मोहम्मद राशिद, अतीक अहमद उर्फ पप्पू समोसे वाले, मोहम्मद शोएब, मो. चांद और जुनैद बताया। बताया कि आरोपी अतीक के घर पर जुआ खेल रहे थे। आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

# सर्वर ठप, हैलट में मरीज हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हैलट अस्पताल में सोमवार का दिन होने की वजह से ओपीडी में सैकड़ों की संख्या में मरीज इलाज कराने को पहुंचे लेकिन ओपीडी के पर्चा काउंटर में इंटरनेट का सर्वर ठप हो गया। एक घंटे से अधिक समय बीतने पर भी सर्वर नहीं आया तो कर्मियों ने ऑफलाइन पर्चे बनाए।

हैलट में सोमवार सुबह नौ बजे मरीजों की अच्छी खासी भीड़ हो गई थी। ओपीडी के पर्चा काउंटर पर मरीज व उनके तीमारदार लाइन में लगकर पर्चे बनवाने के बाद ओपीडी में संबंधित मर्ज के डॉक्टरों से परामर्श लेने जा रहे थे। तभी सुबह करीब 10 बजे पर्चा काउंटर का इंटरनेट सर्वर ठप हो गया और मरीजों की भीड़ पर्चा काउंटर की बिल्डिंग से बाहर तक लग गई। काफी इंतजार के बाद जब सर्वर नहीं आया तो कंप्यूटर ऑपरेटरों ने सूचना उच्चाधिकारियों को दी। एक घंटे के बाद जब ऑफलाइन पर्चे आए तो कर्मचारियों ने मरीजों के पर्चे बनाने शुरू किए, तब वह इलाज कराने ओपीडी गए। तभी करीब 12 बजे के बाद सर्वर आया तो फिर से ऑनलाइन पर्चे बनने शुरू हो सके। प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि सर्वर नहीं आने की सूचना पर मरीजों के ऑफलाइन पर्चे बनाए गए। साथ ही डॉक्टरों को ओपीडी में समय के बाद भी कुछ देर बैठने को बोला गया था। सर्वर कंपनी के मुताबिक इंटरनेट की स्पीड बढ़ाई जाएगी।


हैलट में मरीज एक घंटे से ज्यादा तक परेशान रहे। अमृत विचार

- **ओपीडी में ऑनलाइन पर्चे नहीं बनने से दिक्कत**

# जल्द बदलेगा मौसम बारिश, ओले के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सर्दी से इन दिनों मिली राहत ज्यादा दिन के लिए नहीं है। मौसम विभाग ने जल्द ही शहर के मौसम में बदलाव की संभावना जताई है। उत्तर पश्चिमी हवाओं के कमजोर होने पर बारिश का अंदेशा जताया है। ओले भी पड़ सकते हैं। बारिश फरवरी के पहले सप्ताह में हो सकती है। फिलहाल उत्तर पश्चिमी हवाओं के कमजोर होने से सर्दी से राहत मिली है।

मौसम वैज्ञानिकों ने 1 फरवरी से मौसम में बदलाव के संकेत दिए हैं। बताया कि वर्ष 2018 के बाद इस बार जनवरी महीना सबसे शुष्क रहा था।

इस वजह से खेतिहर भूमि को नुकसान हो रहा था। अब एक से पांच फरवरी तक बारिश के साथ ओला गिरने की भी संभावना है। उधर सोमवार को भी तेज धूप निकली। छह दिन लगातार धूप निकलने से अधिकतम तापमान भी बढ़ा। सोमवार को अधिकतम तापमान 22.8 और न्यूनतम 8.6 डि.से. रहा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने कहा कि एक-दो दिन आसमान साफ रहेगा। सुबह व शाम को हल्का कोहरा रहने की संभावना है। फरवरी के पहले हफ्ते से मौसम में बदलाव देखा जा सकता है। 1 से 5 फरवरी के बीच बारिश हो सकती है।

- **1 फरवरी से मौसम बदलने और बारिश का अनुमान**

# रंगदारी में इरफान की जमानत मंजूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ निवासी एक सीमेंट कारोबारी से रंगदारी मांगने के मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने सपा विधायक इरफान सोलंकी की जमानत याचिका मंजूर कर ली है। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने यह जानकारी दी है।

सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में जेल जाने के बाद जाजमऊ निवासी सीमेंट कारोबारी विमल गौतम ने दिसंबर 2022 में इरफान सोलंकी, बिल्डर हाजी वसी, कमर आलम व शाहिद लारी के खिलाफ उनकी जमीन कब्जा करने व रंगदारी मांगने का आरोप लगाकर जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विमल ने बताया था कि बिल्डर हाजी वसी व उसके साथी कमर आलम, शाहिद लारी ने मिलकर उनकी चार सौ गज की जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें विधायक इरफान सोलंकी भी शामिल रहे। पुलिस ने सपा विधायक व उनके साथियों के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी, धमकी देने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इरफान के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि कोर्ट ने सपा विधायक की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

### आगजनी कांड मामले में हुई सुनवाई



सोमवार को सपा विधायक के आगजनी कांड मामले में सुनवाई की गई। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सईद नकवी ने तर्क दिया कि एफआईआर में किसी भी गवाह का उल्लेख नहीं किया गया है। पीड़िता नजीर फातिमा चश्मदीद गवाह नहीं है। जिस प्लॉट में नजीर फातिमा रह रहीं थीं वह रिजवान का प्लॉट है और जला सामान रिजवान ने प्लॉट में कबाड़ के तौर पर डाला था। विवेचक ने गवाहों के बयान घटना के एक माह बाद दर्ज किए हैं। सभी गवाह अचानक मौके पर पहुंचे थे, किसी ने भी घटना होते हुए नहीं देखी है। गवाह नसीम आरिफ, शारिक अली बरकाती और अकील अहमद भाजपा के सदस्य हैं और पार्टी के दबाव में आकर सपा विधायक को झूठा फंसाया गया है। अधिवक्ता ने बताया कि एफआईआर में जो गृहस्थी का सामान लिखा गया था वो तो मौके पर मिला ही नहीं।

- **सोमवार को एमपीएमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला**

# जानलेवा हमले में पांच पर रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज के रहने वाले मनु उपाध्याय ने पुलिस को बताया कि 21 जनवरी 2024 की रात वह 12 बजे करीब वह पारिवारिक समारोह में शामिल होने रायल ग्रांड पार्टी हाल पहुंचे। उसके साथ दोस्त मनोज और आदित्य भी थे। बाहर शोर-शराबा सुनाई दिया तो वह बाहर निकले। आरोप है मानस शुक्ला, हर्षित शुक्ला, गोलू ठाकुर दो अज्ञात लोगों के साथ गाड़ी से पहुंचे और गालियां दीं। विरोध किया तो मारपीट की। लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी फायर करके भाग निकले। पीड़ित ने नवाबगंज थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया बलवा, गाली-गलौज, मारपीट, धमकी व जानलेवा हमले संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# गैंगरेप के दो दोषियों को 20 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किशोरी संग गैंगरेप करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश 13 सुरेंद्र पाल सिंह दो आरोपियों को दोषी पाते हुए 20-20 साल की सजा व 10-10 हजार का जुर्माना लगाया।

काकादेव थानाक्षेत्र निवासी महिला की 14 वर्षीय बेटी एक जुलाई 2019 की रात 11 बजे शौचालय गई थी। शौचालय से लौटने के दौरान घर के पास में ही रहने वाले राज नारायण उर्फ मुन्ना व गौरीशंकर किशोरी को अपने कमरे में खींच कर ले गए, जहां दोनों ने किशोरी के साथ गैंगरेप किया। किशोरी ने परिजनों को आपबीती बताई। परिजनों ने काकादेव पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया था कि शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद काकादेव पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 13 सुरेंद्र पाल सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था।

विशेष लोक अभियोजक चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने सबूतों व गवाहों के आधार पर राज नारायण व गौरीशंकर को दोषी पाया और दोनों को 20-20 साल की सजा व 10-10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जुर्माने के 15 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए।

- **दोनों दोषियों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी**

### जाम में फंसी जिंदगी...




जीटी रोड पर टाटमिल चौराहे पर ट्रैफिक जाम फंसी एम्बुलेंस में तड़पता मरीज, जाम से एम्बुलेंस को निकलवाने की कोशिश में जूझता ट्रैफिक पुलिस का अधिकारी और बेबस तीमारदार बस भगवान के भरोसे बैठे सोच रहे हैं कि अपने मरीज को कैसे अस्पताल तक पहुंचाएं। शहर में ऐसी स्थिति दिन भर किसी ना किसी चौराहे पर होती है और समय से मरीज अस्पताल तक नही पहुंच पाते हैं। पुलिस कमिश्नर ने अपनी पहली प्राथमिकता में ट्रैफिक सुधार को रखा है। प्रशासन से जनता पूछ रही कब मिलेगी जाम से निजात। **मनोज तिवारी**

**मनमानी** झकरकटी बस अड्डे पर रोडवेज बसों की अराजकता नहीं रुकी, जनवरी माह में 60 बसों का किया चालान

# 200 से अधिक बसों का चालान पर समस्या कायम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** झकरकटी बस अड्डे से टाटमिल तक रोडवेज बसों की अराजकता पर लगाम कसने की ट्रैफिक पुलिस की मुहिम विफल साबित होती नजर आ रही है। अक्टूबर माह से अब तक बस अड्डे के बाहर बसें खड़ी करने पर 200 से अधिक बसों का चालान किया गया है, लेकिन नतीजा सिफर है। बसें रोजाना की तरह सड़क पर ही खड़ी हो रही हैं, जिससे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

झकरकटी बस अड्डे के बाहर लगने वाले जाम से छुटकारा दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस करीब तीन माह से जद्दोजहद कर रही है।

प्रत्येक माह होने वाली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में चर्चा होती है। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह, एडीसीपी अंकिता शर्मा ने एआरएम के साथ मिलकर बस अड्डे के बाहर बने कट को बंद कराने व सड़क पर बसें मिलने पर उनका चालान कराने की योजना तैयार की। अब तक ट्रैफिक पुलिस 200 से अधिक बसों का चालान करा चुकी है। जनवरी में अब तक 60 बसों का चालान किया गया है। चालान का शुल्क बस चालकों व परिचालकों से वसूलने को कहा गया है। इसके बाद भी बस चालकों अराजकता कायम है, जिससे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



तमाम कवायद के बाद भी रोडवेज बसें सड़क पर ही खड़ी हो रही हैं। अमृत विचार

### डीसीपी ने दिए स्लिप लेन चौड़ीकरण के आदेश

डीसीपी आरती सिंह ने सोमवार को फजलगंज व विजय नगर चौराहे का निरीक्षण किया। दोनों चौराहों पर लगी लोहे व प्लास्टिक को बेरीकेडिंग को हटाकर कंक्रीट बेरीकेडिंग लगाने व बीच सड़क पर स्थित पोल व साइनेज को हटाने के निर्देश नगर निगम व केस्को के अधिकारियों को दिए। फजलगंज चौराहे पर विजय नगर व गोविंद नगर की ओर से आने वाले ट्रैफिक के स्लिप लेन के चौड़ीकरण को कहा। गोल चौराहे से जरीबचौकी की ओर आने वाले ट्रैफिक को अफीम कोठी जाने की ओर भारी कर्व के कारण जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है। ट्रैफिक विभाग चौराहे को छोटा करने की तैयारी कर रहा है। नगर निगम के साथ मंगलवार को डीसीपी ट्रैफिक चौराहे का निरीक्षण करेंगी।

# रुद्राक्ष से बेटे का शव पहचाना, बेहोश हुई मां

## लापता छात्र का शव दादानगर लोहे के पुल के पास मिला, पहले दिन चेहरा देखकर नहीं कर पाए थे पहचान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अर्मापुर में रहने वाले आर्डिनेंस कर्मी पिता फफक पड़े


नितिन।


पिता नितेश कुमार।

**अमृत विचार।** अर्मापुर में रहने वाले आर्डिनेंस कर्मी नितेश कुमार के लापता 17 वर्षीय इकलौते पुत्र नितिन का शव 13 दिन बाद गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दादा नगर लोहे वाले पुल के पास पड़ा मिला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता अपने लाल का चेहरा देख फफक पड़े वहीं घर में बीमार मां बेहोश हो गईं। पुलिस को रविवार को अज्ञात शव दादानगर में मिला था जो फूलने की वजह से पहचान में नहीं आया था। सोमवार को मां के कहने पर पिता साथी कर्मचारियों के साथ पोस्टमार्टम पहुंचे और शिनाख्त करते ही टूट गए। रूद्राक्ष की माला और कपड़ों से पिता ने शिनाख्त की। फूटफूट कर रोए पिता बोले कि नितिन का 21 जनवरी को जन्मदिन था लेकिन वह उसे नहीं बचा पाए। पोस्टमार्टम से पता चला कि शव दो सप्ताह पुराना है। मौत का कारण स्पष्ट न होने की वजह से बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

बिहार के छपरा निवासी नितेश कुमार आर्डिनेंस फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटर हैं। परिवार में पत्नी मंजू, तीन बेटियां प्रिया, प्रीती और कशिश व इकलौता पुत्र 17 वर्षीय नितिन कुमार था। नितिन पनकी स्थित वीरेंद्र स्वरूप इंटर कॉलेज पनकी में इंटर का छात्र था। 15 जनवरी को अचानक नितिन घर से गायब हो गया था। उसके स्कूल बैग में एक सुसाइड नोट मिला था। जिसमें उसने लिखा था कि अब वह खुद ही अपनी नजरों में गिर गया है। मुंह दिखाने और नजरें मिलाने लायक नहीं बचा है।

इसके चलते अर्मापुर नहर से कूदकर सुसाइड करने जा रहा है। परिजनों ने अर्मापुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगाले थे लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। दादा नगर नहर में 28 जनवरी को एक शव पड़ा मिला था। सोमवार को परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उसकी शिनाख्त अपने बेटे नितिन के रूप में की। शव 15 दिन पुराना होने के चलते इतना फूल गया था कि पहचान नहीं हो पा रही थी, लेकिन रूद्राक्ष की माला और कपड़ों से पिता ने शिनाख्त की। पिता ने परिजनों को घटना की जानकरी दी तो कोहराम मच गया। मां बेहोश हो गईं। साथी कर्मचारियों ने सिर के पास से खून निकलने के कारण हत्या करने का आरोप लगाया। इस संबंध में अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया कि छात्र लोन लिए था। ऑनलाइन गेम भी खेलता था। जांच में पता चला था कि गेम खेलते समय 50 हजार रुपये किसी को ट्रांसफर कर दिए थे। यही कारण रहा है कि माता पिता का सामना नहीं कर पा रहा था।

### ये सुसाइड नोट लिखकर नितिन हुआ था लापता

लव यू मम्मी, पापा और प्यारी बहनों अपना ख्याल रखना और मम्मी पापा का भी ख्याल रखना। पापा सॉरी आज मुझसे फिर से गलती हो गई मुझे पता है कि आप दो-तीन दिन गुस्सा करते हैं फिर नॉर्मल हो जाते हैं, पर मैं आज अपनी नजरों में बहुत गिर गया हूं। पापा मम्मी को संभालिएगा। प्रिय दी तुम्हें आईएएस बनते नहीं देख पाया सॉरी। प्रीति दी तुम्हें इंजीनियर बनते नहीं देख पाया सॉरी और मेरी सबसे प्यारी बहन कशिश को डॉक्टर बनता हुआ नहीं देख सका। मम्मा प्लीज रोइएगा मत लव यू ऑल पापा बहुत बड़ी गलती हो गई। सॉरी यू आर माई हीरो पापा। मम्मी मैंने फांसी लगाने की कोशिश बहुत की लेकिन कर नहीं पाया। प्लीज मुझे अब मत ढूंढिएगा। मैं नहर में कूदकर खुद को मार लूंगा पर मैं अब आप लोगों का सामना नहीं कर पाऊंगा अपना ख्याल रखना आप लोग।

> अब तक की जांच में सामने आया है कि नितिन ऑनलाइन गेम, सट्टा खेलता था। लापता होने से ठीक पहले उसके पिता के अकाउंट से 50 हजार रुपये डेबिट हुए थे। अकाउंट में कई बार पैसे डेबिट होने और जीतने पर क्रेडिट होने के साक्ष्य मिले हैं। मामले की जांच की जा रही है।
>
> -विजय ढुल, डीसीपी पश्चिम

## उधारी वापस मांगने पर दी धमकी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में उधार की रकम वापस मांगने पर आरोपी ने युवक को धमकाया। आरोप है कि दंपति ने उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है।

अहिरवां के संजीव नगर निवासी नवाब सिंह के अनुसार उनके गांव कमालपुर के नजफगढ़ निवासी रिंकी उर्फ किरन ने कुछ माह पहले तीस हजार रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने पर जब उन्होंने अपना रुपये वापस मांगा तो रिंकी और उसके पति लाला बाबू ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। साथ ही एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। रंगदारी न देने पर झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी। नवाब सिंह ने रिंकी के पिता रमेश निषाद से भी शिकायत की। लेकिन उन्होंने भी गाली गलौज कर धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप


भाजपा में शामिल हुए सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### निष्कासित भाजपाई समेत सपा कार्यकर्ता भाजपा में

**कानपुर।** नगर निगम चुनाव में निष्कासित भाजपा नेता विनय त्रिपाठी सोमवार को अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। जिला कार्यालय नवीन मार्केट में सभी ने जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, क्षेत्रीय ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्य अनूप अवस्थी, दिनेश राय, पूर्व विधायक राकेश सोनकर, जिला महामंत्री जितेन्द्र शर्मा व मंडल अध्यक्ष गौरव पांडेय की मौजूदगी मे पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ सीसामऊ विधान सभा के तीन दर्जन से अधिक सपा के कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रमुख कार्यकर्ताओं में शुभम श्रीवास्तव, कपिल गुप्ता, नरेश त्रिपाठी, प्रशांत गुप्ता, अमित गौतम, शिव शंकर गुप्ता, राजेश तिवारी, सुरुचि त्रिवेदी, राजू बाजपेई, सुरेश कनौजिया, विनोद कुमार गुप्ता, सुशील शुक्ला, शादाब आलम, मोहम्मद इकराम रहे।

### बीट पुलिस अधिकारियों को दिए निर्देश

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल प्रमोद कुमार ने सेन्ट्रल जोन के सभी थानों के सभी बीट पुलिस अधिकारियों के साथ प्रमिला सभागार मोतीझील स्वरूपनगर में बैठक की। जिसमें बीट प्रणाली लागू होने के बाद प्रभावी रूप से बीट प्रणाली को अपने अपने क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति तक पुलिस की पहुंच को सरल बनाने के निर्देश दिए। जनता की समस्याओं के त्वारित समाधान के लिए दिशा निर्देश दिए गए। आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की जांच चरित्र सत्यापनों की जांच तथा सी-प्लान एप में सम्भ्रान्त व्यक्तियों का व्हाट्स ग्रुप बनाकर बेहतर तालमेल रखते हुए बीट से सम्बन्धित सूचनाओं का अदान प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

### अपराध समीक्षा में अभियानों पर दिया जोर

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त सेंट्रल ने मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी की। जिसमें अपर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल आरती सिंह व समस्त एसीपी व सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। गोष्ठी में लंबित विवेचनाओं के निस्तारण और निरोधात्मक कार्रवाई के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों की ओर से चलाये जा रहे अभियानों जैसे ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन दृष्टि, ऑपरेशन त्रिनेत्र, सवेरा के क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश दिए।

### चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**कानपुर।** ग्वालटोली पुलिस ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले विशु गौतम निवासी खलासी लाइन को गिरफ्तार किया है। आरोपी बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी करता था। साथ ही चोरी के माल को बेचकर अपने शौक पूरा करता था। मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से तीन पायल, एक छोटी कटोरी, एक छोटी प्लेट, छह बिछिया बरामद हुईं है।

### अस्पताल संचालक ने की अश्लीलता, रिपोर्ट

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में एक अस्पताल संचालक ने अपनी महिला स्टॉफ के साथ अश्लीलता कर डाली। जिसकी शिकायत महिला ने कल्याणपुर थाने में की। मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने जांच कर आरोपी डॉक्टर को हिरासत में लेकर एफआईआर दर्ज कर ली। कल्याणपुर की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि वह और उसकी सहेली अस्पताल में नर्स स्टॉफ हैं। सैलरी बढ़ाने की बात की तो अस्पताल के डॉक्टर रामप्रकाश ने उसके साथ अश्लीलता की और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। डॉक्टर की सारी करतूत परिजनों से बताई तो परिजन शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर और उनके साथियों ने उन पर ही दबाव बनाने की कोशिश की। मौके पर पुलिस को बुलाकर डॉक्टर रामप्रकाश के खिलाफ तहरीर दी है।

### सपाइयों ने की जाति जनगणना की मांग

**कानपुर।** पीडीए पंचायत पखवाड़ा के तहत सोमवार को आर्य नगर विधानसभा क्षेत्र के कैनाल रोड पर पीडीए पंचायत का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सामाजिक न्याय के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जाति जनगणना होना आवश्यक है ताकि जातियों की संख्या बल के आधार पर उन्हें समानुपातिक हक और सम्मान मिले। उन्होंने कहाकि केंद्र की भाजपा सरकार से देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान किया जा रहा है। भाजपा सरकार देश को धर्म जात के नाम पर दो भागों में बाटकर अपना राजनीतिक लाभ ले रही है। इसलिए जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का पूरे देश से सफाया कर पीडीए की नई सरकार बनाएगी। इस दौरान महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव, दीपा यादव, मोहम्मद सरिया, पार्षद रजत बाजपेई, पप्पन शर्मा, बलवंत सिंह, राजेंद्र जैसवाल, बिल्लू बाल्मीकि, केके मिश्रा, सत्यनारायण गहरवार, चंकी गुप्ता, प्रशांत, मोहन, आशीष, अनुराग समेत आदि लोग मौजूद रहे।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा

**कानपुर।** गुजैनी हाईवे पर सोमवार देर रात कार चालक ने बाइक सवार राजमिस्त्री को टक्कर मार दी। अनियंत्रित बाइक सवार मिस्त्री ट्रक के पिछले टायर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कानपुर देहात, जलालपुर थाना बरौर निवासी राजमिस्त्री राजेश कुमार सोमवार देर रात पनकी की ओर से बाइक से बर्रा बाईपास की ओर जा रहा था। गुजैनी हाईवे स्थित न्यू सिटी हॉस्पिटल के पास तभी पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। अनियंत्रित बाइक सवार युवक बगल से गुजर रहे ट्रक के पिछले टायर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

# युवक को चलती ट्रेन से दिया धक्का, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कन्नौज से रिश्तेदार के घर से लौट रहा था
- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, जांच


हर्ष शर्मा।


हर्ष के परिजन।

**अमृत विचार।** कन्नौज गए रिश्तेदार के यहां से घर से लौटते समय रविवार रात युवक को किसी ने ट्रेन से धक्का दे दिया जिससे उसकी गिरने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने यह आरोप लगाया है। जीआरपी ने मामले की जांच शुरू की है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

नजीराबाद थानाक्षेत्र के लाजपत नगर निवासी रमेश शर्मा का 25 वर्षीय इकलौता पुत्र हर्ष शर्मा एक अखबार में मशीन मैन था। बहन सिमरन ने बताया कि वह रविवार सुबह कन्नौज में अपने रिश्तेदार के घर गया था। रात में हर्ष ट्रेन से घर लौट रहा था। बहन ने बताया कि देर रात करीब 12.58 तक उससे बात हुई थी। इसके बाद उसका फोन लगना बंद हो गया। इसके बाद वह लोग उसने ढूंढने के लिए निकल पड़े। घर से लेकर रेलवे स्टेशन और बस अड्डे में उसकी तलाश की। लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद उनके दोस्त सतीश ने रात करीब डेढ़ बजे हर्ष को वाट्सएप कॉल की जो एक सिपाही ने उठाई और बताया कि हादसे में उसकी मौत हो गई है। यह सुनकर वे लो उसके चेहरे से रक्तस्राव हो रहा था।

घटना के बाद मां सुमन, बहन सिमरन और पिता रमेश का रो-रोकर बुरा हाल था। बहन, मां और दोस्त का आरोप था कि उसे चलती ट्रेन से धक्का दिया गया है। जीआरपी अनवरगंज का कहना है कि प्रथम दृष्टया लगता है कि वह झपकी लगने के कारण ट्रेन से गिर गया। अगर परिजन धक्का देने का आरोप लगा रहे हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## वेबिनार में शिक्षा नीति पर चर्चा

**कानपुर।** सीएसए में सोमवार को एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की गई। कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर छात्र छात्राओं का ध्यान केंद्रित किया। इससे होने वाले फायदों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि छात्र छात्राएं इसके सहयोग से सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर सकते है। डॉ. मुनीष गंगवार ने शिक्षा नीति के बारे में जागरूक किया। डीन कॉलेज आफ इंजीनियरिंग इटावा डॉ. एनके शर्मा ने शिक्षा नीति पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। डॉ. सीमा सोनकर डॉ. आरके यादव, निदेशक शोध डॉ. पीके सिंह, डॉ. अनुराग सिंह, बीएससी ,एमएससी एवं पीएचडी के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

## 30 लाख रंगदारी दो वरना प्लॉट नहीं लेने देंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पिपौरी में दबंगों ने प्लॉट पर कब्जा किया

**अमृत विचार।** पिपौरी में दबंगों ने युवक के प्लॉट पर कब्जा कर लिया। आरोप है कि प्लॉट पर जाने पर आरोपियों ने गाली गलौज कर 30 लाख रुपये की मांग की। बताया कि पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई जिसके बाद गुजैनी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

विजय नगर निवासी सुखवीर सिंह चंदेल ने बताया कि उन्होंने पिपौरी गांव में रवि प्रकाश श्रीवास्तव से प्लॉट खरीदा था जिस पर पिपौरी निवासी पवन दिवाकर व उसके भाई ने साथियों के साथ कब्जा कर लिया था। रवि प्रकाश श्रीवास्तव ने बर्रा थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। सुखवीर ने बताया कि इसके बाद भी दंबगों ने प्लॉट पर कब्जा नहीं छोड़ा। प्लॉट पर जाने पर आरोपी 30 लाख रुपये की मांग करते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का आरोप है कि पुलिस से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी से मामले की शिकायत की। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर ने गुजैनी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## महिला का शव फंदे पर लटका मिला, हत्या का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ससुरालवालों पर लगाया प्रताड़ना का आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना की जांच की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिजनों का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति समेत ससुरालीजन प्रताड़ित करते थे।

घाटमपुर के हरचंद्रपुर गांव पतारा निवासी रामपाल यादव ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उन्होंने अपनी बहन 27 वर्षीय ममता यादव की शादी चकेरी के गिरजा नगर में रहने वाले प्लंबर ठेकेदार अश्वनी यादव उर्फ गोलू से की थी। शादी के बाद दो बेटियां हैं। रामपाल ने आरोप लगाया कि बहनोई नशे का लती था। वह अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अक्सर ममता के साथ मारपीट करता था। रविवार रात को बहनोई ने बहन की हत्या कर उसके शव को फंदे से लटका दिया। घटना के बाद आरोपी बहनोई और उसके परिवारीजन मौके से फरार हो गए। डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह, एसीपी चकेरी प्रांजल और चकेरी पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


सीएसजेएमयू में बच्चों का स्वर्णप्राशन समारोह हुआ। अमृत विचार

## 110 बच्चों को कराया स्वर्णप्राशन

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस, राजकीय बाल गृह और आरोग्य क्लीनिक लाल बंगले के तत्वावधान में 110 बच्चों का निशुल्क स्वर्णप्राशन हुआ। उद्घाटन दीप प्रज्वलन व धन्वन्तरि की पूजन, आरती के साथ हुआ। आयुर्वेदाचार्य डा. वंदना पाठक ने बताया कि स्वर्णप्राशन बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। इसकी औषधि को स्वर्ण भस्म, वच, गिलोय, ब्राह्मी, गौघृत, मधु आदि द्रव्यों के मिश्रण से बनाया जाता है। यह बच्चों को विकसित करने में विशेष रूप से सहायक है। यह भारतीय संस्कृति के 16 संस्कारों में से एक है। इस अवसर पर डॉ. निरंकार गोयल, हरीश चन्द्र शर्मा, मोहित और उषा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सिर पर रॉड मारकर किया घायल

**कानपुर।** शास्त्री नगर के रहने वाले रमेश राजपूत ने पुलिस को बताया कि रविवार दोपहर मौसा को लेकर घर जा रहे थे। तभी रास्ते में विशाल, अंकित, राजा ने कुछ अज्ञात लोगों के साथ हमला बोल दिया। बीच-बचाव किया तो आरोपियों ने सिर पर लोहे की रॉड मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर पहुंची फजलगंज पुलिस ने इलाज के लिए भेजकर मेडिकल कराया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ विश्वकर्मा ने बताया पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।


## रद्दी बिक्री हेतु निविदा सूचना

**अमृत विचार प्रेस, इण्डस्ट्रीयल प्लॉट नं. 42, निकट बद्रीनगर इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ- 226008 (उ.प्र.)** से रद्दी अखबार, मलाड एवं रद्दी कागज (स्वीपिंग) तथा रीलएंड (रीलकोर तथा बचा हुआ कागज) और अन्य स्क्रैप बिक्री हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। टेंडर के साथ अधोलिखित विवरण के अनुसार ऊपर दिये गये स्थान पर भेजें।

**निविदा की शर्ते निम्न हैं**

1. सभी रद्दी/स्क्रैप के मूल्य पर जीएसटी जो केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा लागू होगा अतिरिक्त देना होगा।
2. निविदा साफ-साफ हस्तलिखित या टाइप किया होना चाहिए।
3. रद्दी/स्क्रैप उठाने से पूर्व भुगतान नगद या ड्रॉफ्ट से करना होगा।
4. किसी भी तरह के विवाद का निपटारा लखनऊ स्थित न्यायाधिकरण के अंतर्गत होगा।
5. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार कम्पनी का होगा।
6. निविदा को सील बंद लिफाफे में 25.02.2024 तक कार्यालय भेजें।
7. जब टेंडर खुलेगा तब आपको सूचित करने के बाद आपको 20000 रू. जमा करने होंगे। नहीं तो आपका टेंडर निरस्त करने का अधिकार कंपनी का होगा।

**स्क्रैप का विवरण निम्न प्रकार है।**

1. अखबार रद्दी
2. मलाड एण्ड रद्दी कागज (स्वीपिंग)
3. डी.एन.पी. (धब्बा)
4. रीलएंड (रील कोर तथा बचा हुआ कागज)
5. स्क्रैप एल्यूमीनियम प्लेट
6. प्लास्टिक बाल्टी 25 किग्रा.
7. खाली कैन 20 लीटर।
8. प्लास्टिक रील गुटका एवं प्लास्टिक कचरा (पन्नी)
9. ड्रम आयरन 200 ली.
10. ड्रम प्लास्टिक 200 ली.


रणजी ट्राफी | यूपी ग्रुप बी की अंक तालिका में चार मैचों में कुल 11 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर पहुंचा

# नितीश राणा के शतक से यूपी ने मुंबई को हराया

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


रणजी ट्रॉफी में मुंबई को उसी के घरेलू मैदान में हराने के बाद जीत का जश्न मनाते यूपी के खिलाड़ी, टीम के साथ सेल्फी लेते कप्तान नितीश राणा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वानखेड़े स्टेडियम मुंबई में खेले गए रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी के मैच में यूपी ने मुंबई को उसके घरेलू मैदान में शिकस्त दी है। यूपी के कप्तान नितीश राणा की शानदार शतकीय पारी और आर्यन जुएल, करण शर्मा की नाबाद पारी का भी विशेष योगदान रहा है जिसके दम पर यूपी ने दो विकेट से मुंबई को पराजित किया है। कप्तान नितीश राणा को मैन ऑफ द मैच दिया गया है। यूपी के प्रदर्शन के लिए उसे 6 अंक दिए गए हैं। टीम कुल 11 अंको के साथ पांचवे स्थान पर पहुंच गई है।

इस मुकाबले के चौथे दिन सोमवार को उत्तर प्रदेश की टीम को 195 रन का लक्ष्य मिला। रोमांचक मुकाबले में टीम ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 195 रन बनाकर मुकाबला दो विकेट से जीत लिया। इस तरह से उत्तर प्रदेश की टीम ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में पहली जीत दर्ज की है। इस मुकाबले में मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 198 रन का मामूली स्कोर बनाया था। इसके जवाब में उत्तर प्रदेश की टीम ने पहली पारी में 324 रन बनाकर मेजबान मुंबई के ऊपर शिकंजा कस दिया था। दूसरी पारी में मुंबई शिवम के शानदार शतक के बल पर 320 रन बनाने में कामयाब रही। इस तरह से उत्तर प्रदेश को दूसरी पारी में 195 रन का लक्ष्य मिला था। दूसरी पारी की शुरुआत में यूपी के 16 रन के स्कोर पर 2 विकेट गिर गए थे। इसके बाद आर्यन जुएल ने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 100 गेंद पर शानदार 75 रन की पारी खेली। दूसरे छोर पर पूर्व कप्तान करण शर्मा ने नाबाद 67 रन की पारी खेल कर उत्तर प्रदेश को जीत की राह दिखा दी जबकि अक्षदीप ने भी 88 गेंद पर 28 रन की जिम्मेदारी भरी पारी खेली।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियां आईं इस साल हर पेज पर बार कोडिंग

## परीक्षा में धांधली और कॉपियों के पेजों तक की अदला-बदली रोकने का इंतजाम

**सुरक्षा की रिकार्डिंग**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए कॉपियां जिले में आ गई हैं। इनमें पांच लाख 'अ' कॉपी और 1.70 लाख 'ब' कॉपी शामिल हैं। इस बार कॉपियों में सभी पेज पर बार कोडिंग की गई है। अभी तक पहले पेज पर ही बार कोड रहता था। नई व्यवस्था में कॉपी के बीच के पेजों को बदला नहीं जा सकेगा। कॉपियों को स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों को जीआईसी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व्यवस्था के बीच रखा गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी से कॉपियों की सुरक्षा की रिकॉर्डिंग की जा रही है। शिक्षाधिकारियों ने बताया कि यूपी बोर्ड ने परीक्षा में नकल, धांधली और कापियों के पेजों तक की अदला-बदली रोकने के लिए इस बार हर पेज पर बार कोडिंग की है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि कॉपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया है। शिक्षा विभाग पिछली परीक्षा की बची हुई दस हजार कॉपियां बोर्ड को पहले ही वापस भेज चुका है।

### परीक्षा केंद्रों को अपने यहां स्ट्रांग रूम में लगे कैमरे का नंबर भी भेजना पड़ेगा

**कानपुर**। परीक्षा के समय केंद्र व्यवस्थापकों को केंद्र के स्ट्रांग रूम में लगे कैमरे का नंबर भी बोर्ड को भेजना होगा। स्ट्रांग रूम के कैमरों को किसी भी सूरत में बाधित नहीं होने की जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक ही होगी। यह बात सोमवार को केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण में बताई गई। चुन्नीगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में शुरू हुए प्रशिक्षण में कई चरणों में सभी 129 केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले दिन मास्टर ट्रेनर रागिनी निगम व अर्चना सैनी ने 50 केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षित किया। बताया गया कि केंद्र के स्ट्रांग रूम में लगा कैमरा लगातार पूरी परीक्षा में चलता रहेगा।



राजकीय इंटर कालेज में शुरू हुआ केंद्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण। अमृत विचार

**कॉपियों का लेखा-जोखा**

| | |
|---|---|
| 6.70 लाख | बोर्ड ने भेजी कुल कापियां |
| 2,60,000 | हाई स्कूल की 'अ' कॉपी |
| 1,03,600 | हाईस्कूल की 'बी' कॉपी |
| 2,24,000 | इंटरमीडिएट की 'अ' कॉपी |
| 67,200 | इंटरमीडिएट की 'ब' कॉपी |



● राजकीय इंटर कालेज स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखवाई गईं कॉपियां

**93,985** परीक्षार्थी देंगे जिले में बोर्ड परीक्षा

**50,271** इस बार हाईस्कूल के हैं परीक्षार्थी

**43,714** अबकी इंटरमीडिएट की परीक्षा देंगे

**129** केंद्रों पर आयोजित की जाएगी परीक्षा

# आयकर में छूट व व्यापार को रियायत औद्योगिक क्षेत्र को रफ्तार की दरकार

कानपुर। मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल के आम चुनाव से पहले अंतिम और अंतरिम बजट से हर कोई बड़ी उम्मीदें लगाए बैठा है। शहर के उद्यमियों, व्यापारियों और कारोबारियों का कहना है कि आयकर छूट का दायरा बढ़ाया जाए, ताकि लोगों की जेब में पैसे बचें। इसका बाजार पर सकारात्मक असर पड़ेगा। इसके साथ ही व्यापार और उद्योग में टैक्स जटिलता दूर की जाए। औद्योगिक क्षेत्र में हर सेक्टर रियायत दी जाए। उत्पादक क्षमता और बुनियादी ढांचे में निवेश किया जाए, जिससे रोजगार और विकास बढ़ेगा।






आयकर में छूट का दायरा बढ़ाकर दस लाख रुपये करना चाहिए। इससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी। एमएसएमई में शामिल कारोबारियों के पेमेंट क्लीयर करने की समय सीमा को बढ़ाना चाहिए। भुगतान अवधि कम होने से रकम लाभ में गिनी जाती है। –**मुकुंद मिश्रा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल।**



बजट में कुछ ऐसी घोषणाएं किए जाने की जरूरत है, जिससे सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योगों का तेजी से पुनर्विकास संभव हो सके और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे कारोबारी को मिल सके। उद्योगों के लिए कागजी मकड़जाल खत्म होना चाहिए। –**उमंग अग्रवाल महासचिव, फीटा**



कपड़ा कारोबारियों के लिए शहर से गुजरात की सीधी ट्रेन या विमान की कनेक्टिविटी होना बहुत जरूरी है। बजट में इसके लिए घोषणी की जानी चाहिए। आम लोगों के लिए आयकर में छूट दिया जाना बहुत जरूरी है, तभी बाजार में मांग बढ़ेगी। –**पवन दुबे, मंत्री नौघड़ा कपड़ा कमेटी**



कैशलेस भुगतान अब बाजार के लिए आम बात जैसा हो गया है। लेकिन डेबिट कार्ड से भुगतान करने में एक फीसदी चार्ज कटता है। इससे कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ता है। खरीदारी को बढ़ावा देने के लिए इस चार्ज को खत्म होना चाहिए। –**पंकज अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव, कैट**



आयकर में छूट मिलना बहुत जरूरी है। इससे मध्यम वर्ग और कारोबारियों को लाभ होगा। जीएसटी की जटिलताओं को खत्म कर सरल किए जाने की जरूरत है। कारोबारी आज तक इस टैक्स को नहीं समझ पाए हैं। 16 और 18 का स्लैब हटना चाहिए। –**अतुल द्विवेदी, महामंत्री अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल**



लोहे व इस्पात कारोबार बढ़ाने के लिए वित्तमंत्री को बजट में नए प्रावधान करने चाहिए। इसके लिए आयात पर अधिक टैक्स लगाकर निर्यात को बढ़ावा देना चाहिए। लोहा व इस्पात उद्योग से जुड़े टैक्सों में भी छूट देने की जरूरत है। –**शुभम अग्रवाल, महामंत्री, लोहा व्यापार समिति**



बजट में इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए और सबसिडी देनी चाहिए। देश में एक समान वाहन नीति लाकर उसे आम लोगों तक पहुंचाना चाहिए। इससे वाहनों की पेट्रोल और डीजल पर निर्भता कम होगी। –**रजत गुप्ता, ऑटोमोबाइल उद्यमी**



बजट में ऐसे प्रावधान किए जाने चाहिए, जिससे पुराने पारंपरिक उद्योग को एक बार फिर संजीवनी मिल सके। बजट में बंद हो चुके इस्पात व लोहे सहित अन्य उद्योग के लिए भी योजनाएं लायी जाएं। इससे उद्योग जगत को अधिकतम लाभ होगा। –**जितेंद्र गुप्ता, उद्यमी**

## मुफ्त राशन में अगले माह से मिलेगा बाजरा

**कानपुर**। श्री अन्न योजना के तहत फरवरी माह से गरीबों को मुफ्त राशन योजना में गेहूं और चावल के साथ राशन की दुकानों से बाजरा भी बांटा जाएगा। इसके वितरण के लिए सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। नई वितरण व्यवस्था में अंत्योदय कार्ड धारकों को 14 किलो गेहूं के स्थान पर नौ किलो गेहूं और पांच किलो बाजरा दिया जाएगा। इसी तरह मुफ्त वितरण में प्रति यूनिट एक किलो गेहूं और एक किलो बाजरा दिया जाएगा। चावल तीन किलो ही मिलता रहेगा।

# 1300 करोड़ बढ़ी शहर के निवेशकों की पूंजी

● अंतरिम बजट से पहले शेयर बाजार ने लगाई लंबी छलांग

**कानपुर**। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले सोमवार को शेयर बाजार ने ऊंची उड़ान भरी। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही इंडेक्स हरे निशान के साथ बंद हुए। इसके चलते शहर के निवेशकों की पूंजी में एक दिन में 1300 करोड़ रुपये की बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया जा रहा है। माना जा रहा है कि निवेशकों को पिछले दिनों हुए नुकसान की भरपाई हो गई।

सोमवार को सेंसेक्स 1,241 अंकों की तेजी के साथ 71,941 और निफ्टी 385 अंक बढ़कर 21,737 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में इस बम-बम के पीछे चौतरफा खरीदारी, रिलायंस के शेयरों में सात प्रतिशत वृद्धि, बिहार में फिर से एनडीए सरकार और बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ राहत भरी घोषणाओं की उम्मीद होना रहा। इसके साथ ही वित्त मंत्रालय की आर्थिक समीक्षा में भारत के तीन वर्षों में पांच ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान भी रहा।



### पांच साल में पूंजी दो गुना से ज्यादा हो गई



कानपुर। आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह का कहना है कि शहर के निवेशक बजट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2019 में मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल से पहले भी अंतरिम बजट पेश हुआ था। इस बार भी आम चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश होगा। बीते पांच सालों में शेयर बाजार में शहर के निवेशकों की पूंजी दो गुना से ज्यादा हो चुकी है। उनके मुताबिक बजट के दिन शहर में शेयर ब्रोकर्स के यहां काफी चहल-पहल रहेगी। ब्रोकर्स और निवेशकों की निगाह टैक्स और नए बदलावों पर होगी। शेयर बाजार से जुड़े कारोबार पर अगर कोई नया टैक्स लगता है या मौजूदा टैक्स दरों में बढ़ोतरी होती है तो यह बाजार के लिए निगेटिव होगा। हालांकि अंतरिम बजट होने से ऐसी संभावना कम है।

# लगातार खड़े रहने से हो सकता वेरिकोसेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। जो लोग दिनभर खड़े रहते है, भारी काम करते हैं, बिना सपोर्टर (एडी) लगाकर दौड़, जिम या व्यायाम करते हैं। वह वेरिकोसेल बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। हैलट अस्पताल में सर्जरी विभाग की ओपीडी में एक माह में औसतन 30 से 40 मरीज वेरिकोसेल की समस्या लेकर पहुंच रहे हैं। इसमें नसों में सूजन, खड़े होने पर तेज दर्द, पीठ के बल लेटने पर दर्द, अंडकोष की थैली में गांठ व शारीरिक काम के दौरान असहनीय पीड़ा जैसी दिक्कत होती है।

हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह ने बताया कि अंडकोष की थैली में नसों का आकार बढ़ने को वैरीकोसेल कहते हैं। नसों में वॉल्व मौजूद होते हैं, जो खून को अंडकोष से दिल तक ले जाने में मदद करते हैं। लेकिन वॉल्व के खराब होने या ठीक से काम नहीं करने के कारण खून एक ही जगह इकट्ठा हो जाता है।

### संतानहीनता का कारण भी बन सकता

वैरीकोसेल स्पर्म प्रोडक्शन और उन फंक्शन को प्रभावित करता है जो इन्फर्टिलिटी का कारण होते हैं। यह संतानहीनता का कारण बन सकता है। आर्मी या पुलिस की भर्ती के लिए मेडिकल परीक्षण में प्रतिभागियों में यह समस्या अधिक देखी जाती है। इसकी वजह लगातार खड़े रहना और बिना सपोर्टर के अधिक व्यायाम और दौड़ लगाना होता है। लंबे समय तक खड़े रहने से पैरों की नसों में रक्त जमा हो जाता है, जिससे नसों में दबाव बढ़ता है। यह नसों के वाल्व को नुकसान पहुंचाता है। दाएं तरफ की नस आईवीसी और बाएं तरफ की नस गुर्दे से जुड़ी होती है। यही नस अधिक दिक्कत करती है। ऐसे मरीजों का दूरबीन विधि से ऑपरेशन किया जाता है, जो अतिरिक्त नसें होती हैं, उनको बांध दिया जाता है।

### यह होते मुख्य कारण

लंबे तक खड़े होकर काम करना। बिना सपोर्टर दौड़, जिम या अधिक व्यायाम करना। अंडकोष में ब्लड सर्कुलेशन तेज होना। वजन बढ़ना और खड़े होकर पानी पीना।

## नोटिस का जवाब न देने पर आर्थो सेंटर के पंजीकरण पर रोक

**कानपुर**। शहर में कई निजी अस्पताल, पैथोलॉजी, स्वास्थ्य सेंटरों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। सिविल लाइंस स्थित नदीम फारूकी आर्थो सेंटर भी शामिल है। शाहजहांपुर निवासी तैय्यब अली ने आर्थो सेंटर में खामियां मिलने पर पिछले कुछ दिनों में शिकायत की थी, जिसको संज्ञान में लेकर सीएमओ ने आर्थो सेंटर के संचालन के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा था, जिसके लिए संचालक को 15 दिनों का समय भी दिया गया, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। 15 दिन पूरे होने के बाद सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की, जिसमें डॉ. एसपी यादव व डॉ आरपी मिश्रा शामिल है। एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश के मुताबिक 15 दिन का समय देने के बाद भी सेंटर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इसलिए सेंटर के पंजीकरण व नवीनीकरण पर अभी रोक लगाई दी गई है।



एमओयू के दौरान लखनऊ छावनी परिषद के अधिकारी और आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिक। अमृत विचार

# जीरो कार्बन कैंपस बनाएगा आईआईटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● आईआईटी कानपुर और लखनऊ छावनी परिषद के बीच हुआ एमओयू

**अमृत विचार**। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर छावनी परिषद, लखनऊ परिसर को कचरा मुक्त और जीरो कार्बन उत्सर्जन क्षेत्र बनाएगा। इसके लिए लखनऊ छावनी परिषद के साथ सोमवार को एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। समझौते के तहत अनुसंधान, सेमिनार और पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने के साथ छावनी परिषद परिसर को स्केलेबल बनाया जाएगा। संस्थान झांसी छावनी परिषद के साथ भी ऐसी ही एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है।

आईआईटी के निदेशक प्रो. एस. गणेश ने बताया कि संस्थान पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को अपनाने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कटौती के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा विकल्प आगे बढ़ाने के साथ अनुसंधान परियोजनाओं के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए कोटक स्कूल आफ सस्टेनेबिलिटी की स्थापना संस्थान परिसर में की गई है।

एमओयू पर लखनऊ छावनी परिषद के कमांडर वर्क्स इंजीनियर कर्नल मयंक सुंदरियाल और आइआइटी के डीन, अनुसंधान और विकास प्रो. तरुण गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर संजीव कुमार, मेजर अंकित कुमार, अजितेश पांडे, प्रो. जेजी राव और आईआईटी के कोटक स्कूल आफ सस्टेनेबिलिटी से प्रो. देबोपम दास, प्रो. राजीव जिंदल और प्रो. आकाश सी राय उपस्थिति रहे।

# 20.24 लाख बच्चों को दी जाएगी कृमि नियंत्रण दवा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर एक फरवरी को जिले में चलेगा व्यापक अभियान

**अमृत विचार**। स्वास्थ्य विभाग ने जिले में एक वर्ष के बच्चों से लेकर 19 साल तक के 20.24 लाख किशोरों को पेट के कीड़े निकालने के लिए एल्बेंडाजोल दवा खिलाने के लिए चिह्नित किया है। इन्हें एक फरवरी को दवा दी जानी है।

विकास भवन सभागार में सोमवार को जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने बीएसए सुरजीत कुमार सिंह, डीआईओएस अरुण कुमार, सीएमओ डॉ.आलोक रंजन व डीपीओ के साथ बैठक में कहा कि कृमि संक्रमण से बच्चों में एनीमिया, कुपोषण, भूख न लगना, बेचैनी होना, पेट में दर्द, उल्टी-दस्त तथा वजन में कमी जैसी समस्याएं होती हैं। कृमि संक्रमण चक्र की रोकथाम के लिए बच्चों को कृमि की दवा देना जरूरी है। इसलिए एक फरवरी को जिले के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा।

### छूटे बच्चों के लिए पांच फरवरी को मॉपअप राउंड

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. सुबोध प्रकाश ने बताया कि जो बच्चे एक फरवरी को दवा खाने से छूट जाएंगे, उनके लिए पांच फरवरी को मॉपअप राउंड होगा। डीईआईसी प्रबंधक अजीत सिंह ने बताया कि खाली पेट दवा का सेवन नहीं करना है। कुछ बच्चों में दवा सेवन के बाद उल्टी, मिचली और चक्कर जैसे सामान्य लक्षण दिख सकते हैं, जिनसे घबराने की जरूरत नहीं है।

सीएमओ ने कहा कि 20.24 लाख बच्चों को पेट से कीड़े निकालने की दवा खिलाने का लक्ष्य है। एक से पांच साल के सभी पंजीकृत बच्चों के साथ छह से 19 साल के बालक-बालिकाओं को उनके स्कूल में दवा खिलाई जाएगी। अभियान में उन बच्चों को भी दवा खिलाई जाएगी जो स्कूल नहीं जाते हैं।


**सीएलआरआई की पहल** संस्थान युवाओं को नि :शुल्क देगा छह सप्ताह का प्रशिक्षण


# चमड़े की कतरन बनेगी कमाई का जरिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान (सीएलआरआई) युवाओं को अब कचरे से भी कमाई करने का तरीका सिखाएगा। यह कचरा चर्म उद्योग से जुड़ा होगा। इसमें चमड़े की छीलन, कतरन और कटिंग के जरिए प्रोफेशनल उत्पाद बनाने और उसके निर्यात करने की बारीकियां युवा सीख सकेंगे। छह सप्ताह के इस प्रशिक्षण में चेन्नई से भी विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़कर युवाओं को कारोबार की जटिलता आसान करने के उपाय सिखाएंगे।

चमड़ा उद्योग में कचरा बड़ी समस्या है। यहां से निकलने वाले कचरे से कारीगर अभी उत्पाद तो बनाते हैं लेकिन इसका इसेतमाल काफी सीमित है। केंद्रीय चर्म अनुसंधान संस्थान की ओर से टेनरियों और लेदर फैक्ट्रियों से निकलने वाले कचरे को लेकर बड़ी पहल की गई है। संस्थान अब इस कचरे से युवाओं को स्टार्ट अप शुरू करने के लिए प्रशिक्षण देगा। पांच फरवरी से शुरू होने वाला यह प्रशिक्षण निःशुल्क होगा।





● चेन्नई के विशेषज्ञ कचरा प्रबंधन पर देंगे व्याख्यान

छह सप्ताह तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में छोटे चर्म उत्पादों की मांग के अनुसार आइटम तैयार करने की विधियां सिखाई जाएगी। संस्थान का मानना है कि इससे दो तरफा लाभ हासिल हो सकेगा। एक तो बेकार हो चुके कचरे को दोबारा बड़े पैमाने पर कारोबार से जोड़ा जा सकेगा। कारोबारी कचरे से लाभ होने पर उसे सुरक्षित रखेंगे। इससे पर्यावरण को होने वाले नुकसान से भी काफी हद तक बचाव हो सकेगा। सीएलआरआई के क्षेत्रीय केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक अभिनंदन कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण में युवा कम पूंजी में अपना चमड़े के उत्पादों का कारोबार खड़ा करना सीख सकेंगे। इसके अलावा इस क्षेत्र में अपने कौशल का विकास भी कर सकेंगे।

प्रशिक्षण में चर्म उद्योग से जुड़े हर तरह के कचरे को शामिल किया गया है। युवाओं को चर्म अपशिष्टों का लक्षण व अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली को भी समझाया जाएगा। इसके अलावा डिजाइन, प्रक्रिया और मानक, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की भी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण में प्रबंधन, व्यवसाय संचार और मानवीय उद्यमिता कौशल को भी शामिल किया गया है।

संस्थान की ओर से प्रशिक्षण की शुरुआत 50 सीटों से की जाएगी। शुरुआती रुझान देखने के बाद सीटों की संख्या को बढ़ाया जा सकता है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए कई विशेषज्ञ ऑनलाइन जुड़ेंगे। यह विशेषज्ञ पूरे विश्व में चर्म से जुड़े कचरे से होने वाले कारोबार के बारे में जानकारियां देंगे। इसके अलावा किस तरह से चमड़े के कचरे को बेहतरीन और उपयोगी उत्पाद में बदला जा सकता है यह भी बताएंगे। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को नवीन प्रयोग के लिए शोध करने को भी प्रेरित किया जाएगा। युवाओं को इसके लिए कई तरह के डोमो भी दिखाए जाएंगे। इसके साथ ही कारोबार के लिए स्टार्टअप शुरू करने से जुड़ी जानकारियां भी युवाओं को दी जाएंगी।

## वृद्ध भाभी पर चाकू से किए वार, खुद को भी किया घायल

**कानपुर**। नरवल थानाक्षेत्र से एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जहां मकान बेचने पर रुपयों के लालच में वृद्धा पर देवर ने चाकुओं से ताबड़तोड़ कई वार किए। बचने के लिए आरोपी ने खुद को भी चाकू से घायल कर लिया। परिजन वृद्धा को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां से उन्हें हैलट रेफर कर दिया गया।

नरवल के खहाजगी गांव निवासी 75 वर्षीय रुकमणी दबौली की रहने वाली हैं। पति संत शरण के निधन के बाद वह मकान को 35 लाख रुपये में बेचकर अपने गांव करीब चार साल पहले आ गईं थी। परिजनों ने बताया कि रुकमणी अपने दो देवर होरीलाल और किसनलाल उनकी पत्नियों और बच्चों के साथ रहती हैं। वृद्धा ने नौ बच्चों को 2-2 लाख रुपये दे दिए थे। होरीलाल की रुपयों को देखकर नीयत खराब हो गई। सोमवार को वह अपनी वृद्धा भाभी से 10 लाख रुपये की मांग कर रहा था। उन्होंने विरोध किया तो होरीलाल ने चाकू से वृद्धा के गले पेट और शरीर पर कई वार किए।



एमओयू के दौरान सीएसजेएमयू और रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान के पदाधिकारी। अमृत विचार

# डीएमएसआरडीई से जुड़ा सीएसजेएमयू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। सीएसजेएमयू निरंतर नए शोधों के साथ छात्रों के लिए स्टार्टअप को बढ़ावा देने का काम कर रहा है। इसी क्रम में रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) के साथ समझौता किया गया है। इससे अब विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं रक्षा सामग्री और भंडारण क्षेत्र में भी अनुसंधान कर सकेंगे।

सोमवार को विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में डीएमएसआरडीई के निदेशक डॉ. मयंक द्विवेदी ने कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। कुलपति ने बताया कि इस एमओयू के तहत विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थी डिफेंस के क्षेत्र में अनुभव हासिल करने के लिए कार्यशालाओं में प्रतिभाग करके नई तकनीक का ज्ञान लेंगे और एक दूसरे के आइडिया साझा कर सकेंगें। डॉ. मयंक द्विवेदी ने कहा कि इंटर्नशिप, संयुक्त परियोजना क्षेत्र में काम से अनुसंधान और शोध में मदद मिलेगी। कुलपति ने शिक्षकों से कहा कि ऐसे अकादमिक कार्यक्रम बनाएं जिससे डीएमएसआरडीई के वैज्ञानिकों के अनुभव का छात्र लाभ ले सकें। इससे छात्रों को नवाचार और रोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम में डीएमएसआरडीई से वैज्ञानिक डॉ. किंगसुक मुखोपाध्याय और डॉ. अमित सरैया, प्रो. सुधीर अवस्थी, स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के निदेशक डॉ. आरके द्विवेदी, डॉ. वृष्टि मित्रा, डॉ. अंजू दीक्षित, डॉ. धनंजय डे, डॉ. डीके सिंह उपस्थित रहे।

# नए लुक में नजर आएगा गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन

## स्टेशन के आस-पास विशेष पौधों से बढ़ाई जाएगी हरियाली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन की इमारत का मॉडल जारी हो गया है। जारी हुए मॉडल में स्टेशन नए लुक में दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही स्टेशन के आस-पास हरियाली को भी शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह हरियाली विशेष किस्म के पौधों से की जाएगी। इन पौधों की खासियत यह है कि यह कम पानी में भी आसानी से उग सकेंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन का मॉडल मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बड़ोनी ने जारी किया। यह मॉडल उन्होंने एक्स के जरिए ट्वीट कर जारी किया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह स्टेशन लगभग 15 महीने में अपने बदले हुए स्वरूप में दिखाई देगा। गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प 15.5 करोड़ रुपये में होना है। योजना के तहत गोविंदनगर सी ब्लॉक की ओर से आने वाले यात्री सीधे पोर्टिको से होते हुए प्लेटफार्म पहुंच सकेंगे। एसीएम संतोष त्रिपाठी ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित गोविंदपुरी स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। प्लेटफार्मों पर स्टॉल के साथ ही आरामदायक कुर्सियों को लगाया जाएगा। स्टेशन पर अत्याधुनिक वेटिंग और रिटायरिंग रूम भी होंगे। सुविधाओं के लिहाज से यह स्टेशन मिनी कानपुर सेंट्रल स्टेशन के रूप में दिखेगा।


कुछ ऐसा नजर आएगा गोविंदपुरी स्टेशन।

- यात्रियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं भी बढ़ेंगी

## पंजाब पुलिस ने दो को पकड़ा, दबाव के बाद छोड़ा

**कानपुर।** पंजाब में धोखाधड़ी के आरोपियों की तलाश में सोमवार को पंजाब पुलिस दबौली व बर्रा से दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंची तो आरोपियों को छुड़ाने के लिए तमाम लोग पहुंच गए। पुलिस सात दिन की मोहलत देकर वापस लौट गई।

पंजाब के सरहंद थाना क्षेत्र निवासी स्क्रैप कारोबारी गगन बंसल शहर के कुछ लोगों के साथ व्यापार करते हैं। बताया कि व्यापारियों ने करीब 25 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली थी। आरोप है कि तीन माह पूर्व गगन बंसल व्यापारियों से पैसा मांगने शहर आए तो उन्होंने गगन को बंधक बना लिया। जिसके बाद गगन वापस लौट गए और सरहंद थाने में पांच के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश, जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। सोमवार को सरहंद पुलिस पांच सदस्यीय टीम गोविंद नगर थाने पहुंची। इसके बाद पुलिस ने बर्रा व दबौली से दो लोगों को हिरासत में लिया। सूचना पर गोविंद नगर थाने में व्यापारियों के समर्थन में लोग पहुंच गए। क्षेत्रीय विधायक ने भी व्यापारियों की पैरवी की।

# घायल गजाला, तूबा की हालत में सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अति संवेदनशील इलाके कंघी मोहाल में हुआ था विस्फोट

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र के कंघी मोहाल में जर्जर तिमंजिला बिल्डिंग में बारूद से हुए विस्फोट के मामले में गंभीर रूप से घायल गजाला और उसकी बेटी की हालत में पहले से सुधार हुआ है। डॉक्टर ने अभी एक बार और प्लाजमा करने के लिए कहा है। केजीएमयू में भर्ती मां-बेटी को डॉक्टर दो या तीन दिन में छुट्टी दे सकते हैं। वहीं इस धमाके में घायल आमिर की शनिवार देर रात मौत हो चुकी है। पुलिस दोनों के ठीक होने का इंतजार कर रही है। इसके बाद पुलिस बयान लेगी। उनके महत्वपूर्ण बयान के बाद ही आगे तेजी से कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को कंघी मोहाल में हुए बारूद के विस्फोट के बाद छह दिन बाद भी जर्जर बिल्डिंग में मलबा फैला पड़ा था। फोरेंसिक टीम की जांच में धमाका पोटेशियम नाइट्रेट का निकला था। इस रसायन का इस्तेमाल माचिस बनाने, यूरिया बनाने और पटाखे बनाने में किया जाता है यानी ये हल्का विस्फोटक है। पुलिस के अधिकारियों ने मलबे के नीचे हथगोले तक होने का अंदेशा जताया है। टीपू के जर्जर मकान के निचले हिस्से में टीपू के बेटे नसीम का चप्पल का कारखाना है। इसी बिल्डिंग में आमिर, गफूर उर्फ राजू, इलियास, इरशाद और बरकत अली का परिवार रहता था। टीपू के निधन के बाद नसीम ने इस मकान का बिल्डर एग्रीमेंट कर दिया था। जिसके बाद नया मकान मालिक लोगों पर मकान खाली करने का दबाव बना रहा था। दोपहर दो बजे करीब आमिर तीसरे तल पर मौजूद था। वहीं दूसरे तल पर इरशाद की पत्नी गजाला अपने बेटी तूबा के साथ बैठी थी। इसी दौरान अचानक तेज बारूद का विस्फोट हो गया। इसके बाद धूल का गुबार, मलबा और चीख पुकार में तब्दील हो गया था। तीसरे खंड का मलबा और दीवार उड़कर नीचे गली में गिर गया था। बिल्डिंग झुक गई मलबे में दबकर लोगों की चीख पुकार मच गई थी। लोग तेज धमका सुनकर सन्न रह गए थे। तेज विस्फोट की आवाज सुन लोग इधर उधर भागने लगे थे। इसके बाद कुछ युवक इकट्ठा हुए लोगों ने पुलिस और किसी मदद का इंतजार किए बिना जर्जर मकान के ऊपरी हिस्से में पहुंचकर मलबा हटाना शुरू कर दिया था। मलबे से 21 वर्ष के आमिर, 32 वर्ष की गजाला और साढ़े छह साल की तूबा को निकालकर हैलट अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां दूसरे दिन तीनों को उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। यहां तीनों की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने तीनों को केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया था। जहां शनिवार देर रात दो बजे आमिर की मौत हो गई। वहीं अब मां गजाला और बेटी तूबा की हालत में सुधार होना शुरू हो गया है। बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि उनके लिए अहम आमिर था। वहीं गजाला और तूबा की हालत में सुधार हुआ है।

### ठीक होने पर लिए जाएंगे बयान

- आखिर ये गन पाउडर कहां से आया ?
- इसे किस मकसद से लाया गया था ?
- मंगलवार दोपहर आमिर वहां गन पाउडर से क्या कर रहा था ?
- आमिर का असली कारोबार चप्पल का था तो वह गन पाउडर के साथ क्या कर रहा था ?
- बच्ची और महिला भी गनपाउडर के पास क्यों थी ?

## सजा काट रहे चार बंदियों से जुर्माना जमाकर कराया, रिहा

**कानपुर।** जिला कारागार कानपुर में अपनी मूल सजा पूरी करने के बाद जुर्माने की सजा काट रहे चार सिद्धदोष बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति उप्र० के संयुक्त तत्वावधान में जुर्माना जमा कराकर रिहा कराया गया।

जेल अधीक्षक डॉ बी डी पांडेय ने बताया कि चार ऐसे सिद्धदोष बंदी जिन पर अन्य कोई केस लंबित नहीं था और ये सभी अपनी मूल सजा पूरी कर चुके थे तथा केवल अर्थदंड के चक्कर में सजा काट रहे थे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट) सचिव शुभी गुप्ता की अध्यक्षता में स्वयंसेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति ने चार सिद्धदोष बंदियों को उनका जुर्माना कोषागार में जमा कराकर उन्हें कारागार से रिहा कराया गया। बंदियों में गनेश निवासी पुरवा कुड़री जनपद औरैया, मो मुमताज निवासी बगाही को 03 वर्ष 06 माह का कारावास व छह हजार का अर्थदंड, सुरेश उर्फ मोनू निवासी पर्वतपुर बाघपुर थाना-शिवली और घनश्याम निवासी अम्बेडकरपुरम रहे।

# फरवरी में चलेगा केस्को का मेंटिनेस महीना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में बिगड़ी व्यवस्था को सुधारने के लिए केस्को फरवरी को मेंटिनस माह रूप में मनाएगा। ताकि फरवरी माह में दुरुस्तीकरण के कार्य पूरे होने के बाद शहरवासियों को अप्रैल, मई, जून, जुलाई व सितंबर की भीषण गर्मी का सामना न करना पड़े। इस संबंध में सोमवार को केस्को के अधिकारियों ने अपने अभियंताओं व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

वर्ष 2023 की तरह शहरवासियों को दिन-रात बिजली का सितम न झेलना पड़े, इसके लिए केस्को के अधिकारियों ने अभी से तैयारी करनी शुरू कर दी है। क्योंकि वर्ष 2023 में एक दिन में करीब सौ-सौ फॉल्ट हुए हैं और सौ से डेढ़ सौ के करीब लोगों ने प्रतिदिन शिकायतें की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, सांसद व विधायकों के सामने बिजली का रोना रोना पड़ गया था। तब भी बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बहाल नहीं हो सकी थी। इसलिए केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने सर्दी के मौसम में ही गर्मी की तैयारी करनी शुरू कर दी है। ताकि गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को बिजली के संबंध में दिक्कत न हो सके। इसके लिए सोमवार को सीएसए के कैलाश भवन सभागार में केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन, चीफ सुनील गुप्ता व निदेशक राकेश वाश्णेय ने केस्को के अधिशाषी अभियंता (वितरण/टेस्ट), समस्त सहायक अभियंता, अवर अभियंता व टीजी-2 स्तर तक के कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया। केस्को के अधिकारियों ने लाइन, परिवर्तक, उपकेंद्र आदि का किस प्रकार मेंटिनेंस किया जाए इसकी अहम जानकारी साझा की। बताया कि गर्मी में बिजली का संकट अधिक न हो सके, इसके लिए केस्को ने शासन से 40 करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा था, जिसे शासन ने मंजूर करते हुए रुपये दे दिए है। इन रुपये की मदद से जर्जर बिजली की लाइनें और पोल बदले जाएंगे। साथ ही ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और सुरक्षा आदि के कार्य भी किए जाएंगे। इसके अलावा चल रहे कुछ अन्य प्रोजेक्ट के तहत मरम्मत व दुरुस्तीकरण के कार्य किए जाएंगे। एमडी के मुताबिक फरवरी माह को केस्को मेंटिनेस माह के रूप में मनाएगा, इस संबंध में संबंधित अधिकारी व अभियंताओं को निर्देश दिए गए है।


प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद केस्को अधिकारी, अभियंता व कर्मचारी। अमृत विचार

- सीएसए के कैलाश भवन में केस्को अभियंताओं को दिया प्रशिक्षण

# दिल्ली मिली भागे छात्रों की लोकेशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- चंद्रिका देवी मंदिर के पास छात्रों ने साइकिल बेची

**अमृत विचार।** वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में पढ़ने वाले हाईस्कूल के दो छात्रों ने रायपुरवा में एक साइकिल विक्रेता को नौ सौ रुपये में अपनी साइकिल बेची थी। व्यापारी ने साइकिल बेचने का कारण पूछा तो छात्रों ने बताया कि वह अयोध्या से पढ़ने के लिए शहर आए थे। पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस जा रहे हैं। छात्रों की फुटेज नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी मिली है। पुलिस की दो टीमें दिल्ली के लिए रवाना हो गई हैं।

इटावा निवासी शिवनाथ यादव गोविंद नगर सी ब्लॉक में पत्नी निर्मला, बेटे दीपांकर (15) व बेटी के साथ रहते है। बेटा गोविंद नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप स्कूल में हाईस्कूल का छात्र है। बुधवार को वह स्कूल वायवा देने गया था, लेकिन वापस नहीं आया। दीपांकर के साथ उसका सहपाठी गुजैनी नई बस्ती निवासी साहिल भी लापता है। पुलिस ने दोनों छात्रों के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। बीते शनिवार को दीपांकर की बहन निकिता के मोबाइल पर दो लाख रुपये फिरौती देने का मैसेज आया तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने रावतपुर के पास सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो दोनों छात्र साइकिल पर सवार होकर जाते दिखे, इसके बाद गोल चौराहे व सेंट्रल में भी फुटेज दिखी। पुलिस टीम ने पता किया तो जानकारी चंद्रिका देवी स्कूल के पास एक साइकिल विक्रेता राजेश गुप्ता को छात्रों ने अपनी साइकिल नौ सौ रुपये में बेंची। राजेश ने बताया कि उन्होंने साइकिल बेचने का कारण पूछा तो दोनों ने बताया कि वह अयोध्या से पढ़ने शहर आए थे, पढ़ाई पूरी हो गई, इसलिए अब अयोध्या जा रहे। इस पर राजेश ने साइकिल खरीद ली।

## सार-संक्षेप


सकट पर्व धूमधाम से मनाया गया। अमृत विचार

### संकष्टी पर्व पर हुआ पूजन

**कानपुर।** संकष्टी गणेश चतुर्थी पर्व पर सोमवार को गोविंद नगर ब्लॉक 4 स्थित सनातन धर्म शिव मंदिर में विशेष पूजन हुआ। पूजन में भगवान गणेश जी को पंचामृत से अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया गया। कार्यक्रम में महिला संकीर्तन मंडल की ओर से हुए भजनों से माहौल में भव्यता आ गई। भजनों में 'जय गौरी नंद गणेश तेरी वंदना' सुन भक्त निहाल हो गए। समारोह में मंदिर को लेजर लाइट व विदेशी फूलों से सजाया गया था। लाइट के जरिए मंदिर में दिख रही बाल स्वारूप प्रभु गणेश की आकृति सभी को मोहित कर रही थी। इस अवसर पर मंदिर सभा प्रधान राजेश भल्ला, पं. विनोदानंद, महामंत्री अशोक गेरा, चन्द्र मोहन अरोड़ा, सीटी बाबू, आचार्य महेन्द्र शुक्ला, पं. दुर्गेश झा, सुषमा नारंग, निधि झा सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।


बाबा दीप सिंह के शबद गाए गए। अमृत विचार

### संगत सुन भक्त हुए निहाल

**कानपुर।** धन धन बाबा दीप सिंह जी महाराज के जन्म उत्सव पर सोमवार को गोविंद नगर स्थित गुरु रामदास गुरुद्वारा में महोत्सव मनाया गया। इस दौरान उत्तर प्रदेश के फाउंडेशन की ओर से गुरु ग्रंथ साहिब जी का अखंड पाठ किया गया। इसके बाद सेवा सिमरन गुरुनानक फुलवारी की प्रधान बलजीत कौर मीनू सहित अन्य भक्तों की ओर से शबद गए गए। इनमें 'मेरे प्यारे बाबा जी बाबा दीप सिंह जी झोली भर दो मेरी' सुन भक्त भक्ति में भावविभोर हो गए। ज्ञानी साहब सिंह जी ने कथा के माध्यम से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम मे मीना कालरा, अमरदीप कौर, रविंदर कौर व पिंकी ने धन-धन बाबा दीप सिंह जी का जाप सिमरन करवाया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा, जिला अध्यक्ष मिंदर सिंह रिंकू, जसवीर सिंह सोढ़ी, कुलबीर सिंह महाजन, प्रदीप भाटिया ने सभी संगत का स्वागत किया। कीर्तन के बाद भक्तों की ओर से गुरु का अटूट लंगर भी छका गया।

### मेडिकल कालेज को देह दान की

**कानपुर।** स्वरूप नगर स्थित एमराल्ड गार्डन निवासी प्रभात कुमार अग्रवाल (84) की पार्थिव देह जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को युग दधीचि देहदान संस्था ने दान कराई। उन्होंने बीते वर्ष देहदान संकल्प लिया था। पिता की देहदान की इच्छा बेटे ने पूरी की। अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 12 बजे प्रभात कुमार अग्रवाल का निधन होने पर उनके बेटे ऋषि अग्रवाल ने सूचना देकर पिता का देहदान कराने का आग्रह किया। इसपर मनोज सेंगर ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार से संपर्क कर सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त की और शव वाहन को देह लाने के लिए भेजा। इस बीच देहदान के लिए आवश्यक पत्र पूरे किए गए। यहां पर शाम चार बजे मनोज सेंगर व माधवी सेंगर ने एनाटमी विभाग की डॉ. अलका व डॉ. संदीप को पार्थिव देह ससम्मान समर्पित की। देह समर्पण के समय उनके बेटे ऋषि अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, जय तिलक व सहायक कृष्णा रहे। बताया कि इससे पहले बेटे ऋषि ने मां स्व. मृदु अग्रवाल की देह 26 अगस्त 2023 को मेडिकल कॉलेज को दान की थी। संस्था द्वारा दान कराई गई यह 269वीं देह है।


प्रभात कुमार अग्रवाल।

### मानसिक संतुलन बिगड़ने पर फांसी लगाई

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के नानकारी में किराए पर रह रहे 28 वर्षीय धर्मेंद्र शर्मा ने मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कल्याणपुर पुलिस के अनुसार जिला हरदोई के थाना अरवल राखी निवासी का रहने वाला था। वह तीन महीने से परिवार के साथ नानकारी में रह रहा था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सोमवार को हैलट से दवा लेकर आए थे। दोपहर करीब 2.30 बजे कमरे की छत के पंख में मफलर से फांसी लगा ली। पुलिस और फोरेंसिक ने जांच पड़ताल की।

# रनियां में सर्विस रोड के बीच से हटाए जाएंगे बिजली के खंभे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक में उद्यमियों की मांग पर रनिया औद्योगिक क्षेत्र में सर्विस रोड के बीच से बिजली के खंभे हटाने का फैसला लिया गया।

बैठक में उद्यमियों ने नबीपुर में अंडरपास बनाए जाने की मांग की, जिस पर एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि अंडरपास बनाए जाने की शासन से स्वीकृति मिल गई है। ई-टेंडरिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

उद्यमियों ने रनियां औद्योगिक क्षेत्र में सर्विस रोड के बीच से बिजली पोल हटाने की मांग की, जिसके संबंध में जिलाधिकारी ने एनएचएआई और बिजली विभाग को आपस में समन्वय बनाकर खंभों को हटाए जाने के निर्देश दिए।

रनियां में फायर स्टेशन बनाने के सिलसिले में जिलाधिकारी को बताया गया कि फायर स्टेशन के लिए जमीन चिह्नित हो चुकी है। शासन स्तर से अनुमति प्राप्त होते ही आगे की कार्यवाही की जाएगी। उद्यमियों ने औद्योगिक इकाइयों के प्रवेश द्वार पर अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की संयुक्त टीम बनाकर औद्योगिक क्षेत्र का अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र जैनपुर में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट, औद्योगिक क्षेत्र में जलभराव, औद्योगिक क्षेत्र में रोड लाइट, मजदूरों के लिए हॉस्पिटल आदि के सम्बन्ध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या जल्द दूर कर ली जाएगी।

इसके लिए टीम बनाकर सर्वे पूर्ण कर लिया गया है, शीघ्र ही नाले का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

जिलाधिकीरी आलोक सिंह ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक क्षेत्र से सम्बन्धित सभी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को निर्देश दिए कि औद्योगिक ईकाइयों में कार्यरत सभी मजदूरों का गोल्डन कार्ड बनवाया जाए और उनका श्रम कार्यालय में पंजीकरण भी कराया जाए, ताकि मजदूरों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। बैठक में उद्योग उपायुक्त मो. साउद, उद्यमी और विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक करते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

- जिलाधिकारी ने ली जिला उद्योग बन्धु की बैठक
- उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के दिए निर्देश

# अभ्यास के लिए बागपत से दिल्ली जाते थे सौरभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इंडिया टीम में हुआ चयन कड़ी मेहनत का नतीजा

**अमृत विचार।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में यूपी के ऑलराउंडर सौरभ कुमार को मौका दिया गया है। अभ्यास के लिए बागपत से दिल्ली जाने वाले सौरभ का इंडिया टीम में खेलने का सपना साकार हुआ है। ट्रेन में धक्के खाने वाले सौरभ को दम दिखाने का मौका मिला है।


सौरभ कुमार।

हर दिन नेट पर 7 घंटे से अधिक समय तक अभ्यास में पसीना बहाने वाले सौरभ कुमार यूपी के बागपत के रहने वाले हैं। सौरभ ने अब तक 68 फर्स्ट क्लार्स मैच खेले, जिसमें दो शतक और 12 अर्धशतकों की मदद से 2061 रन बनाए। उनकी औसत 27.11 की रही। वहीं 68 फर्स्ट क्लास मैचों में 24.41 की औसत से 290 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 22 बार एक पारी में पांच विकेट और 8 बार एक मैच में 10 विकेट लेने का कमाल किया है।

### एयरफोर्स की नौकरी छोड़ी

सौरभ कुमार का बचपन से ही टीम इंडिया में खेलने का सपना था। सचिन और द्रविड़ को वे अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने क्रिकेट के प्रति जुनून को लेकर 2015 में इंडियन एयरफोर्स की नौकरी छोड़ दी। सौरभ के बड़े भाई गौरव एयरफोर्स में कार्यरत हैं।

मीठा फल | उत्कर्ष गौरव अलंकरण प्रदान किया गया

# पीसीएस में सफल छात्रों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर स्थित उत्कर्ष अकादमी में सोमवार को चयनित प्रशासक अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ जिममें पीसीएस 2023 परीक्षा में डिप्टी एसपी के पद पर प्रशासक एकता केसवानी, सहायक श्रमायुक्त के पद पर दीपिका वर्मा और डिप्टी जेलर पद पर आदित्य यादव को उत्कर्ष गौरव अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया।

अकादमी की निदेशक डॉ. अलका प्रदीप दीक्षित ने मेधावियों को यह सम्मान दिया। वहीं राधा देवी, अजय कुमार केसरवानी, राजो देवी, संतोष कुमार एवं फतेहपाल सिंह को अभिभावक सम्मान उत्कर्ष अकादमी के अध्यक्ष अनिल दीक्षित ने दिया। इस दौरान चयनित परीक्षार्थियों ने अन्य को तैयारी कैसे करनी है उनको यह सफलता कैसे मिली इस बात की जानकारियों को भी साझा किया। डॉ. अलका दीक्षित ने बताया कि 2024 में 700 रिक्तियां आ चुकी हैं। यह समय तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के लिए सुनहरा अवसर है। डॉ. प्रदीप दीक्षित ने कहा कि पीसीएस में चयन का अर्थ खुद को लोक सेवा के लिए समर्पित कर देना है। यह प्राइवेट कम्पनी की जॉब नहीं है। इसके लिए लक्ष्य के साथ कर्म श्रेष्ठता लाता है। इस अवसर पर अंशुमान दीक्षित, संयोजन नीरज शुक्ला के साथ अन्य उपस्थित रहे।



सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। अमृत विचार

# पतारा का बंटवारा कतई स्वीकार नहीं

संवाददाता, घाटमपुर

**आंदोलन की रणनीति**

- नई तहसील में पतारा के गांव जोड़ने पर जताई आपत्ति
- विधानसभा अध्यक्ष से विरोध जताएंगे प्रधान, जिपं सदस्य

**अमृत विचारः** नई तहसील के गठन में पतारा ब्लॉक के गांवों को काट कर जोड़ने को लेकर विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। सोमवार को पतारा ब्लाक सभागर में ग्राम प्रधानों और जिला पंचायत सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें दक्षिण तहसील में शामिल किए जा रहे ब्लॉक के गांवों को लेकर चर्चा हुई। तय किया गया कि किसी भी कीमत पर पतारा ब्लाक के गांवों को काटने का विरोध किया जाएगा और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मुलाकात कर आपत्ति जताई जाएगी।

बैठक का प्रमुख मुद्दा दक्षिण तहसील बनने से लोगों को होने वाले दिक्कत रही। कहा गया कि नई तहसील के गठन में पतारा ब्लाक के गांवों को शामिल किए जाने से खासी परेशानियां होंगी। परेशानियों को देखते हुए शासन और प्रशासन के फैसले को कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा और अपनी आवाज को हर स्तर पर बुलंद किया जाएगा। कहा गया कि पतारा ब्लाक के गांव काटने से नए तहसील मुख्यालय तक पहुंचने में क्षेत्र के लोगों को दिक्कतें होंगी। विकास कार्य भी प्रभावित होंगे।


पतारा ब्लाक में ग्राम प्रधानों व जिला पंचायत सदस्यों ने बैठक की। अमृत विचार

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य एकजुट होकर शुक्रवार को कानपुर पहुंचेंगे और उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से मिलकर ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के जरिए सभी लोग दक्षिण तहसील में पतारा ब्लॉक के गांवों को जोड़ने का विरोध करेंगे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रवीण मिश्रा, ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिवकुमार यादव, दिनेश तिवारी, पप्पू सिंह गौर, राधे श्याम तिवारी, नितिन सचान, दीक्षा पटेल आदि प्रधान मौजूद रहे।

# बीमारी से परेशान युवती ने दी जान

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के मानपुर गांव में बीमारी से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। घर में किसी के नहीं होने पर उसने फांसी लगाई। जब घर वाले पहुंचे तो उसे देखकर कोहराम मच गया।


कृष्णा कमल।

सोमवार दोपहर पप्पू की बेटी कृष्णा कमल (22) का पेट संबंधी इलाज तीन वर्षों से चल रहा था। इलाज में कोई फायदा नहीं होने पर वह खासी परेशान थी। सोमवार की दोपहर घर में जब कोई मौजूद नहीं था, तभी अकेले में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# रनियां को हरा डेरापुर फाइनल में

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के पुरंदर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को सेमीफाइनल का मुकाबला हुआ, जिसमें डेरापुर टीम ने रनियां टीम को सात विकेट से हराकर फाइनल में जगह सुरक्षित कर ली। विजेता टीम के खिलाड़ी जीशान को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

डेरापुर टीम के कप्तान खलील ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम ने बेहतर शुरुआत की। शब्बू खान, छोटा, पुली, शेर खान, जीशान, सद्दाम, राहुल सोलंकी, ऋषभ राजपूत, बंटी खान और कप्तान खलील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 128 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी रनिया टीम के खिलाड़ी 102 रन बनाकर आल आउट हो गए। विजेता डेरापुर टीम के खिलाड़ी जीशान को ग्राम प्रधान बीके तिवारी ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। यहां राघवेंद्र सिंह भदौरिया उर्फ रिंकू, पंकज तिवारी, साहब सिंह त्यागी, अवधेश संखवार आदि ने प्रोत्साहित किया। इस दौरान पंकज त्रिपाठी ने कहा कि खेलों से युवाओं की प्रतिभा उभरकर सामने आती है। क्रिकेट युवाओं का सबसे पसंदीदा खेल बन गया है। यहां धर्मवीर सिंह राजावत, सोनू सिंह भदौरिया, राधा किशन, भरत बाजपेई, वीके तिवारी, गौरव तिवारी, अभिषेक सिंह, मोहित सिंह परमार, दिग्विजय सिंह परमार, अजय, राजकुमार संखवार रहे।


सेमीफाइनल में सात विकेट से जीत पर चहके खिलाड़ी। अमृत विचार

# सड़क हादसाः घायल स्टांप विक्रेता की थमीं सांसें

## साढ़ रोड पर बाइक और लोडर की टक्कर में घायल हुआ था युवक, हादसे में घायल साथी अधिवक्ता का अभी चल रहा इलाज

संवाददाता, भीतरगांव

**कोहराम**

- मौत की खबर पहुंची तो घर में मच गया कोहराम
- नर्वल तहसील में स्टांप विक्रेता था कोरथा था युवक

**अमृत विचारः** साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाही लाल नहर पुल के पास देर शाम सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए स्टांप विक्रेता की सांसें थम गईं, जबकि घायल साथी अधिवक्ता का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे में मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

साढ़ थाना क्षेत्र के दरगाही लाल नहर पुल के पास पॉवर हाउस के सामने रविवार की देर शाम बाइक और लोडर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। साढ़ चौकी इंचार्ज प्रवीण झा ने घायलों को जिला अस्पताल कानपुर पहुंचाया था, जहां इलाज के दौरान कोरथा गांव के शिवकुमार उर्फ छोटे दिवाकर की मौत हो गई। बताते हैं कि शिवकुमार नर्वल तहसील में स्टांप विक्रेता था।

हादसे में स्टांप विक्रेता के साथी अधिवक्ता ज्ञानेंद्र कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिवक्ता बेहटा गंभीरपुर के रहने वाले हैं। स्टांप विक्रेता की मौत की खबर घर पहुंची तो पत्नी ममता के साथ तीनों बेटे हेमू, कृष्ण और युवराज बिलख पड़े। साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।


शिवकुमार उर्फ छोटे दिवाकर।


सरसौल में हादसे के बाद केबिन काटकर निकाला गया चालक। अमृत विचार

### खड़े ट्रक में घुसा ट्रेलर, केबिन में फंसा चालक

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के सरसौल में प्रयागराज हाईवे पर ढाबा के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर आगे खड़े ट्रक में जाकर घुस गया। हादसे में ट्रेलर का केबिन ट्रक के पीछे फंस गया, जिसके चलते ट्रेलर का ड्राइवर भी केबिन में फंस गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी और गैस कटर की मदद से केबिन काटकर ट्रेलर के चालक को बाहर निकाला और गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया। यह भीषण हादसा सोमवार की शाम करीब छह बजे हुआ। सरसौल चौकी प्रभारी पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि ट्रेलर फतेहपुर की ओर से आकर कानपुर की ओर जा रहा था। रफ्तार ज्यादा होने की वजह से ड्राइवर आगे खड़े ट्रक को नहीं देख सका, जिसकी वजह से हादसा हो गया। ट्रेलर के घायल ड्राइवर को बाहर निकाल कर इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है।


एसडीएम रश्मि लांबा ने अनेई गांव में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। अमृत विचार

### हादसे के बाद बच्चों के घर पहुंची एसडीएम

**बिल्हौर।** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के मौके पर ककवन थाना क्षेत्र के अनेई गांव में सड़क हादसे में एक बच्चे की मौत और दो बच्चों के घायल होने के बाद सोमवार को उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा पीड़ितों के घर पहुंचीं और परिजनों से मुलाकात कर हर संभव सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। एसडीएम ने हादसे का शिकार हुए बच्चे के पीड़ित परिवार को आवास दिलाने के लिए ग्राम प्रधान को आवास प्लस की योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने हादसे में घायल हुए बच्चों के इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी को एक्सरे के साथ जरूरी चिकित्सीय सुविधाओं के लिए निर्देशित किया। एसडीएम के दौरे के दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष शानू राठौर और ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# वारदातों के खुलासे में शिवराजपुर पुलिस फेल

संवाददाता, शिवराजपुर

**नाकामी**

- चार महीने के भीतर हुई वारदातों को भुला बैठी पुलिस
- पुलिस की कार्यप्रणाली से लोगों में बढ़ रही नाराजगी

**अमृत विचारः** शिवराजपुर कस्बे और आसपास के गांवों में चार महीने के भीतर हुईं कई चोरियों का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। इससे लोगों में पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठ रहे हैं और नाराजगी जता रहे हैं। पुलिस की नाकामी से चोरों के हौसले बुलंद हैं।

शिवराजपुर क्षेत्र में चोरों की गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। एक महीने पहले गौरी अभयपुर गांव के मंदिर से पीतल का घंटा चोरी होना या काकूपुर रब्बन गांव में फौजी के घर से आभूषण समेत लाखों रुपये का सामान चोरी होने के मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा तो दर्ज हुआ, लेकिन पुलिस मुकदमा लिखने के बाद भी अभी तक घटना का खुलासा नहीं कर पाई है। ऐसा लगता है कि इन मुकदमों को दर्ज कर पुलिस बिसरा बैठी है।

क्षेत्र में सक्रिय चोर आए दिन कोई न कोई वारदात कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, लेकिन सर्दी के मौसम में पुलिस भी ठंडी होकर बैठी है। दर्जनों ऐसी घटनाएं हैंस जिनका पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। काकूपुर रब्बन गांव में 18 दिसंबर 2023 को बालकृष्ण मिश्र और उनके बड़े भाई कृष्ण गोपाल मिश्रा के घरों में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी, जिसमें बालकृष्ण मिश्रा के घर से चोरों ने सोने, चांदी के जेवरात और नकदी सहित लगभग 20 लाख का माल समेटा था। उनके भाई बालकृष्ण मिश्रा के घर से लगभग चार लाख रुपये के सोने के आभूषण चुरा ले गए थे।

18 दिसंबर की रात ही गंगा रोड निवासी गोरे ठाकुर के मकान में चोरों ने घुसकर लाखों रुपये का माल पार कर दिया था, जिसमें एक चोर पकड़ा भी गया था, लेकिन पुलिस उसके जरिए कोई भी माल बरामद नहीं कर सकी। इसी तरह मंडी समिति में अनाज की चोरी हुआ था। शिवराजपुर बाजार से बंसी निवादा निवासी दीपक की बाइक चोरी हुई थी। खेरेश्वर मंदिर और शिवराजपुर बाजार से आधा दर्जन बाइक चोरी हुई थीं, जिनमें से कुछ बाइक चोरी का मुकदमा भी नहीं लिखा गया।



**पुलिस गश्त बढ़ाई जाए**

एक के बाद एक चोरी की वारदातों से इलाके के लोग खासे परेशान हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस की रात में गश्त बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन थाने की पुलिस लापरवाह बनी है।

गौरी अभयपुर गांव के पुराने बजरंग बली मंदिर से सैकड़ों की संख्या में पीतल के घंटे चोरी हुए थे। 15 सितंबर 2023 को उदयपुर निवासी सिद्धनाथ की कीमती भैंस चोरी हुई थी। 22 दिसंबर 2023 को जगदीशपुर गांव में विधायक निधि की ओर से लगाई गई सोलर लाइट पहले दिन ही चोर खंभे सहित उखाड़ ले गए थे। 11 नवंबर 2023 को कस्बे के वार्ड नंबर दो निवासी अशोक राठौड़ की पुत्री भूतेश्वर मंदिर में दर्शन करने गई थी। लौटते समय बाइक सवारों ने उसका मोबाइल लूट लिया था।

इसी तरह बिल्हन गांव निवासी छात्रा कानपुर से कोचिंग पढ़कर अपने घर लौट रही थी। इस दौरान गंगा रोड स्थित अंडरपास के नीचे बाइक सवार बदमाशों ने छात्रा का मोबाइल लूट लिया था। छात्रा ने थाने में तहरीर भी दी थी, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। छात्रा को आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। चार महीने के भीतर हुईं इन वारदातों का अभी तक खुलासा नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में रोष है और पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।


डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने सोमवार को पुलिस अफसरों के साथ बैदानी गांव में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अमृत विचार

# धीरेंद्र शास्त्री की सुरक्षा व्यवस्था देखी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** बैदानी गांव में दक्षिणमुखी बालाजी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आगमन को लेकर सोमवार को डीसीपी ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था परखी। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शांति और सहयोग बनाए रखने की अपील की।

बैदानी गांव के सावित्री नगर मोहल्ले में दक्षिण मुखी बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर यहां भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। 21 जनवरी से शुरू हुए धार्मिक आयोजन में आचार्य पं चंद्रभूषण पाठक द्वारा सुनाई जा रही है। संगीतमयी कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। कथा के अंतिम दिन 31 जनवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी, जिसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर यहां तैयारियां जोरों पर हैं।

कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी आकाश पटेल, एसीपी अभिषेक पाण्डेय, अजय त्रिवेदी के अलावा बिठूर व चौबेपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने मंच, पांडाल, बैरीकेडिंग व फायर ब्रिगेड की व्यवस्था देखने के साथ आयोजक विमल सिंह चौहान से स्वयं सेवकों की सूची और उनके बारे में जानकारी हासिल की।

# ज्ञानवापी में शिव का ही मंदिर

संवाददाता, शिवराजपुर

**प्रवीण तोगड़िया बोले**

- ऊधौनिवादा गांव पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया
- बोले, महादेव का अपमान करने वालों का कोई स्थान नहीं

**अमृत विचारः** सोमवार की दोपहर ऊधौनिवादा गांव पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ.प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि महादेव का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं है और अपमान करने वालों का हिंदुस्तान में कोई स्थान नहीं है। उन्होंने हिंदू एकता पर जोर देते हुए एकजुट होने का आह्वान किया।

ऊधौनिवादा में शिवम चौहान के आवास पर पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने वहां मौजूद संगठन कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदुओं को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सभी छोटे-बड़े हिंदू संगठन हिंदुत्व के लिए काम कर रहे हैं। हिंदुओं को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब काशी के ज्ञानवापी पर पूरा ध्यान है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी में शिव का ही मंदिर है। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि हिंदुओं के सवा रुपये के चंदे से भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। इसके लिए 1992 के एक कानून को हटाना पड़ेगा। इस मौके पर करणी सेना के प्रदेश संगठन महामंत्री शिवांश चंदेल के साथ बनाई। अगली रणनीति पर बोले, सभी संगठन मिलकर हिंदुओं को मजबूत करेंगे और इस्लामिक ताकतों को रोकने के लिए सभी प्रयास करेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत राधन से भावी उम्मीदवार नील कमल सिंह चौहान, शिवांश सिंह चंदेल, मोनू तोमर, अरविंद सिंह सेंगर, कल्लू मिश्रा, अमित यादव, नागेन्द्र सिंह, रवि प्रताप सिंह, जितेन्द्र यादव, देवेन्द्र शुक्ला, अजीत सिंह, राघवेन्द्र शर्मा, राजा मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुंचने के पहले पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।


पत्रकारों से वार्ता करते प्रवीण तोगड़िया। अमृत विचार

**बदला मौसम** — दो दिन से खिल रही धूप ने मौसम का मिजाज बदला, सांझ ढलने के बाद फिर बढ़ी सर्दी

# दिन में सूरज की तपिश ने ठिठुरन से दिलाई राहत

संवाददाता, चौबेपुर

- बादलों की आवाजाही से बारिश की संभावना
- सूर्यास्त के बाद बाजारों में रौनक हो गई गायब

**अमृत विचारः** क्षेत्र में ठंड का प्रकोप लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को भी सुबह से छाया घना कोहरा धूप निकलने के बाद कम तो हुआ, लेकिन आसमान में बादलों की आवाजाही और सांझ ढलने के बाद बर्फीली हवाओं ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह लोग आग का सहारा लेते रहे। वहीं मौसम के इस रुख से पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। ठंड से बचने के लिए बेजुबान भी दुबके से रहे।

सोमवार को तेज धूप निकलने से दिन में तो ठंड का असर कुछ कम रहा, लेकिन सूर्यास्त के बाद सर्दी ने फिर हिला कर रख दिया। सोमवार की सुबह कोहरा छाया रहा। 10 बजे के बाद कोहरा कम हुआ। धूप भी निखरी, लेकिन आसमान में बादलों की आवाजाही से दिन भर सर्दी और गर्मी का मिला-जुला असर रहा। दिन में धूप निकलने के बावजूद सांझ ढलते ही बर्फीली हवाएं चलने से लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। नौकरपेशा लोग दफ्तरों में हीटर, ब्लोवर अथवा आग का सहारा लेते दिखे।

सूर्यास्त होने के बाद दुकानदार प्रतिष्ठानों के सामने आग तापते नजर आए। सर्दी के सितम से सबसे बड़ी दिक्कत छोटे बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर है। ठंड की चपेट में आ रहे लोग खांसी, जुकाम, पेट दर्द, दस्त व उल्टी से परेशान हैं। दूसरी ओर हाड़कंपाऊ ठंड ने रोज कमाने खाने वाले दिहाड़ी मजदूरों के सामने मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सुबह से शाम तक कहीं काम न मिलने से उनकी माली हालत खराब हो गई है।


शाम को ठंड से बचने के लिए आग का सहारा लेते दुकानदार। अमृत विचार

**मौजूदा समय में खास सावधानी की जरूरत**

मौसम के मौजूदा मिजाज में खास सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉक्टरों का मानना है कि अब सर्दी धीरे-धीरे कम होगी। सर्दी के उतार-चढ़ाव के समय लापरवाही बरतना सेहत के लिए मुसीबत पैदा कर सकता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यशोवर्धन सिंह का कहना है कि इस समय सबसे बड़ा खतरा नौनिहालों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर है। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने, अलाव का सहारा लेने की बात कही है। उन्होंने कहा कि खान-पान में सावधानी बरतना और पानी गुनगुना कर पीना सेहत के लिए जरूरी है।

# मानव जीवन में शांति के लिए क्रोध पर नियंत्रण रखना जरूरीः त्रिवेदी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** जीवन में शांति पाने के लिए क्रोध पर काबू रखना बेहद जरूरी है। जिसने जीवन में समझौता करना सीख लिया, वह सुखी हो गया। दिल को बड़ा रखें, दिमाग को ठंडा रखें और जुबान को हमेशा मीठा रखें। जिसके पास इन सद्गुणों की दौलत है, दुनिया में उससे ज्यादा सुखी और बड़ा धनवान कोई नहीं है। यह बात सोमवार को सरांय छीतम की श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य पं विष्णुकांत त्रिवेदी ने कही। उन्होंने कृष्ण जन्म की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

सरांय छीतम गांव में श्री 108 कुंडीय महारुद्र यज्ञ व श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन आचार्य पं विष्णुकांत त्रिवेदी ने श्री कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि भाद्र पक्ष के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को प्रभु श्री कृष्ण का जन्म हुआ था। अपनी बहन देवकी से बेइंतहा स्नेह करने वाले राजा कंस को जैसे ही इस बात की जानकारी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र उसकी मौत का कारण बनेगा। उसने बहन देवकी और बहनोई वसुदेव को कारागार में बंद कर दिया।

उन्होंने कहा कि कृष्ण के जन्म के बाद क्रूर राजा कंस ने बारी-बारी से कई राक्षसों को गोकुल भेजा, लेकिन बाल स्वरूप कृष्ण ने सभी राक्षसों का संहार कर दिया। अंततः श्री कृष्ण ने अत्याचारी मामा कंस का वध कर नाना उग्रसेन को राजगद्दी सौंपी। इस दौरान आचार्य द्वारा सुनाए गए संगीतमय भजनों से श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा सुनने के लिए आसपास गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।


भागवत कथा की अमृत वर्षा में सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

# वैध की आड़ में हो रहा अवैध खनन

## खननकर्ता एनजीटी के नियमों की भी उड़ा रहे धज्जियां, रॉयल्टी में भी हो रहा खेल

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** बीते कई दिनों से पुरवा तहसील में हुई एक मिट्टी खदान से सोहरामऊ क्षेत्र में अवैध तरीके से मिट्टी डालने की चर्चा जोरों पर है। इसमें खनन माफिया एनजीटी के नियमों की भी खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। साथ ही रॉयल्टी में भी खेल कर अवैध तरीके से खनन परिवहन किया जा रहा है।

पुरवा तहसील के असोहा क्षेत्र स्थित नरसिंहपुर गांव में विभागीय अधिकारियों द्वारा एक मिट्टी की खदान को स्वीकृति दी गई है। उसी खदान का सहारा लेकर खनन माफिया अवैध खनन करवाकर उसका अवैध रूप से परिवहन भी किया जा रहा है। खदान स्वीकृति के समय शर्तानुसार मिट्टी लदे वाहनों में तिरपाल डालने व किसी भी हालत में रास्ता क्षतिग्रस्त न करने व लोडेड वाहनों से रास्ते में हुई धूल पर हर घंटे टैंकर से पानी का छिड़काव भी किया जाना था। जिससे आने जाने वाले रहगीरों को इससे कोई परेशानी न हो। लेकिन जिम्मेदारों से सेटिंग कर माफिया खुलेआम एनजीटी के नियमों की भी धज्जियां उड़ा रहे हैं।



बिना तिरपाल के मिट्टी लादकर जाता डंपर। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

**खनन अधिकारी प्रांजुल सिंह ने** बताया कि रॉयल्टी में पड़े समय से नहीं डंपर जितने चक्कर लगाएगा उतने बार उसे नई रॉयल्टी लेना होगा। 9 घनमीटर से अधिक माल लोड होने पर वाहन सीज किया जाएगा।

**एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह ने** कहा कि ऐसी शिकायतें मीडिया के माध्यम से लगातार मिल रही हैं। जल्द ही अभियान चलाकर मानक से अधिक भार लदे डंपरों पर जुर्माने के साथ सीज की कार्यवाही की जाएगी।

### अवैध खनन के साथ किया जा रहा रॉयल्टी में खेल

खनन माफियाओ द्वारा खनन सामग्री लदे वाहनों को प्रति चक्कर रॉयल्टी देना होता है। लेकिन दिन में एक बार 9 घनमीटर की रॉयल्टी दी जाती है। जिसमें 6 घंटे का समय होता है। माफियाओं द्वारा उसी रॉयल्टी से दिन भर परिवहन किया जा रहा है। बची रॉयल्टी से किसी दूसरी जगह अवैध खनन कर खदान की रॉयल्टी लगा देते हैं। जो पूरी तरह से अवैध है। 9 घनमीटर रॉयल्टी के अनुसार वाहन में मात्र 320 घन फिट माल का एक बार परिवहन किया जा सकता है। लेकिन माफिया 600 घन फिट का परिवहन कर रहे हैं। जिसमें 8 घन मीटर रॉयल्टी की चोरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर वाहन की क्षमता भी मय माल के 28 टन है। जबकि इसके विपरीत 35 टन तक परिवहन हो रहा है। इससे यह ओवरलोड वाहन क्षेत्र की सड़कों को जर्जर कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा इसमें कोई कार्यवाही न करने से राजस्व का भी काफी नुकसान हो रहा है।

# पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने लगाई फांसी

**आसीवन उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के गांव नूरुल्लानगर में पिता की डांट से क्षुब्ध किशोर ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। वहीं परिजनों का रो रोकर हाल बेहाल है।

नूरुल्लानगर गांव निवासी संजय सिंह का 14 वर्षीय पुत्र बादल रसूलाबाद कस्बा के एक विद्यालय में हाईस्कूल का छात्र था। ठीक से पढ़ाई न करने के कारण वह आए दिन विद्यालय नहीं जाता था। सोमवार को इसी बात पर पिता ने उसे डांट दिया था।

डांट से नाराज किशोर ने घर के कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन किसी काम से कमरे में गए तो बेटे का शव फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। पिता की सूचना पर पुलिस पहुंची। लेकिन परिजनों में पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

# बार चुनाव : तैयारियां पूरी, मतदान आज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- 63 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे 1559 मतदाता
- अध्यक्ष व महामंत्री पद पर पांच-पांच प्रत्याशी

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान होगा। इसके लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। अंतिम समय तक मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशी पूरा जोर लगाए रहे। प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव के लिए मंगलवार सुबह नौ से शाम पांच बजे तक वोटिंग होगी। मतदान के लिए तीन बूथ बनाए गए हैं।

चुनाव अधिकारी बीके बाजपेई ने बताया कि मतदान हेतु तीन बूथ बनाए गए हैं। हर बूथ के लिए वोटरों की संख्या निर्धारित कर दी गई है। इनमें 1559 अधिवक्ता मतदान करेंगे। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को गेट नंबर एक व दो से प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा इस बार बिना सीओपी नंबर वाले अधिवक्ताओं को मतदान का मौका नहीं मिलेगा। केंद्र पर मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस ले जाने पर रोक रहेगी। मतपत्र में संलग्न पेज से यदि कोई मतपत्र अलग पाए जाने व गोपनीयता का उल्लंघन करने पर वह मतपत्र अवैध घोषित किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित मतदाता पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। चुनाव को लेकर सोमवार को कचहरी में काफी गहमागहमी रही। प्रत्याशी अधिवक्ताओं के बस्तों पर जाकर अपने लिए वोट मांगते रहे। अपने पक्ष में मतदान करने लिए मतदाताओं के घरों तक भी प्रत्याशी दस्तक देते रहे हैं। वहीं मंगलवार को होने वाले मतदान के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।



चुनाव प्रचार करते प्रत्याशी। अमृत विचार

### 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशी मैदान में

बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष सहित 11 पदों के लिए 63 प्रत्याशी मैदान में हैं। अध्यक्ष, महामंत्री के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर पांच-पांच, उपाध्यक्ष व कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर चार-चार प्रत्याशियों के अलावा कोषाध्यक्ष पद पर चार, संयुक्त मंत्री पद पर नौ सहित 63 प्रत्याशी किस्मत अजमा रहे हैं।

# सूने घर व शराब दुकान में हुई चोरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मां की मौत के गम के आसूं सूखे नहीं थे कि घर में चोरी से टूटा गमों का पहाड़
- घर से जेवरात व अन्य सामान के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर भी ले गए चोर

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला पूरन नगर में बंद घर को चोरों ने निशाना बनाते हुए आलमारी का ताला तोड़कर करीब 12 लाख के जेवर व अन्य सामान के साथ लाइसेंसी रिवाल्वर भी पार कर दी। परिवार सहित गांव से लौटे गृह स्वामी ने आलमारी का ताला टूटा और सामान अस्त-व्यस्त देखा तो उसके होश उड़ गए।

सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस व डाग स्क्वाड के अलावा फील्ड यूनिट की टीम ने भी साक्ष्य एकत्र किए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं हसनगंज क्षेत्र में एक शराब दुकान में रखी नकदी व शराब का क्वार्टर पार कर दिए।



चोरी के बाद फैला सामान समेटती पीड़ित महिला। अमृत विचार

**केस 01**

**सदर कोतवाली क्षेत्र** के पूरन नगर मोहल्ला निवासी ब्रजेश कुमार सिंह मूल रूप से माखी थानाक्षेत्र के गांव जुनैदपुर के निवासी हैं। बीती 21 जनवरी को उनकी मां विद्यावती का देहांत हो गया था। तभी से वे शहर के घर में ताला बंद कर परिवार सहित गांव चले गए थे। सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह पत्नी अर्चना और बच्चों के साथ वापस लौटे और मेन गेट में लगा ताला खोलकर कमरे में पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। कमरे में रखी आलमारी खुली पड़ी थी और उसमें रखा सामान बिखरा पड़ा था। लाकर में रखे करीब 12 लाख कीमत के जेवरात सहित उनका लाइसेंसी रिवाल्वर भी गायब था। चोरी की सूचना पर सिविल लाइन चौकी और सदर कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर जांच की। इसके बाद डाग स्क्वाड व फील्ड यूनिट की टीम ने भी छानबीन की। गृह स्वामी ने बताया कि छत के लिए गए जीने में दरवाजा नहीं लगा है। दीवार या पीछे पेड़ के सहारे जीने से नीचे उतरे चोरों द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए जा रहे हैं। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच चल रही है।

**केस 02**

**औरास थानांतर्गत** बड़ादेव गांव निवासी शुभम जायसवाल हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के समदपुर में देशी शराब की दुकान में सेल्समैन है। सोमवार को कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि वह रात को रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला आया था। रविवार रात में चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर वहां रखे बिक्री के 12 हजार रुपये और शराब के क्वार्टर पार कर दिये। सुबह वह दुकान पहुंचा तो उसे इसकी जानकारी हुई। वहीं गांव से ही चोर रात में राकेश सिंह की बाइक भी घर के बाहर से उठा ले गए। पुलिस घटनाओं की जांच कर रही है।

# कोटेदार पर लगे आरोपों की जांच करने पहुंची टीम

**उन्नाव।** औरास ब्लाक के हाजीपुर गोशा गांव के राशनकार्ड धारकों ने कोटेदार पर घटतौली व अभद्रता करने के आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की थी। एडीएम द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम ने शिकायतकर्ताओं सहित अन्य ग्रामीणों के बयान दर्ज किए।

औरास ब्लाक के हाजीपुर गोशा गांव के दर्जनों कार्डधारकों ने कोटेदार मो. शाकिर के विरुद्ध एसडीएम हसनगंज को शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया था कि वह कम राशन देता है। विरोध करने पर वह उनके साथ अभद्रता करता है। आरोप है कि कोटेदार ने अपने घर के सदस्यों के अंत्योदय कार्ड भी बनवा रखे हैं । इसकी जांच के लिए एसडीएम के आदेश पर तीन सदस्यीय टीम गठित की गई। सोमवार को पूर्ति निरीक्षक अमित कुमार, सुशील पांडेय, इंस्पेक्टर रेखा सिंह फोर्स के साथ गांव पहुंची। पूर्ति निरीक्षक ने कार्डधारकों के बयान दर्ज किये और रिपोर्ट एसडीएम को सौंपने की बात कही है।

# एमडीएम में धांधली मिली तो बख्शे नहीं जाएंगे दोषी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नवागत बीईओ देवेंद्र सिंह ने नसिरापुर स्थित बीआरसी कार्यालय पहुंचकर सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इसी के साथ उन्होंने सभी प्रधान और इंचार्ज शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यालय परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता संबंधित कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान एमडीएम में धांधली मिली तो दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। इसी तरह विभागीय डाटा फीडिंग, कायाकल्प व यू-डायस संबंधी फीडिंग कार्य भी वरीयता से पूर्ण किया जाएं। ब्लाक क्षेत्र को निपुण घोषित कराने को टीम वर्क पर जोर दिया। कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण कार्य कराते अन्य सभी मानक भी पूरे होने चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं समय पर विद्यालय पहुंचकर शासन के निर्देशों के तहत अध्यापन कार्य कराएं। बैठक में एआरपी रमेश चंद्र, छत्रपाल, अमित पटेल, अखिलेश कुमार, वंदना पाल के अलावा शिक्षक सुभाष यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार, रजनीश कटियार, अखिलेश चंद्र द्विवेदी, निजाम अहमद, अरुण कुमार, अनिल सिंह, दिनेश कुमार, सुधीर यादव, संजय कुमार और शिक्षणेत्तर कर्मचारी खेमराज यादव व आशाराम आदि शामिल रहे।



बैठक में मातहतों को निर्देश देते अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बीओआई में ध्वजारोहण प्रकरण पहुंचा जेडएम के पास

**पुरवा उन्नाव।** बीते शुक्रवार गणतंत्र दिवस पर कस्बा स्थित बैंक आफ इंडिया भवन पर ध्वजारोहण न किए जाने की फोटो कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल की थी। जिसकी जानकारी एसडीएम रणवीर सिंह को भी हुई। उन्होंने वायरल फोटो का संज्ञान लेकर जांच शुरू की थी। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। जांच के दौरान पाया गया कि बैंक किराए के भवन में संचालित है। बैंक स्टाफ के बजाय भवन मालिक ने बैंक भवन पर पहले ही ध्वजारोहण कर दिया था। एसडीएम ने जांच आख्या सहित एलडीएम को इस संबंध में पत्र भेजा है। एलडीएम सुनील वर्मा ने संबंधित रिपोर्ट बैंक के जेडएम को भेजते हुए जांच की संस्तुति कराए जाने के लिए पत्र भेजा हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि वायरल वीडियो को लेकर नगर के तमाम लोगों ने प्रशासनिक व बैंक अधिकारियों से फोन पर वार्ता भी की थी।

### मादक पदार्थ बेचने वाले को 16 माह की सजा

**उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत मादक पदार्थ बेचने में पकड़े गए युवक को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी करार देते हुए 16 माह की सजा सुनाई है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के हुलासी खेड़ा गांव निवासी सुशील पुत्र किशोर चंद्र को पुरवा पुलिस ने सन-2022 में 1.100 किलो गांजा के साथ पकड़कर एनडीपीएस एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा था। 25 जून-2022 में कोर्ट में आईओ ने चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को शासकीय अधिवक्ताओं विनय प्रकाश शुक्ला व मनीष की दलीलों के आधार पर न्यायाधीश अल्पना सक्सेना ने सुशील कुमार को दोषी करार देते हुए 16 माह की सजा व 200 रुपये का जुर्माना लगाया।

### बाइक सवार पर डंडे से किया हमला

**पुरवा।** बीघापुर क्षेत्र अंतर्गत गांव ऊंचगांव सानी निवासी संत कुमार सविता सन-2022 में हुए विधानसभा चुनाव का चुनाव लड़ा था। उसने पुरवा पुलिस को दिए शिकायतीपत्र में बताया कि शनिवार शाम पासाखेड़ा-बाजीखेड़ा गांव के बीच अज्ञात लोगों ने चलती बाइक में उस पर डंडे से हमला कर दिया। घायल हालत में वह वहां से बचकर भाग आया। बताया कि उसे कुछ लोग जान से मारने की धमकी भी दे चुके हैं। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायतीपत्र मिला है। जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

### पति व जेठ पर ताला तोड़कर चोरी करने का आरोप

**बांगरमऊ उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर के मोहल्ला गणेशगंज निवासी महिला ने कोतवाली में दी तहरीर में पति, जेठ व रिश्तेदार पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस आरोप की जांच में जुटी है। गणेशगंज निवासी सुमित मिश्रा की पत्नी नीलिमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति, जेठ व ससुर परिवार सहित दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। जबकि नीलिमा अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ घर पर अकेले रहती है। पति से मनमुटाव के कारण ससुर उसका घर खर्च चलाते हैं। महिला के मुताबिक वह घर में ताला लगाकर ससुर से मिलने दिल्ली गई थी। बीती 27 जनवरी को उसके पति सुमित मिश्रा, जेठ अनिल मिश्रा व एक अन्य रिश्तेदार ने उसके घर का ताला तोड़ दिया और जेवर व नकदी ले जाने लगे। पड़ोसी से मिली सूचना पर उसने पुलिस को जानकारी दी। पीआरवी ने तीनों को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया था। एसएचओ राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी का विवाद है। चोरी जैसी कोई घटना नहीं है।

### जुआं खेलते पांच पकड़े गए

**पाटन।** बिहार थानांतर्गत सोमवार को मनिकापुर गांव में तालाब किनारे बने मकान के पीछे पुलिस ने दबिश देकर जुआं खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सोनू पुत्र कृपाशंकर सोनी, सुनील पुत्र रामचंद्र, रिंकू पुत्र पप्पू, इमरान पुत्र कमरुद्दीन व अनवर पुत्र अंसार निवासी मनिकापुर के पास जामातलाशी में 500 रुपये बरामद हुए हैं। साथ ही फड़ से ताश के पत्ते व 900 रुपये बरामद हुए। एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने बताया कि सभी पर जुआं अधिनियम की धारा में निरुद्ध कर कार्यवाही की गई है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत सेरसा गांव निवासी 15 वर्षीय पल्लवी ने गांव के बाहर आम के पेड़ में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। दरोगा धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि परिजन आत्महत्या का कारण नहीं बता सके हैं।

# सूसूमऊ मार्ग निर्माण को पीडब्ल्यूडी की हरी झंडी

संवाददाता फतेहपुर चौरासी

- जल्द शुरू हो जायेगा निर्माण कार्य

**अमृत विचार।** कस्बा से निकले छह मोहल्लों को जोड़ने वाले सूसूमऊ मार्ग निर्माण के लिए नगर पंचायत चेयरमैन के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग ने कार्य शुरू कराने को हरी झंडी दे दी है।

चेयरमैन मिथलेश जायसवाल ने बीते जून माह में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्राचार कर काली मिट्टी-शिवराजपुर मार्ग स्थित डाक बंगले से सूसूमऊ मार्ग के जीर्णशीर्ण होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि इस मार्ग से नगर पंचायत के छह वार्डों के निवासियों व क्षेत्र के आधा सैकड़ा गावों के लोगों का आना-जाना रहता है। जिसका संज्ञान लेकर विभागीय अधिकारियों ने इस मार्ग के निर्माण प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। जेई लोक निर्माण विभाग दीपांशु ने बताया कि फतेहपुर चौरासी में डाक बंगले से सूसूमऊ संपर्क मार्ग पर जल्द ही डामरीकरण का कार्य होगा।

# चयनित 69 में 17 अभ्यर्थियों को मिला आफर लेटर

संवाददाता पाटन उन्नाव

**अमृत विचार।** कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत सुमेरपुर ब्लाक मुख्यालय पर रोजगार मेला आयोजित हुआ, जिसमें शामिल बेरोजगार युवाओं में से 17 को आफर पत्र सौंपते हुए ज्वाइनिंग के लिए कंपनियों के कार्यालय बुलाया गया।

सोमवार को ब्लाक कार्यालय में आयोजित रोजगार मेला में कुल सात कंपनियों के प्रतिनिधि साक्षात्कार लेने के लिए शामिल होने पहुंच सके, जबकि साक्षात्कार में शामिल होने के लिए 126 से अधिक अभ्यर्थी पहुंचे थे।

हालांकि अलग-अलग कंपनियों की ओर से 69 युवाओं के चयन का दावा किया गया। लेकिन, कुछ कंपनियों द्वारा चयनित 17 युवाओं को ही आफर लेटर जारी हो सके। बीडीओ संध्या रानी ने आफर लेटर चयनितों को दिये। वहीं अन्य युवाओं को तय समय पर कंपनियों के अधिकारियों से संपर्क कर ज्वाइनिंग पत्र पाने की सलाह दी। इसे लेकर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत सिंह ने युवाओं को बेहतर जाब प्राप्त करने की टिप्स दीं। इस मौके पर जिला कौशल प्रबंधक आशीष प्रताप सिंह सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।




नियुक्तिपत्र के साथ चयनित अभ्यर्थी। अमृत विचार

### मेला की जानकारी से वंचित रहे बेरोजगार

युवाओं सहित ब्लाक मुख्यालय के बाशिंदों ने रोजगार मेला का क्षेत्र पंचायत कार्यालय की ओर से प्रचार-प्रसार न कराए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में अधिकांश युवाओं को रोजगार मेले की जानकारी ही नहीं हो सकी। इसीलिए अभ्यर्थियों की संख्या कम रही।

**क्रिकेट टूर्नामेंट** मानविक मिश्रा ने की घातक गेंदबाजी, 11 रन देकर लिये छह विकेट

# फाइनल में पहुंचा मुस्कान क्लब

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रजनींद्र दीक्षित अंडर-19 जिला स्तरीय क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल मैच में मुस्कान क्लब ने हेलो मोबाइल को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हेलो मोबाइल की टीम ने 30 ओवर में 29.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 140 रन बनाए। जिसमें आकाश तिवारी ने 28 व सुशील यादव ने 48 रन की पारियां खेलीं। मुस्कान क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए मानविक मिश्रा ने मात्र 11 रन देकर छह बल्लेबाजों को पवेलियन लौटाया। वहीं गेंदबाज आदित्य के हाथ तीन सफलताएं लगीं। इसके बाद बैटिंग करने उतरी मुस्कान क्लब की टीम के नवरतन ने 57 और रितेश के 41 रन के बदौलत 24वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। हेलो मोबाइल की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव राजपूत ने दो तथा सरवन व सुशील ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उप क्रीड़ा अधिकारी कल्पना कमल ने मानविक मिश्रा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच संपन्न कराने में अभिषेक श्रीवास्तव शंकर, ओम मिश्रा, सुभाष त्रिवेदी, सुनील मिश्रा व अंकुर पांडेय की अहम भूमिका रही।

डीसीए सचिव पीके मिश्र ने बताया कि मंगलवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच शिवा इन व शिवा फर्नीचर टीमों के बीच होगा।




मैन आफ द मैच पुरस्कार देतीं उप जिला क्रीड़ाधिकारी कल्पना कमल।

# यौमे पैदाइश पर बताई मौला अली की हयाते जिंदगी

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** हजरत मौला अली की यौमे पैदाइश पर नगर में मस्जिदों व खानकाहों सहित घरों में महफिलें सजाई गईं। जिससे घर-घर से मौला अली के नाम पर नजरें भेंट की जाती रहीं। उलेमा ने कहा इस्लामी कैलेंडर के 13 रजब की तारीख खास मुकाम रखती है।

गुरुवार को मोहल्ला सैय्यद वाड़ा में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी फसाहत असकरी नकवी व रशीद साहब के घर पर आयोजित महफिलों को खिताब करते हुए मौलाना इफ्तेखार हुसैन रिजवी ने हजरत मौला अली की करामातों और किरदार को बयां किया। उन्होंने कहा कि हजरत मौला अली के बताए रास्तों पर चलकर कामयाबी मिलती है। कहा कि पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद अलैह सलाम के दामाद अमीरुल मोमनीन हज़रत अली अलैह सलाम की पैदाइश विख्यात खान-ए-काबा में इस्लामी माह की 13 रजब को हुई थी।

हजरत अली ही एक मात्र शख्शियत थे, जो खान-ए-काबा में पैदा हुए। उनकी बहादुरी, जाबांजी, वफादारी, इंसाफ पसंदी, शराफत, सब्रा व कुर्बानी की ऐसी मिशाल दुनिया में कहीं नहीं देखने को मिलती है।



महफिल में खिताब करते मौलाना।

# हाथ से उखड़ने लगा पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क का डामर

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी विभाग वैसे भी अपने कारनामों को लेकर लगातार सुर्खियों में रहता है। वहीं, हाल में भगवंतनगर क्षेत्र में बेथर से सैदपुर जाने वाले ढाई किमी मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा कराया गया है। सड़क निर्माण के बाद विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा हाथ से ही सड़क उखाड़ने का वीडियो वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

भगवंतनगर क्षेत्र में बेथर से सैदपुर जाने वाली ढाई किमी की दूरी में डामरीकरण कर सड़क निर्माण का बजट पास हुआ था। कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क का डामरीकरण किया गया। इसके दूसरे ही दिन गांव के लोगों ने हुए सड़क निर्माण कार्य की पोल खोलते हुये पीडब्ल्यूडी विभाग पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। लोगों ने हाथ से सड़क आसानी से उखड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते ही सपा नेता अंकित सिंह परिहार ने वीडियो को सोशल मीडिया में पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि उन्नाव के पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनायी गयी रोड विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर में बेथर से सैदपुर मार्ग बीजेपी के जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार का प्रत्यक्ष उदाहरण है। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आया है। सड़क एक दिन पहले ही बनी थी। इसके चलते डामर गर्म था जिससे वह उखड़ रहा था। दिखवाया गया है।



हाथ से उखड़ता सड़क का डामर।




पूर्व सीएम अखिलेश यादव का ट्वीट।

### पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने एक्स पर कसा तंज

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने वायरल वीडियो को लेकर एक्स पर जमकर तंज कसा। उन्होंने लिखा कि उन्नाव में भाजपाई भ्रष्टाचार की उधड़ती परतें। इसकी जांच होगी या मिल बांटकर यह मामला भी भाजपा सरकार रफा-दफा कर देगी।

# जाम में फंसी एंबुलेंस में महिला मरीज की बिगड़ी हालत

## बच्चों के छूटे स्कूल, प्रेटिकल व प्री-बोर्ड की परीक्षाएं देने में हुए लेट, अधिकांश छात्र-छात्राएं पैदल ही स्कूल के लिये निकले

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार सुबह कानपुर कैंट की ओर भारी वाहन खराब होने से कानपुर से आने वाले वाहन नहीं निकल सके। इधर पीक ऑवर होने से शुक्लागंज की ओर से वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिस कारण कानपुर से शुक्लागंज तक भीषण जाम लग गया। इस दौरान जाम में फंसकर एक युवक बेहोश हो गया। वहीं एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गई जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। जाम के कारण स्कूली बच्चे भी लेट हो गये।

सोमवार सुबह के समय कानपुर कैंट की ओर एक भारी वाहन खराब हो गया। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। पीक ऑवर होने से कुछ ही देर में कानपुर झाड़ी बाबा पड़ाव से लेकर शुक्लागंज सब्जी मंडी तक लंबा जाम लग गया। इसी बीच सुबह नौ बजे कानपुर स्कूल जाने के लिये छात्र-छात्राओं के अलावा ड्यूटी जाने वाले लोग अपने वाहनों से निकले तो कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मीयों ने आड़े तिरछे फंसे वाहनों को सीधा कराते रहे। पुलिस कर्मी काफी देर तक जाम छुड़ाने के लिये मशक्कत करते रहे। इसके बावजूद भी जाम की स्थिति जस की तस बनी रही। जाम इतना भीषण था कि नवीन पुल के डिवाइडर पर भी दोपहिया वाहनों की कतार लग गई। इस बीच कन्हई मंदिर के पास रहने वाले एक युवक की दुर्गा मंदिर के सामने अचानक तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर गया। उसके साथी उसे निजी अस्पताल ले गये। वहीं शुक्लागंज से कानपुर एंबुलेंस से जा रही प्रतिमा नामक महिला की जाम में फंसने से हालत बिगड़ गई। यह देख राहगीरों ने किसी तरह एंबुलेंस को निकलवाया। इस दौरान दोपहर तक भीषण जाम लगा रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोग परेशान रहे।



बालूघाट मोड़ पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

- जाम में फंस कर एक युवक हुआ बेहोश, पुलिस को जाम खुलवाने में करनी पड़ी मशक्कत

### बच्चों के छूटे स्कूल

सोमवार को सुबह कानपुर स्कूल जाने के लिये निकले स्कूली छात्र फोरलेन से नवीन पुल तक भीषण जाम देख करसभी अपने घर वापस चले गये। वहीं जिन स्कूलों में प्री बोर्ड की परीक्षाएं और प्रेटिकल चल रहे थे, वह छात्र जाम का दंश झेलते रहे। अधिकांश बच्चे पैदल ही स्कूल के लिये जाते दिखाई पड़े।

### जाम के आगे पुलिस भी हुई पस्त

सुबह के समय लगने वाले भीषण जाम को छुड़ाने के लिये गंगाघाट कोतवाली के पुलिस कर्मी घंटों मशक्कत कर पस्त पड़ जाते हैं। इसके बावजूद जाम की स्थिति बनी रहती है।




जाम में फंसी एंबुलेंस। अमृत विचार



जाम में फंसकर बेहोश पड़ा युवक। अमृत विचार

# कुशाल खेड़ा के जंगलों में दिखा जंगली जानवर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कुशाल खेड़ा गांव में रविवार को मवेशी चराने के दौरान एक किशोरी ने एक जंगली जानवर देखा। जंगली जानवर देख वह सहम गई। हालांकि उसने उसका वीडियो बना लिया। गांव आकर उसने यह वीडियो ग्रामीणों को दिखाया जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया हालांकि ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

मझरा पीपरखेड़ा गैर एहतमाली गांव के मजरा कुशाल खेड़ा निवासी शिवांगी ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 3:05 बजे गांव के बाहर यूके लिप्टस के पेड़ों के पास मवेशी चरा रही थी। तभी झाड़ियों में खड़े एक जंगली जानवर पर उसकी नजर पड़ी तो उसे देख वह सहमकर छिप गई। इसके बाद उसने हिम्मत जुटाकर उसका मोबाइल से उसका वीडियो बना लिया। जिसमें एक जंगली जानवर झाड़ियों में जाता हुआ दिख रहा है। दूर से वीडियो बनने के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह कौन सा जानवर है। सोमवार को वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। जिस पर ग्रामीण जानवर को देखकर तरह-तरह की प्रतिक्रिया देते रहे। वहीं कुछ ग्रामीणों ने उसे तेंदुआ बता तो कुछ लोगों ने उसे लकड़बग्घा बताया। वीडियो स्पष्ट ने होने और दूर से बना होने के कारण चित्तीदार जानवर दिख रहा है लेकिन स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि वह कौन सा जानवर हैं। वहीं उस जंगली जानवर को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग इसकी जानकारी वन विभाग को देंगे।



लाल घेरे में दिखाई देता जंगली जानवर।

# बच्चों की सलामती के लिए दिन भर व्रत रखकर महिलाओं ने मनाया सकट पर्व

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सोमवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सकट चौथ मनाया गया। जहां महिलाएं अपने बच्चों की सलामती की कामना करते हुए पूरे दिन निर्जला उपवास करती हैं। शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद इस व्रत का पारण किया और विधिविधान से पूजा अर्चना की।

सकट पर्व को लेकर मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। पूजन सामग्री में तिल, शकरकंद, चावल, दही, चूरा व अन्य अनाज के साथ माला फूल आदि से पूजन किया। दुर्गा मंदिर के आचार्य विनोद पांडे ने बताया कि मां पार्वती एकबार स्नान करने गईं। स्नानघर के बाहर उन्होंने अपने पुत्र गणेश जी को खड़ा कर दिया और उन्हें रखवाली का आदेश देते हुए कहा कि जब तक मैं स्नान कर खुद बाहर न आऊं किसी को भीतर आने की इजाजत मत देना। गणेश जी ने उनकी बात मानी और किसी को अंदर जाने से मना कर दिया। इसी बीच भगवान शिव ने गणेश जी की गर्दन काट दी। जब माता पार्वती बाहर आईं तो देखा कि गणेश जी की गर्दन कटी हुई देख वो क्रोधित हो गई। जिसके बाद हाथी का सिर लगाकर उन्हें नया जीवन दिया। तभी से महिलाएं बच्चों की सलामती के लिए माघ माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को गणेश चतुर्थी का व्रत करने लगीं।



सकट पर्व पर पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# दबंगों ने झोपड़ी में लगाई आग

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी एक युवक की साइड पर रखी झोपड़ी में दबंगों ने आग लगा दी। जिससे झोपड़ी समेत अंदर रखा हजारों का माल जलकर खाक हो गया।

आजाद नगर निवासी रंजीत पाल ने बताया कि वह चंपापुरवा निवासी टिंकू वर्मा पिंडोखा गांव में प्लाटिंग का काम कर रहे हैं। 24 जनवरी को क्षेत्र के कुछ दबंग वहां पहुंचे थे और तोड़फोड़ करते हुये मारपीट की थी। जिस पर रंजीत ने भारत पुत्र बैजनाथ, भाई गुड्डू, सुजीत पुत्र मुन्नू व मुरलीपुर निवासी धर्मेन्द्र पुत्र राजाराम पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि रविवार रात दबंगों ने उनके प्लाट पर बनी झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे लगभग पच्चीस हजार का माल जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने आरोपियों पर कार्यवाही को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# बोरिंग को लेकर दो गांवों के बीच फंसा पेच

संवाददाता, किशनपुर फतेहपुर

- मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने किया हंगामा
- जलजीवन मिशन के तहत नलकूप की होनी है बोरिंग

**अमृत विचार।** विजयीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत गढ़ीवा मझिगवां में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी के लिए बोरिंग की जा रही थी। आधी अधूरी बोरिंग के बाद ठेकेदार मशीन लेकर जाने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को बढ़ता देख बोरिंग मैकेनिक मशीन छोड़कर भाग खड़े हुए।

जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत गढ़ीवा-मझिगवां में पानी की टंकी का निर्माण होना है। जिससे गढ़ीवा, मझिगवां, सेधरी, बिकौरा, जालंधरपुर, नेवाजपुर, गुरुवल गांव में पानी की सप्लाई होनी है। जिसके लिए जगह चिह्नित कर बोरिंग का कार्य शुरू कर दिया गया। रविवार की सुबह ठेकेदार द्वारा ग्राम पंचायत गुरुवल में बोर करने की बात कह मशीन लेकर चलने लगा। ठेकेदार के इस रवैए की बात सुन मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकठ्ठा हो गई और हंगामा शुरू कर दिया। । हंगामें को बढ़ता देख बोरिंग मैकेनिक मशीन छोड़ भाग खड़े हुए। दरअसल बोरिंग का मामला दो ग्राम पंचायतों के बीच फंस गया है। गढ़ीवा मझिगवां ग्राम पंचायत के लोगों का कहना था कि जिम्मेदारों द्वारा हमारी ग्राम पंचायत में बोरिंग के लिए जगह चिह्नित की गई है। लेकिन अब ठेकेदार दबाव में आकर बिना किसी कारण के ग्राम पंचायत गुरुवल में बोरिंग करने जा रहा है। जबकि ग्राम पंचायत गुरुवल के लोगों का कहना था कि गढ़ीवा मझिगवां में बोरिंग होने से हमारी ग्राम पंचायत बड़ी होने से पानी की सप्लाई में समस्या होगी। इसलिए पानी टंकी का निर्माण हमारे ग्राम पंचायत में होना चाहिए। इसी बात को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर बुलाने की बात करते रहे।



बोरिंग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### क्या बोले ग्राम प्रधान

ग्राम पंचायत गढ़ीवा मझिगवां के प्रधान प्रतिनिधि मनोज सिंह ने बताया कि पानी टंकी के निर्माण के लिए हमारी ग्राम पंचायत के लिए प्रस्ताव था। जगह चिह्नित कर बोरिंग भी शुरू कर दी गई। अब दबाव में आकर ठेकेदार बिना किसी कारण के बोरिंग बंद कर मशीन लेकर ग्राम पंचायत में बोरिंग करने की बात कह रहा है। वहीं ग्राम पंचायत गुरुवल के प्रधान प्रतिनिधि चंद्रमोहन निषाद ने बताया कि इसी टंकी से हमारी ग्राम पंचायत में भी पानी की सप्लाई होनी है। हमारी बड़ी ग्राम पंचायत है, जिससे पानी सप्लाई में समस्या होगी। इसलिए इस टंकी का निर्माण हमारी ग्राम पंचायत में होना चाहिए।

# कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप के तीन आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला को कुछ युवकों ने रोककर उससे गैंगरेप किया था। जिसकी जानकारी महिला ने परिजनों को दी। इसके बाद पुलिस से शिकायत की लेकिन, पुलिस ने टरका दिया था। जिस पर उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने तीन के खिलाफ गैंगरेप की रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि बीती 16 दिसंबर की शाम सात बजे वह खेत से घर जा रही थी। तभी गांव निवासी तीन युवकों ने उसे रोक लिया और तमंचा के बल पर उसे खेतों में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिये उसने गंगाघाट पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने टरका दिया। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने गांव के झब्बू, विजय व एक अज्ञात के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर रामफल प्रजापति ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जायेगी।

# घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरी

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर मोहल्ले में दिनदहाड़े घर के बाहर से ई-रिक्शा चोरों ने पार कर दिया।

ब्रह्मनगर निवासी निखिल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि सोमवार को वह ई-रिक्शा चलाने गया था। दोपहर में खाना खाने के लिये घर पहुंचा और ई-रिक्शा बाहर खड़ाकर अंदर चला गया। इस दौरान चोरों ने उसका ई-रिक्शा पार कर दिया। कुछ देर बाद जब बाहर निकला तो ई-रिक्शा वहां न देख उसके होश उड़ गये। पीड़ित ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

# मेडिकल कॉलेज में मार्च से शुरू हो जाएगी ओपीडीः साध्वी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- करोड़ों की लागत से हुए कार्यों का हुआ लोकार्पण और शिलान्यास
- केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद ने जिले में विकास कार्यों का किया बखान

**अमृत विचार।** जिले की सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग परिसर में सांसद निधि से कराए गए करोड़ों की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

सांसद निधि से निर्मित 3 करोड़ 12 हजार की लागत 25 सीसी रोड, 2 करोड़ 38 लाख 1 हजार की लागत से 17 सामुदायिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण किया। वहीं 2 करोड़ 82 लाख 62 हजार की लागत से 26 सीसी रोड व 4 करोड़ 49 लाख की लागत से 33 सामुदायिक मिलन केन्द्र का शिलान्यास भी किया गया। इसके अलावा नगर निकाय क्षेत्र में जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा निर्मित होने वाली 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार की लागत से 9 सीसी रोड का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग व टीम भावना से काम करने के कारण सारे कार्य सार्थक हुये हैं और आगे भी सभी के सहयोग से सारे के सारे कार्य होते रहेंगे।

जिले के लिये 17 सड़के प्रधानमंत्री सड़क योजना से स्वीकृति हुई हैं, जिनका शिलान्यास भी होगा। चांदपुर में बायोगैस का प्लांट लगने जा रहा है। सीवर लाइन का कार्य शुरू होने वाला है। इसके लिये 700 करोड़ रुपये मिल गये हैं। जनपद में गैस की समस्या भी हल होगी और मार्च में मेडिकल कॉलेज में ओपीडी भी शुरू हो जाएगी। वहीं विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल ने भी वक्तव्य दिया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, भाजपा पदाधिकरी ज्योति प्रवीण, मंजू, मधुराज विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, प्रदीप गर्ग, ब्लॉक प्रमुख तेलियानी समेत अन्य तमाम भाजपाई मौजूद रहे।




विकास कार्यों को लोकार्पण करतीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

**मनमानी** जिन गलियों में खोदाई हो चुकी है उन गलियों को ऐसे ही छोड़ दिया गया, जनता हो रही परेशान

# पाइप लाइन डालने को खोदी नई सड़कें

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अमृत योजना के तहत मनसुख खेड़ा में ओवरहेड टैंक बनवाया गया है। क्षेत्र में जलापूर्ति कराने के लिये जल निगम की ओर से भूमिगत वॉटर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जहां ठेकेदार द्वारा मानकों को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है। इतना ही नहीं जिन गलियों में खुदाई कराई गई है, उन गलियों को ऐसे ही छोड़ दिया गया। जिससे वहां रहने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

वार्ड नंबर 9 चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजीपुरवा में भूमिगत वॉटर लाइन डालने का काम इन दिनों जल निगम की ओर से कराया जा रहा है। जहां क्षेत्र की अधिकांश गलियों में वॉटर लाइन डालने का काम कराया गया है। ठेकेदार द्वारा सभी नई सड़कों की खुदाई करा दी गई है, इतना ही नहीं इंटरलॉकिंग हटाकर भूमिगत वॉटर लाइन डालवाई गई हैं। वॉटर लाइन डालने के दौरान मानकों को भी ताक में रखा रहा हैं। वहीं वॉटर लाइन डालने के दौरान विभाग का कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं रहता है, जिस कारण मजदूर अपने अनुसार खुदाई कर पाइप लाइन डाल रहे हैं। ऐसे में जलापूर्ति के दौरान हर समय पाइप लाइन में दिक्कतें आ सकती हैं। पाइप लाइन के लिये क्षेत्र में खुदाई की गई मिट्टी को बराबर किया है और न ही इंटरलॉकिंग बिछाई है। खुदी सड़क छोड़ दी है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं गलियों से निकलने के दौरान बाइक सवार गिरकर चुटहिल भी हो रहे हैं।



वाटर लाइन के लिये खोदी गई सड़क। अमृत विचार

### बोली जिम्मेदार

जिन गालियों में पाइप लाइन डालने काम हुआ है। उन गलियों को उसी तरह ठेकेदार से बनवाया जायेगा। यदि खुदाई के बाद समतलीकरण नहीं कराया है तो मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगी।

–कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष, नगर पालिका गंगाघाट

# सेतु निगम ने विद्युत विभाग को दी क्षतिपूर्ति

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन-मोहान मार्ग स्थित रेलवे लाईन पर बनने वाले आरओबी में बीच में आने वाले विद्युत पोल हटाने को सेतु निगम ने संबंधित विभाग को करीब 14 लाख रुपये दिये। जिससे पोल हटाने का काम शुरू हो गया है।

अजगैन-मोहान मार्ग स्थित रेलवे क्रासिंग पर आरओबी बन रहा है। जिसके सारे पिलर खड़े करने के साथ अन्य काम भी हो रहा है। आरओबी के दोनों ओर विद्युत पोल लगे होने से काम बाधित हो रहा था। एक माह पूर्व सेतु निगम ने विद्युत विभाग को 24 पोल हटाने के लिये पत्र लिखा था। इस पर विभाग ने पोल हटाने के साथ तार भी बदलने की बात कही औऱ इसका स्टीमेट करीब 14 लाख रुपये दिया था। एक माह बाद जब सेतु निगम ने 14 लाख रुपये जमा कराये तो विद्युत विभाग हरकत में आया और पोल हटवाने का काम शुरू किया।

# केबिल बॉक्स दगने से बंद रहे तीन फीडर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- वैकल्पिक व्यवस्था कर तीन घंटे बाद बहाल हो सकी बिजली
- देर शाम तक बिजली कर्मी दगे केबिल बॉक्स की मरम्मत करने में जुटे रहे

**अमृत विचार।** सोमवार दोपहर सरैयां विद्युत सब स्टेशन में लगे 10 एमवी के ट्रांसफार्मर का एचटी केबिल बॉक्स विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान धमाके के साथ दग गया। जिस पर बिजली कर्मी दौड़े। इस दौरान नगर के तीन फीडर बंद होने से दर्जनों मोहल्लों की बिजली गुल रही। शाम के समय कर्मियों ने वैकल्पिक व्यवस्था कर आपूर्ति चालू की। वहीं देर शाम तक बिजली कर्मी मरम्मत कार्य में जुटे रहे।

सरैयां स्थित विद्यात सब स्टेशन में सोमवार दोपहर करीब एक बजे अचानक 10 एमवी ट्रांसफार्मर की एचटी केबिल बॉक्स तेज आवाज के साथ दग गया। तेज आवाज सुन सब स्टेशन में मोजूद बिजली कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। आनन-फानन एसडीओ और जेई मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने निरीक्षण किया। इस दौरान 10 एमवी ट्रांसफार्मर की एचटी केबिल बॉक्स दगा मिला। जिस कारण फीडर तीन में राजमार्ग पश्चिमी क्षेत्र के थाना चौराहा से लेकर पॉवर हाउस, फीडर चार पश्चिमी क्षेत्र की बिजली गुल रही। वहीं फीडर दो में ट्रिपिंग होने से वह भी बंद रहा। बिजली कर्मी मरम्मत कार्य करने में जुटे रहे। जिसके बाद शाम करीब चार बजे वैकल्पिक व्यवस्था कर नगर की विद्युत आपूर्ति चालू की। तीन घंटे तक बिजली न आने पर लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं इलेक्ट्रानिक उपकरण शो पीस बने रहे। इसके साथ ही देर शाम तक बिजली कर्मी दगे केबिल बॉक्स की मरम्मत करने में जुटे रहे।



सब स्टेशन में मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

क्षिप्रं विजानाति चिरं श्रृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं,लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं।किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते।

## संपादकीय

# बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर

बिगड़ती भू-राजनीतिक स्थिति के बावजूद, भारत 2024 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। भारत को आगामी वित्तीय वर्ष में 7 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है। लाल सागर में हाल की घटनाओं ने वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भरता को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वैश्विक व्यापार में पहले से ही धीमी वृद्धि है। यदि सप्लाई चेन में व्यवधान जारी रहा तो यह व्यापार, परिवहन लागत, आर्थिक उत्पादन और वैश्विक मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि भारत इन उभरती चुनौतियों के प्रबंधन को लेकर आश्वस्त है। अगले तीन वर्षों में भारत के पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी)के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। अगले वित्त वर्ष का केंद्रीय बजट प्रस्तुत किए जाने से पहले वित्त मंत्रालय की सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लोकसभा में अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं। ध्यान रहे दस साल पहले भारत 1.9 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की 10वीं बड़ी अर्थव्यवस्था था। वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की जनवरी माह की समीक्षा रिपोर्ट में कहा है कि 10 साल की यह यात्रा ठोस एवं क्रमिक दोनों तरह के कई सुधारों से गुजरी है। इससे देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत के विकसित देश बनने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है। सुधारों की यात्रा जारी रहने के साथ, यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। साथ ही राज्य सरकारों की पूर्ण भागीदारी से चल रहे सुधार अधिक उद्देश्यपूर्ण और फलदायी होंगे।

वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आर्थिक मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन और भी बेहतर दिखाई देता है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान सहित प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में आने वाले वर्ष में आर्थिक विकास दर में मंदी देखी जा सकती है। उधर भारत ग्लोबल अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ने के लिए तैयार है। यह रुझान भारत को 2030 तक जापान और जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर ले जाएगा। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स जैसी तमाम एजेंसियां का अनुमान है कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, सबसे बड़ी परीक्षा यह है कि क्या भारत अगला बड़ा वैश्विक विनिर्माण केंद्र बन सकता है, जो एक बहुत बड़ा अवसर है। साथ ही एक मजबूत लॉजिस्टिक्स ढांचा विकसित करना भारत को सेवा-प्रधान अर्थव्यवस्था से विनिर्माण-प्रमुख अर्थव्यवस्था में बदलने में महत्वपूर्ण होगा।

# महात्मा गांधी और भारत की लोकचेतना




डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे। महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं।

यह ठीक है कि गांधी एक व्यक्ति थे,किंतु व्यक्ति का क्या? व्यक्ति तो करोड़ों और अरबों-खरबों ही हैं,पहले भी हुए हैं,फिर गांधी पर ही नजर क्यों टिकती है? अनुयायी हों या विरोधी सभी की चर्चा के केंद्र में गांधी क्यों रहते हैं? वास्तव में जब कोई व्यक्ति अपने को सर्वजन-चेतना से अभिभूत कर लेता है,जब व्यक्ति-चेतना अथवा अहंता-ममता की बर्फ पिघलकर जलधारा बन जाती है,तब व्यक्ति व्यक्ति नहीं रहता,वह कोटि-कोटि जन की अभिव्यक्ति बन जाता है।

वास्तव में गांधी व्यक्ति नहीं रह गए थे,वे समष्टिचेतना बन गए थे,भारत के लोकजीवन की मूल्य प्रणाली,विश्वास प्रणाली,विचार प्रणाली और अभिव्यक्ति प्रणाली का युगावतार। भारत की सामान्य जनता की निष्ठा के संबंध मे महात्मा गांधी ने एक बार यूरोप के एक पत्रकार से बात की। पत्रकार रेवरेंट माट् ने पूछा कि श्रीमान सार्वजनिक-जीवन में आपको आशा और निराशा दोनों ही होती होंगी। आपको किस बात से आश्वासन मिला और किस बात से निराशा हुई? महात्मा गांधी ने उत्तर दिया- भारत की सामान्य जनता बहुत कष्ट में जीवन व्यतीत कर लेती है,किंतु अहिंसा की वृत्ति को नहीं छोड़ती। इससे मुझे आश्वासन मिला है। महात्मा गांधी ने कहा कि निराशा की बात यह है कि शिक्षित लोगों के हृदय में दयाभाव का स्रोत सूखता जा रहा है,इससे मुझे चिंता होती है।

2 अप्रैल 1947 को दिल्ली मे एक इंटर एशियन रिलेशंस कान्फ्रेंस हुई थी जिसमें महात्मा गांधी ने जो भाषण दिया था,उसमें आपको उसी भारतीय लोकचेतना का स्वर सुनाई देगा। गांधीजी ने कहा कि आप सभी दोस्तों ने जो भारत है,उसे वाकई नहीं देखा है। यह कांफ्रेंस भी असल भारत में नहीं हो रही है। दिल्ली, बॉम्बे, मद्रास, कलकत्ता, लाहौर- बड़े शहर होने की वजह से ये सभी पश्चिम से प्रेरित हैं। उन्होंने एक कहानी सुनाई - “एक बार की बात है, फ्रांस के तीन वैज्ञानिक सत्य की खोज में निकले। तीनों एशिया के अलग-अलग हिस्सों में चले गए। इनमें से एक वैज्ञानिक ने भारत में अपनी खोज जारी रखी। वह उस वक्त के तथाकथित शहरों में गया। यह अंग्रेजों और



मुगलों के आधिपत्य से पहले की बात है। उसने यहां के कथित ऊंची जाति के लोगों, पुरुषों व महिलाओं को देखा,मगर उसे संतुष्टि नहीं मिली। अंत में थक-हार कर वह एक साधारण सी कुटिया में जा पहुंचा। वहां उसे उस सत्य के दर्शन हुए जिसकी उसे लंबे समय से तलाश थी।” गांधीजी ने कहा कि “अगर आप वाकई भारत को देखना चाहते हैं तो आपको यहां के गांवों में बसे दलितों के बेहद साधारण-से घरों में आना होगा। यहां ऐसे सात लाख गांव हैं जिनमें अड़तीस करोड़ लोग रहते हैं। इस भारत को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। मैंने भारत की एक छोर से दूसरे छोर तक यात्रा की है। मुरझाई आंखों से मैंने यहां मनुष्यता की दयनीय तस्वीर देखी है। भारत यहीं बसता है। गोबर से सनी इन मामूली झोपड़ियों में मिलते हैं, वे दलित जिनमें मिलेगा आपको खाटी ज्ञान। लोकतंत्र और निर्धनतम लोगों के जागरण के इस दौर में आप पूरी ताकत से इस संदेश को फैला सकते हैं। गांधी लोक में रमे और ऐसे रमे कि भारत के लोकमन बन गए। लोक ने गांधी में अपना ही अधिष्ठान किया और इसी अधिष्ठान के सहारे भारतीय लोकतंत्र के सपने बुने थे।”

महात्मा गांधी भारत का मूर्तिमान लोकमन हैं। भारत की मूर्तिमान मेधा हैं। सच्चाई,ईमानदारी,सादगी, समानता,भाईचारा ,लोकमंगल,विश्वशांति आदि लोकजीवन के मूल्य जैसे महात्माजी के रूप में जीवंत हो गये थे। गांधी ने भारत के लोकजीवन का प्रत्यक्ष दर्शन और अनुभव किया था। गांधी ने भारत को जानने के लिए भारत को पाने के लिए भारत की पैदल-पैदल यात्रा करते हुए लोकमन से तादात्म्य की साधना की और और लोकमानस में जगह बनाई थी। लोक को जगाया था,लोक के विश्वास को जगाया था और लोक का विश्वास जीता था। लोक ने भी उनको विश्वास दिया था। 6 जुलाई 1944 को आजाद हिन्द फौज रेडियो से सुभाष चन्द्र बोस ने एक पत्र महात्माजी के नाम प्रसारित किया था, उसमें उन्होंने महात्माजी कहकर संबोधित किया और उन्हें लोकजागरण का प्रतीक बतलाया। कहा कि भारत और भारत के बाहर रहने वाले भारतीयों की दृष्टि में आप हमारे देश के वर्तमान जागृति के जनक हैं।

गांधी लोकजीवन को इतना उद्वेलित नहीं कर पाते यदि वे स्वयं ही सामान्यजन न बन गए होते। वे तो बैरिस्टर थे,लेकिन सामान्यजन के बीच घुलमिल जाने के लिए उन्होंने सिर के बाल हटा दिए,आधी धोती पहन ली और आधे से शरीर ढक लिया। पैरों में चप्पल डाल ली। सामान्यजन की वह असामान्यता कि गोलमेज-सम्मेलन असफल हो गया,होना ही था,किंतु उस दौरान सम्राट पंचम जार्ज ने बकिंघम पैलेस में विशालभोज दिया। दो हजार मेहमान थे जिनमें राजनयिक थे,लार्ड थे तथा भारत के राजा,महाराजा और नवाब-लोग बड़े ठाठ-बाट से सजे सजाए खड़े हुए हीरे और जवाहरातों की नुमाइश कर रहे थे। उस वैभवशाली समारोह में उन सभी महिमाशाली लोगों ने देखा कि घुटनों तक धोती बांधे,सफेद दुपट्टा डाले बड़े गौरव के साथ एक सामान्य आदमी आ रहा है। सभी की नजर उस धोती-वाले पर ही जा टिकीं। थोड़ी देर में पंचम जार्ज आए,उन्होंने चारों ओर देखा और उस सामान्यजन के पास आकर खड़े हो गए। सम्राट कुछ देर तक तो उन्हें देखते रहे,फिर बोले कि आप अफ्रीका में तो हमारे मित्र थे, मैं नहीं समझ पाया कि अब आप हमारे विरुद्ध कैसे हो गए? बापू ने उन्हें देखा और मुसका दिए।

सम्राट फिर बोला मैं आपको चेतावनी देता हूं कि आपने भारत में गड़बड़ी की और मेरी सरकार के साथ सहयोग नहीं किया तो वहां मेरी सेना उपद्रवियों को उड़ा देगी। यह बात इतनी धीरे से कही गई थी कि वहां खड़ी हुई सरोजिनी नायडू ने ही सुनी। गांधी उस समय तो मुसका दिए,किंतु जब प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी समिति की बैठक हुई तो वे बोले भारत में मेरे बच्चे ब्रिटिश बमों को केवल पटाखे समझते हैं। महात्मा गांधी के लिए लोकतंत्र का क्या अर्थ था, इस बात को हम उनके जीवन की एक घटना समझ सकते हैं।

महात्मा गांधी से (पहले से ही समय लेकर) गांव के दो किसान मिलने आए थे, महात्माजी उनको कुछ समझा रहे थे कि इसी बीच वायसराय के यहां से कोई अंग्रेज-अफसर गांधीजी से मिलने आ गया। थोड़ी देर तो उसने किसानों से महात्माजी की बातें सुनी फिर बोला मुझे आपसे बात करनी है। महात्मा गांधी ने कहा ठीक है,कहिए। वह अफसर उन किसानों को वक्र-दृष्टि से देखते हुए बोला मुझे राज्य के संबंध में गोपनीय बातें करनी है। महात्मा गांधी बोले ठीक है,करिए। उसने फिर से उन किसानों की ओर देखा। महात्मा गांधी बोले-हां, वे तो उस राज्य के मालिक हैं जिसके संबंध में आप गोपनीय बात करना चाहते हैं। राज्य के मालिक से छिपकर क्या बात करनी है? राज्य के मालिक से दुराव-छिपाव क्यों?

लोकचेतना की तरह ही महात्मा गांधी सामान्यजन के बीच खींची जाने वाली किसी भी रेखा या दायरे को अस्वीकार करते थे। जीवन भर वे दायरों को तोड़ते ही रहे। बापू की हत्या हुई तब कविवर बालकृष्ण शर्मा नवीन ने एक बड़ी कविता लिखी थी,उसका सार यह था - ऐसे संत-पुरुष के मरने का दुःख नहीं है,दुःख तो मनुष्य और मनुष्यता के मर जाने का है। ऐसे रामभरोसे रहने वाले आदमी पर जिन हाथों से गोली चली। क्या वह मनुष्य था? क्या उसकी मनुष्यता मर गई थी? लोक नायक पर प्रहार का स्वाभाविक परिणाम यह हुआ कि आजादी की लड़ाई के समय हुंकार भरने वाली लोकचेतना नींद में चली गई और बाजार के रूप में व्यष्टि चेतना समष्टि चेतना पर हावी हो गई।

## व्यंग्य

# मैं आई हूं यूपी बिहार लूटने

नट उठकर खड़ा होते हुए बोला– डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआ भर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी– नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था।

एक कार्यक्रम में सौभाग्य भरे इत्तेफाक से लुप्त हो रही नौटंकी विधा का रसास्वादन हुआ। मजा आ गया। मैं आई हूं यूपी-बिहार लूटने... ये गीत गाकर नाच रही नटी से नट बोला-लग रहा है लोकसभा चुनाव 2024 के मंच पर भाजपा है तू। नटी बोली- तुझे जलन क्यों हो रही है। यूपी के अस्सी मेरे और अब तो बिहार के चालीस भी मेरे। मंडल भी मेरा कमंडल भी मेरा। श्रीराम भी मेरे, कर्पूरी ठाकुर भी मेरे। नीतीश भी मेरे। बिहार की नैया के मांझी भी मेरे,पासवान के चिराग भी मेरे। यूपी के पीले गमछे वाले राजभर भी मेरे, निषाद भी मेरे, पटेल भी... और अब देशभर के कुर्मी भी मेरे। ब्राह्मण,बनिया,ठाकुर तो पहले से ही मेरे हैं। यूपी भी मेरा,बिहार भी मेरा,राजस्थान,छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश...सब मेरा।

नट-तो फिर मेरा क्या है? नटी-जा दक्षिण में कहीं सिर छिपा ले। नट-दक्षिण भी कहां छोड़ रही है तू,वहां भी फन फैलाए बैठी हो,जहां तुम्हारा जलवा नहीं चलता वहां भी तो डोरे डाल रही हो।



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

नटी-सब हमारे आंशिक हैं, पूरा देश हमारा है। तुम्हें क्यों जलन हो रही कलमुंहे? नटी ने ये कहते हुए नट के सीने पर हाथ मारा तो नट जमीन पर गिर गया। दर्शकों में किसी ने हूटिंग की- इंडी गठबंधन है क्या,जो धड़ाम से गिर गया? दूसरा दर्शक बोला- इसे पप्पू से मिलवा दो। वो न्याय बांटता घूम रहा है और इनके अपने गठबंधन के साथी न्याय न पाकर गश खाकर गिरे पड़ रहे हैं। तीसरा दर्शक बोला-भला हो मोटे भाई का,इससे पहले कि कोई गिरने वाला हो,वो इस्ट्रएचर लिए खड़े रहते हैं। ईडी,सीबीआई के पहिए वाला इस्ट्रएचर पहले कमलछाप साबुन से नहलाकर पवित्र करता है और ऑपरेशन लोटस की अपार सफलता का सिलसिला जारी रखता है। नटी- ठीक तो है,हमारी छोटी सी शर्त है। कुंवारे रहकर एकला चलो या हमारे साथ ब्याह करो।

दर्शक- जैसा कि दिल्ली में खांसी वाले और उनके पंजाब के साथी दारूवाला,यूपी के भइया और बंगाल की दीदी बहन जी की तरह एकला चलो की राह पर चल सकते हैं। नटी-समझदार हैं ये लोग,इस मुवे की तरह (जमीन पर पड़े नट की तरह इशारा करते हुए) खड़गे... ओह आज जबान बहुत फिसल रही है। गड्ढे में नहीं गिरना चाहते हैं ये लोग। नट उठकर खड़ा होते हुए बोला- डायन कहीं कि तुझे बरसों पहले छुआभर था और तूने ऐसे बदला लिया कि धक्का मारकर मुझे खंडित कर दिया। नटी- नासपीटे याद रखना मैं सेर को सवा सेर का जवाब देती हूं। महाराष्ट्र और फिर बिहार में मेरे साथ रंगरलियां करने वालों ने मुझे धोखा देकर निकाह दूसरों से कर लिया था। हलाला करवाकर दोनों को फिर अपना बना लिया। अब इन्हें जोरू का (अपना) गुलाम बनाऊंगी। नट-शर्म करो नास पीटी,लज्जा नहीं आती। डायन भी सात घर छोड़कर डसती है,तू तो ऐसी डायन है कि अपनो को भी नहीं छोड़ती,तूने तो एमपी वाले अपनी मामा और राजस्थान वाली अपनी मामी को भी डसने में कसर नहीं छोड़ी।

नटी-जा-जा मेरा पीछा छोड़, पप्पू की न्याय यात्रा में जाकर मेरे अन्याय को उजागर कर दे। मुझे कोई चिंता नहीं। राम कसम जनता हम पर भरोसा करती है, मेरी गारंटी पर भरोसे का दौर चल रहा है। कुछ तो है न मुझमें जो तुझमें नहीं है। मेरी काबिलियत की गर्मी देखकर अब वो ठिठुर रहा है। पिछली बार जीरो डिग्री में हाफ टी-शर्ट में घूम रहा था। अब इलेक्ट्रिक हीटर में कोयले जला रहा है मूर्ख...
आडियंस हंसने लगी और पर्दा गिर गया।

# अस्वाभाविकताओं का दौर



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए।

हम अस्वाभाविकताओं के दौर में जी रहे हैं। दलित चेतना की आभा की प्रतीक रहीं मायावती किन्हीं अज्ञात कारणों से प्रतिरोध की मुख्यधारा से बाहर हैं। समर्थक हों या विरोधी,सब लगभग एक स्वर में कहते थे कि नीतीश कुमार विपक्ष के एकमात्र ऐसे बड़े चेहरे हैं जिन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों के दायरे में लाना आसान नहीं है। विश्लेषकों का एक वर्ग नीतीश को नरेंद्र मोदी के बरक्स खड़ा करने का मजबूत तर्क देता था। सपाट तरीके से सोचें तो यह तर्क प्रभावित भी करता था,क्योंकि नीतीश का ओबीसी होना,हिंदी पट्टी का प्रभावशाली नेता होना आदि भी महत्वपूर्ण कारक के रूप में गिनाए जाते थे।

बहुत सारे विश्लेषक तो ऐसी रणनीतियों पर लंबी-लंबी परिचर्चाएं करते थे कि नीतीश उत्तर प्रदेश की किसी अनुकूल लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेंगे और इंडिया गठबंधन के वोट बैंक को यूपी में ही नहीं,मध्य प्रदेश और झारखंड के भी कई इलाकों में एक नया विस्तार देंगे,लेकिन दौर चूंकि अस्वाभाविकताओं का है। हमने टीवी स्क्रीन पर देखा कि बुझे और थके चेहरे के साथ नीतीश कुमार राज्यपाल के समक्ष रिकार्ड नवीं बार नई सरकार चलाने की शपथ ले रहे थे और उनकी बगल में भाजपा के उनके नए सहयोगियों की कतार थी। लोगों ने ऐसे मंजर कम ही देखे होंगे कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो रहा हो और शपथ लेने वालों में एकाध को छोड़ किसी का चेहरा उल्लास से दमक न रहा हो। जीतनराम मांझी के सुपुत्र जी और एक निर्दलीय जी को छोड़ किस शपथ लेने वाले के चेहरे पर आंतरिक खुशी नजर आ रही थी। चाहे जातीय गणना का मुद्दा हो,आरक्षण के दायरे को बढ़ाने का मामला हो या कम समय में रिकार्ड तोड़ संख्या में सरकारी नौकरियां देने का क्रेडिट हो, अब अतीत बन चुकी महागठबंधन की सरकार अच्छी खासी चल रही थी,लेकिन सवाल उठता है कि नीतीश कुमार के ऐसे कौन से निकट सहयोगी-सलाहकार थे जिन्हें इस सरकार को गिराने और भाजपा के साथ नई सरकार बनाने की बेताबी थी। निश्चय ही कुछ सांसद होंगे जिन्हें डर होगा कि वे पिछला चुनाव लालू विरोधी मतों को पाकर जीते हैं और अगला चुनाव महागठबंधन की ओर से लड़ने में उन्हें दिक्कतें पेश आ सकती हैं। यह कोई इतनी बड़ी बात नहीं है कि इस आधार पर वे नीतीश कुमार को विवश कर दें और भाजपा के पाले में फिर से ले आएं।

फिर वे कौन हैं जिन्होंने नीतीश कुमार को विवश किया? तरह-तरह की व्याख्याएं हैं,जो लोग कर रहे हैं और अगले कुछ दिनों तक करते रहेंगे। शायद ही कभी पूरा सच सामने आ पाए,लेकिन नीतीश कुमार उदाहरण हैं कि कोई नेता अगर राजनीतिक-प्रशासनिक रूप से नौकरशाहों की खास मंडली पर जरूरत से ज्यादा निर्भर करने लगे,अगर उसके अगल-बगल जनाधार विहीन राजनेताओं की मंडली जमा हो जाए और समय एवं परिस्थितियों के अनुसार खासी प्रभावशाली भी हो जाए तो एक दिन बड़े से बड़े आभामंडल वाले नेता की भी मिट्टी पलीद होना तय है। सभी के लिए उम्र महज एक संख्या नहीं होती। सबके अपने पारिवारिक-सामाजिक आधार होते हैं, उस आधार पर बनता-बिगड़ता अपना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य होता है। आडवाणी हों, मनमोहन हों या स्वर्गीय मोरारजी,कई उदाहरण हैं। उन्हें लेकर कभी अफवाहें नहीं उड़ी कि कोई चौकड़ी उनकी उम्र जनित समस्याओं का लाभ उठा कर उनके राजनीतिक फैसलों पर हावी हो रही है,लेकिन नीतीश कुमार को लेकर ऐसी अफवाहें चल रही हैं। नीतीश बेदाग होंगे ऐसा संभव है, लेकिन वर्षों से उन्हें घेरे,अपने घटिया स्वार्थों में लिप्त नौकरशाहों और राजनीतिज्ञों की मंडली में कौन कितना बेदाग है यह कौन बता सकता है? केंद्रीय एजेंसियों की आंच अगर उनमें से कुछ तक पहुंच रही हो और उसका असर राजनीतिक ब्लैकमेलिंग के रूप में सामने आ रहा हो तो इसमें क्या आश्चर्य?

एक बात के लिए तेजस्वी यादव को नीतीश का,उनके निर्णयों पर कथित रूप से प्रभाव डालने वाले सलाहकारों का और इन तमाम घटना क्रमों का आभार मानना चाहिए कि उनके राजनीतिक व्यक्तित्व को इन सबने एक नई चमक दी है। उन्होंने छला नहीं है,बल्कि वे छले गए के रूप में जनता के सामने जा सकते हैं। भले ही नीतीश रिकार्ड समय में लाखों नौकरियों का क्रेडिट लें, लेकिन बिहार के बेरोजगार नौजवानों के बीच तेजस्वी की ही चर्चा है और यह जाति धर्म से ऊपर उठकर उनके प्रति युवाओं के अनुराग का एक अध्याय है। आगे वे क्या करते हैं, कैसे बिहार की राजनीति को संभालते हैं,यह उन पर निर्भर करता है।

## सोशल फोरम

# अमीर खुसरो और निजामी

अमीर खुसरो की इच्छा थी कि साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान का प्रभाव ईरान-तूरान से आगे तक महसूस किया जाए। इसके लिए उन्होंने एक ऐसी साहित्यिक परियोजना पर काम शुरू करने का इरादा किया जो सार्वभौमिकता के तकाजों को पूरा करती हो।

फिरदौसी के शाहनामा के बाद गंजवी के निजामी के नाम से प्रसिद्ध जमाल उद्दीन अबु मुहम्मद इलयास इब्ने यूसुफ़ इब्ने ज़की (1141-1209) ही मसनवी के क्षेत्र में कमाल दिखा सका था। उसके द्वारा पांच साल में पांच मसनवियों के पंज-गंज या खमसे की रचना उसे फारसी साहित्य में रूमानी परंपरा का महत्वपूर्ण शायर स्थापित करने के लिए पर्याप्त है।



असग़र मेहदी
लखनऊ

निजामी को फारसी महाकाव्य में बोलचाल और यथार्थवादी शैली के प्रवेश कराने में सहायक माना जाता है। उसका पंज-गंज बाद की शताब्दियों में ईरानी और मुगल दरबारों में पेंटिंग के हवाले से एक लोकप्रिय विषय रहा है। अमीर खुसरो ने निजामी से प्रेरणा लेकर अपनी परियोजना पर काम शुरू कर दिया और केवल तीन वर्षों (1298-1301) में तमाम व्यस्तताओं के बावजूद पांच मसनवियों पर आधारित अपना खमसा दुनिया के सामने पेश कर दिया।

पहली मसनवी,‘मतला उल अनवार’ सूफीवाद और नैतिकता से संबंधित विषयों को समेटती है। दूसरी मसनवी “शिरीं व खुसरो”, आर्मीनियाई राजकुमारी, ईरानी राजकुमार और एक संगतराश के नाकाम प्रेम के विषय का करुणाजनक बयान है। तीसरी मसनवी “लैला व मजनू” में अरबी मूल कथा का ईरानीकरण है। चौथी मसनवी “आयीना ए सिकंदरी”, निजामी की दो मसनवियों “सिकंदर नामा (बर्री और बहरी)” से छोटी होने के बावजूद,उनसे मुकाबला करती नजर आती है।

अमीर खुसरो की पांचवीं मसनवी “हश्त बिहिश्त” अर्थात आठ स्वर्ग,जो इतिहास और किंवदंतियों का बेहतरीन संगम है। यह भी अजब है कि हिंदुस्तान से बाहर ख़ुसरो की ख्याति की वजह मसनवियों का यह संकलन करार पाया। जबकि हिंदुस्तान में वह गीतों, दोहों, गजलों, पहेलियों की वजह से जाने और पहचाने जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# गांधी का चतुर्मुखी दर्शन

महात्मा गांधी भारत भूमि पर जन्मे ऐसे युग पुरुष हैं,जिन्होंने अपने सत्कर्मों से भारत को ही नहीं अपितु समस्त मानवजाति को धन्य किया। मानव-सेवा, शोषितों और पीड़ितों की सेवा-सुश्रुषा के लिए गांधी जी ने जो कार्य किए वे कालजयी बन गए। उनके यही कार्य उनके दर्शन का रूप धारण कर ‘गांधीदर्शन’ में परिणत हो गए। कोई भी विचार या दर्शन कालजयी तब बनता है जब हर युग में उसकी प्रासंगिकता हो। महात्मा गांधी का दर्शन पूर्णतः व्यावहारिक दर्शन है। इसमें जहां एक ओर अध्यात्म और नैतिकता का सुख है वहीं राजनीति और रचनात्मकता का आनंद भी है। गांधी दर्शन चार प्रमुख रूपों में हमारे सम्मुख आता हैं-आध्यात्मिक, नैतिक, राजनीतिक और रचनात्मक।



डॉ. लवलेश दत्त
बरेली

महात्मा गांधी पूर्णतः आध्यात्मिक व्यक्ति थे। उनका मानना था कि ईश्वर एक है और वही सत्य है। अतः उन्होंने ‘ईश्वर सत्य है’ को ‘सत्य ही ईश्वर है’ माना और जीवनभर सत्य के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते रहे। उनका मानना था कि दरिद्रनारायण की सेवा ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। गांधीजी पुनर्जन्म में आस्थाशील थे। महात्मा गांधी के अध्यात्म दर्शन अध्यात्म के सभी प्रमुख तत्वों ब्रह्म,जीव,जगत,माया,मोक्ष आदि के दर्शन होते हैं। महात्मा गांधी ने अपने दर्शन को नैतिक आदर्शों का आधार प्रदान किया। गांधीजी चाहते थे कि देशवासी अपने चरित्र और जीवन को ऐसा बनाएं कि संपूर्ण विश्व में एक आदर्श स्थापित हो सके। इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर गांधीजी ने न केवल भारतवासियों के लिए,बल्कि संपूर्ण मानव जाति को नैतिक आदर्शों का पाठ पढ़ाया। गांधीजी चाहते थे कि लोग सच्चरित्र हों, सत्यवादी हों और अहिंसा का पालन करने वाले हों। एक शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि व्यक्ति संयमित हो और उसे अपनी इन्द्रियों पर अधिकार हो। गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्य और अहिंसा के पालन में अपना सर्वस्व त्याग दिया था। गांधीजी अहिंसा की लड़ाई के वीर योद्धा थे और उनकी अहिंसा की लड़ाई के बल पर ही देश को स्वाधीनता प्राप्त हुई। गांधीजी ने स्वाधीन देश में आदर्श समाज की स्थापना के लिए ही नैतिक आदर्शों को जीवन में सर्वोच्च स्थान दिया। उनका स्वप्न था कि स्वाधीन देशवासी नैतिकता के आधार पर ही एक उत्कृष्ट समाज का निर्माण करें जिससे भारत संपूर्ण विश्व के समाने नैतिकता की एक मिसाल बने। गांधीजी के राजनीतिक दर्शन का सबसे महत्वपूर्ण अंग है-सत्याग्रह।

गांधीजी अहिंसक उपायों से देश को स्वाधीन कराना चाहते थे। वे जानते थे कि यदि हिंसा के मार्ग से स्वतंत्रता प्राप्त की गई तो उसे स्थाई बनाए रखने के लिए भी हिंसा का मार्ग ही अपनाना पड़ेगा। अतः अहिंसा के माध्यम से प्राप्त स्वाधीनता ही चिरस्थायी रह सकेगी। इसीलिए अपने राजनीतिक दर्शन में गांधीजी ने अहिंसक उपायों का प्रयोग किया। भारत की स्वाधीनता के लिए किए गए उनके कार्य उनका राजनीतिक दर्शन बन गए। गांधीजी का रचनात्मक दर्शन सर्वोदय की अवधारणा पर स्थापित है। स्वदेशी आंदोलन और सांप्रदायिक सद्भाव उसके प्रमुख लक्ष्य हैं। गांधीजी का प्रत्येक कार्य जनहित में था। इसीलिए उन्होंने सर्वप्रथम सर्वोदय का नारा दिया। सब एक साथ आगे बढ़ें यही गांधी जी चाहते थे। उन्होंने स्वावलंबन और शारीरिक श्रम जैसे बिंदुओं को अपने रचनात्मक दर्शन का अंग बनाया। गांधीजी शारीरिक श्रम पर बल देते थे। गांधीजी ने देश की स्वतंत्रता, मानव सेवा और मनुष्य के नैतिक उत्थान के लिए जो कार्य किए वे सभी गांधीदर्शन में परिणत हो गए। उनका दर्शन पूर्ण और व्यावहारिक दर्शन है।

# सरकार पलट गई कुर्सी स्थिर रही

नीतीश कुमार नवीं बार मुख्यमंत्री बने हैं। पत्रकारों के सवाल पर जवाब दिया सबकुछ ठीक नहीं चल रहा था,जब भाजपा से गठबंधन तोड़ा तो बोले हमारी पार्टी ही हड़प लेना चाहते हैं। एक बात तो है नीतीश कुमार भले ही विचारों में स्थिर न हों,लेकिन कुर्सी मजबूत स्थिति में रहती है। उन्हें पलटूराम कहा जा रहा है,जबकि वे स्थिर हैं।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

पलटूराम तो वे हैं,जो मुंह भर-भर कर कोसते रहे। अब हंसते हुए सरकार में शामिल हो कसीदे पढ़ेंगे। आखिर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंच व सदन की गरिमा भी तो रखनी है। नीतीश का 24 जनवरी 2024 को समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की जयंती पर परिवारवाद पर भाषण देना ही लग रहा था कि अब फिर बदलेंगें। यह तो उनको पता ही था कुर्सी नहीं बदलेगी। वे जानते थे,जो उनके खिलाफ हैं,सत्ता की चाशनी में फिर लिपटने चले आएंगे। यदि लोकसभा के बाद परिणाम उचित नहीं आए तो फिर हो सकता है कि कुर्सी को ध्यान रखते हुए मन बदलेंगे। तेजस्वी यादव भी फिर आ जाएंगे आखिर सत्ता हनक की बात ही कुछ और होती है। एक बात तो है इतिहास उन्हें कैसे याद करेगा इसका भी ख्याल रखना चाहिए था। नीतीश कुमार ने जाति जनगणना कराई जिसमें तेजस्वी यादव का भी साथ था। मुझे लगता है उन आंकड़ों से दूसरे दल घबरा गए। अब से पूर्व की सरकार में तेजस्वी यादव उपमुख्यमंत्री थे।

दोनों पिछड़े वर्ग से अबकी सरकार में विजय सिन्हा और सम्राट चौधरी दो उपमुख्यमंत्री बनाए गए,जो कहते थे कि नीतीश कुमार को सत्ता से बेदखल करने के बाद ही पगड़ी खोलेंगे। अब उन्होंने ही उपमुख्यमंत्री की पगड़ी बांध ली ये भी कालचक्र का नया पहलू है।

# राज्यसभा में भाजपा को सात सपा को तीन सीटें मिलना तय

## 10 प्रत्याशी मैदान में रहे तो निर्विरोध होंगे निर्वाचित, 11 होने पर होगा मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** उप्र. से राज्यसभा की 10 सीटों में जहां भाजपा को सात सीटें मिलना तय है वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा को इस बार अपनी बढ़ी हुई संख्या बल के चलते तीन सीटें जीतने की उम्मीद है। बाकी किसी दल के लिए कोई उम्मीद नहीं बचेगी। 10 प्रत्याशी मैदान में रहे तो सभी निर्विरोध निर्वाचित हो जाएंगे लेकिन अगर दस सीटों के लिए 11 प्रत्याशी मैदान में आ गए तो इसके लिए विधायकों को मतदान करना होगा।

इससे पहले 2018 हुए राज्यसभा चुनावों में इन दस सीटों में भाजपा ने नौ उम्मीदवार विजयी कराए थे जबकि सपा को अपनी सीमित संख्या वाले विधायकों के चलते केवल जया बच्चन को ही राज्यसभा में भेजने में कामयाबी मिलेगी। उस चुनाव में सपा ने बसपा से दोस्ती निभाने की मंशा से बसपा के उम्मीदवार को समर्थन दिया था लेकिन अपेक्षित वोट न हो पाने के चलते बसपा उम्मीदवार को पराजय का मुंह देखना पड़ा था।

दरअसल, साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के जहां मात्र 47 विधायक थे, वहीं 2022 के चुनाव में विधायकों की संख्या बढ़ कर 111 हो गई। राज्यसभा चुनाव के लिए एक प्रत्याशी को जीत के लिए लगभग 37 वोट चाहिए। इस वक्त सपा के पास 108 और रालोद के पास 9 विधायक हैं। ऐसे में 117 विधायकों के साथ सपा तीन सीट जीत सकती है। इधर, कांग्रेस से मौजूदा गठबंधन के चलते उसके दो वोट भी सपा को जाने की उम्मीद है।

### सपा को मई में नेता प्रतिपक्ष का पद फिर मिल जाएगा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी को विधान परिषद में मई में नेता प्रतिपक्ष का पद फिर मिल जाएगा। फिलहाल 100 सीटों वाली विधान परिषद में सपा के मात्र नौ सदस्य हैं। इस कारण नेता प्रतिपक्ष का पद उससे छिन गया था। नेता प्रतिपक्ष के लिए न्यूनतम 10 सदस्यों की जरूरत होती है। यह संख्या मई में रिक्त हो रही सीटों के चुनाव में पूरी हो जाएगी। दरअसल, विधान परिषद में एमएलसी की 13 सीटें रिक्त हो रही हैं। इसमें भाजपा की 10, सपा, अपना दल (सोनेलाल) व बसपा की एक-एक सीट शामिल है। यह सभी सीटें विधान सभा क्षेत्र की हैं। इसमें विधायक ही वोट देते हैं। प्रत्येक सीट की जीत के लिए 31 विधायकों के मतों की जरूरत होगी। ऐसे में विधायकों की संख्या के हिसाब से सपा अपने गठबंधन के सहयोगी रालोद के साथ मिलकर अधिकतम चार सीटें जीत सकती है। पांच मई को सपा के एक एमएलसी का कार्यकाल अगर खत्म होगा, तो चार नए जीतकर आ भी सकते हैं। इस जीत के बाद सपा की 11-12 सीटें होने की उम्मीद है। इसके बाद सपा को एक बार फिर विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का पद मिल जाएगा।

## अखिलेश ने अपनों का किया विकास: बृजलाल

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ अपना औप परिजनों का विकास किया है। उनकी सरकार में जंगलराज, दंगा-फसाद और अपराधों का बाढ़ आ गई थी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बिहार में भाजपा के सहयोग से नीतीश कुमार की फिर सरकार बनने पर भाजपा को कमजोर पार्टी होने का तंज कसा था। जवाब में सोमवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी और मज़बूत पार्टी है और हमेशा नारियों, किसानों, ग़रीबों और युवकों के हितों की चिंता करती है। बृजलाल ने कहा कि अखिलेश तो परिवारवाद के पोषक है। परिवारवाद ही भ्रष्टाचार का जनक होता है। उन्होंने अपने परिवार को विकसित किया। दो दर्जन से अधिक लोगों को प्रदेश में महत्वपूर्ण पद दे दिए।

## अयोध्या बन रही वर्ल्ड क्लॉस सिटी

कार्यालय संवाददाता, उरई


केंद्रीय राज्यमंत्री के साथ बैठे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

● केंद्रीय मंत्री भानुप्रताप के यहां श्रद्धांजलि देने पहुंचे डिप्टी सीएम

**अमृत विचार।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जिले में आए तो कालपी में उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद वह चमारी गांव में आयोजित भागवत कथा में शामिल हुए। यहां से वह कोंच में केंद्रीय राज्यमंत्री के यहां उनकी पत्नी के निधन पर आयोजित बारहवीं भोज में शामिल हुए। यहाँ पर पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि सूबे में भाजपा क्लीन स्वीप करेगी। सभी अस्सी सीटों पर कमल खिलेगा। प्रभु राम की कृपा से अयोध्या वर्ल्ड क्लास सिटी बन रही।

चमारी गांव में आजतक के सम्पादक सौरभ द्विवेदी, इंफोपार्क के डायरेक्टर अभय द्विवेदी ने उनका स्वागत किया और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। यहां से उनका काफिला कोंच पहुंचा। यहां पर केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप की पत्नी राममूर्ति देवी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। पत्रकारों के सवाल पर डिप्टी सीएम ने कहा कि आज की अयोध्या अब पहले वाली अयोध्या नहीं रही। लोग देख रहे हैं कि रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद वहां अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अंतरराष्ट्रीय मानकों का रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड विकसित हो रहे हैं।

सभी सड़कों को फोरलेन किया जा रहा है। रामायण से जुड़ा संग्रहालय बनाया जा रहा है। सीएए के सवाल पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में एक लहर चल रही है। आम गरीब के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सरकार कामयाब रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री के यहां समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मंत्री आसीम अरुण, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ मन्नू कोरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश अली, बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडे, पूर्व प्रभारी मंत्री नीलिमा कटियार, विधायक कानपुर महेश त्रिवेदी, संगठन मंत्री धर्मपाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर प्रकाश पाल आदि रहे।

## शंकराचार्य को ज्ञानवापी जाते वक्त पुलिस ने रोका

● पुलिस आयुक्त ने कहा, वहां धारा 144 है लागू



**वाराणसी, एजेंसी।** ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को सोमवार को ज्ञानवापी की परिक्रमा करने से पुलिस ने रोक दिया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमवार दोपहर तीन बजे मूल काशी विश्वनाथ (ज्ञानवापी क्षेत्र) के परिक्रमा की घोषणा की थी। शंकराचार्य के इस एलान के बाद ही पुलिस सतर्क हो गई और उन्हें उनके श्रीमठ से निकलते ही रोक दिया।

सोनारपुरा स्थित विद्यामठ के आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। दशाश्वमेध क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त अवधेश पांडेय ने कहा, शंकराचार्य के पास अनुमति नहीं थी। ज्ञानवापी परिसर से जुड़ा मामला अदालत में लंबित है। साथ ही वहां धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा भी लागू है, इसलिए उन्हें परिक्रमा करने से रोका गया है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, मुझे श्रीविद्यामठ से निकलते ही रोक दिया गया। ज्ञानवापी के मूल क्षेत्र की परिक्रमा हमारी परंपरा है। जहां से सामान्य लोग जाते हैं। हम वहां से भी परिक्रमा करने की बात कह चुके हैं, लेकिन हमें वहां जाने से रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमसे कहा जा रहा है कि वहां पर धारा 144 लागू है। हम अनुमति के लिए प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि हमें परिक्रमा पूर्ण करने के लिए अनुमति प्रदान की जाए।

## अव्यवस्था से नाराज संतों ने मेला बहिष्कार की चेतावनी दी

**फर्रुखाबाद।** रविवार को एडीएम के आश्वासन के बाद भी गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में अव्यवस्थाएं दूर न हो सकी। विरोध में नागा संतों के तीनों संप्रदायों ने सोमवार को बैठक कर दो टूक कह दिया है कि दो दिन में अवस्थाएं दूर न हुईं तो सभी मेला रामनगरिया का सामूहिक बहिष्कार कर देगें। संतों ने कहा है कि मेले में अवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। एडीएम से वार्ता के बाद भी उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। इस वजह से अब आंदोलन करना उनकी मजबूरी हो गई है।

जूना अखाड़े के महंत सत्य गिरी महाराज और वैष्णव अखाड़े के महंत मोहन गिरी तथा दंडी स्वामी अखाड़ा के सागरपुरी की मौजूदगी में हजारों की संख्या में संतों ने इकट्ठा होकर मेले में व्याप्त अवस्थाओं पर नाराजगी जताई ।

## आयुष्मान भारत में आयुर्वेद-योग को शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य बीमा योजना 'आयुष्मान भारत' में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा को शामिल करने के अनुरोध वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। याचिकाकर्ता अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से किसी भी वकील के उपस्थित नहीं होने के बाद कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, मामले पर संज्ञान लेने के बाद भी याचिकाकर्ता की ओर से कोई भी पेश नहीं हुआ, जिसके परिणामस्वरूप याचिका को खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष दो नवंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, वित्त व गृह मंत्रालय और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी करके जनहित याचिका के जवाब में अपने-अपने हलफनामे दाखिल करने को कहा था।

## हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर से सटे कोटवारा रोड बोर्डिंग स्कूल स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी में कक्षा पांच के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में हॉस्टल के कमरे में लटका मिला। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो पुत्र गौरव राज और सुमित राज सिल्वर सिटी एकेडमी के छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। रविवार की रात कक्षा पांच के छात्र गौरव (12) का शव मफलर से हॉस्टल में ही पंखे के कुंडे से लटका पाया गया। हॉस्टल के वार्डेन ने उसी कमरे में सो रहे गौरव के छोटे भाई सौरभ को जगाकर परिवार वालों को सूचना देने को कहा। परिवार वाले रात में ही विद्यालय पहुंचे तो उन्हें सौरभ का शव बेड पर पड़ा मिला, जिससे उन्होंने हत्या की आशंका जताई। विद्यालय प्रबंधन की सूचना पर पहुंची हैदराबाद थाना पुलिस ने रात में ही शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर चीत्कार मच गई। परिवार वाले विद्यालय प्रबंधन पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग करने लगे। मामले को बिगड़ता देख जिले के कई थानों की पुलिस भवानीपुर गांव पहुंच गई। मृतक के पिता मनोज कुमार की तहरीर पर हैदराबाद थाना में विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, रात्रि ड्यूटी कर्मचारी सुरवीर और अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज हो जाने पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

### प्रबंधक, प्रधानाचार्य सहित चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

## उलमा बोले, लड़कियों से न कराएं नौकरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● खानकाहे तहसीनिया पर इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत कॉन्फ्रेंस आयोजित

**अमृत विचार :** तहसीन मियां के 17 वें उर्स के दूसरे दिन सोमवार को कार्यक्रमों का आगाज फज्र की नमाज के बाद दरगाह तहसीनी पर कुरानख्वानी से हुआ। इस मौके पर इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें मौलाना सगीर अहमद रजवी ने तकरीर करते हुए कहा कि लड़कियों पर नौकरी का बोझ न डाला जाए और उन्हें तालीम के लिए दीनी मदरसों में भेजा जाए।

इससे पहले नात एवं मनकबत की महफिल में मौलाना नदीम रजा कादरी और मौलाना फुरकान रजा ने नात का नजराना पेश किया। सलाम के बाद मौलाना हाफिज मसरूर ने दुआ की। मीडिया प्रभारी सगीर उद्दीन नूरी ने बताया कि हाजी सुलतान तहसीनी की तरफ से लंगर बांटा गया। दोपहर बाद चादरों के जुलूस देवचारा, बाकरगंज, सुरखा बानखाना, रहपुरा चौधरी, सूफी टोला, चक महमूद, हाजिया पुर, रबड़ी टोला, शाहदाना, कांकर टोला, कोट आदि इलाकों से खानकाह पहुंचे। आरिफ तहसीनी और जहीर अहमद नूरी ने दरगाह पर चादरपोशी की।

मगरिब की नमाज बाद मौलाना डॉ. शकील मिस्बाही ने हलका-ए-जिक्र की रूहानी महफिल सजाई। ईशा की नमाज के बाद इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत और रद्दे सुलह कुल्लियत कॉन्फ्रेंस हुई, जिसकी निजामत कारी नाजिर रजा तहसीनी ने की। इस दौरान मदरसे के 17 छात्रों की दस्ताबंदी हुई। देर रात 1:40 बजे मुफ्ती-ए-आजम हिंद का कुल हुआ।

## सिपाही भर्ती के नाम पर ठगे 1.17 लाख

**फर्रुखाबाद।** दिल्ली में सिपाही भर्ती के नाम पर छात्र से 1.17 लाख रुपये साइबर ठगों ने ठग लिए।

थाना कंपिल क्षेत्र के गांव नगला चपुन्ना निवासी विवेक ने सोमवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र है। सात महीने पहले दिल्ली पुलिस में सिपाही पद के लिए आवेदन किया था, जिसकी परीक्षा नोएडा में दी थी। 25 जनवरी को उसके मोबाइल पर वाट्सअप से एक कॉल आई। डीपी में एसपी की ड्रेस वाली फोटो लगी थी। कॉल करने वाले व्यक्ति ने अपना परिचय एसपी के रूप देते हुए कहा कि तुम्हारा चयन सिपाही के पद पर हो गया है। उसने एक नंबर दिया और 1.50 लाख रुपये भेजने को कहा। विवेक कुमार ने कहा कि 27 तक कई बार में 1.17 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## हिंदू-मुस्लिम दंपतियों की सुरक्षा याचिका खारिज

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जान की सुरक्षा की मांग वाली आठ हिंदू-मुस्लिम दंपतियों की याचिकाएं खारिज कर दी हैं।

अदालत ने कहा कि इन दंपतियों की शादियां उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं हैं। यह कानून वर्ष 2021 में पारित किया गया था जो कि बहला-फुसला कर, बलपूर्वक, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, दबाव और प्रलोभन के जरिए एक धर्म से दूसरे धर्म में गैर कानूनी परिवर्तन को रोकता है। इन दंपतियों ने अलग-अलग याचिकाएं दायर कर अपनी सुरक्षा और वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप नहीं करने का निर्देश जारी करने की मांग की थी। अदालत ने 10 जनवरी से 16 जनवरी 2024 के बीच इन याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने कहा कि ये अंतरधार्मिक विवाह के मामले हैं, लेकिन ये विवाह स्वयं में कानून के मुताबिक नहीं हैं क्योंकि धर्म परिवर्तन रोधी कानून का पालन नहीं किया गया।

अदालत के समक्ष आए इन आठ मामलों में पांच मुस्लिम पुरुषों ने हिंदू महिलाओं से विवाह किया था और तीन हिंदू पुरुषों ने मुस्लिम महिलाओं के साथ विवाह किया था। अदालत ने आदेशों में याचिकाकर्ताओं के धर्मों का उल्लेख किया है।

## एलडीए और सूचना विभाग की झांकी को पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुलिस लाइन में बीटिंग द रिट्रीट समारोह में बैंड वादन करतीं राज भवन की बच्चियां। अमृत विचार

● बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का हुआ समापन

**अमृत विचार।** बीटिंग द रिट्रीट कार्यक्रम के साथ गणतंत्र दिवस समारोह का सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन में समापन हो गया। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने परेड में पहले नंबर पर आई गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट, दूसरे नंबर पर सिख लाइट इंफेंट्री और तीसरे नंबर पर आए कोर ऑफ इंजीनियर बंगाल सैपर्स को पुरस्कृत किया। लखनऊ विकास प्राधिकरण और सूचना एवं जन संपर्क विभाग की झांकी को संयुक्त रूप से पहला स्थान मिला। जबकि राजभवन की झांकी को दूसरा और उप्र पर्यटन निदेशालय, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल एवं उप्र संस्कृत संस्थानम् की झांकी को तीसरा स्थान मिला।

पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में श्रेष्ठ मार्चिंग पैरा मिलिट्री- सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी, आइटीबीपी और एसएसबी पुरुष टुकड़ी, पुलिस, पीएसी, होमगार्ड, पीआरडी को श्रेष्ठ मार्च पास्ट में यूपी एसटीएस कमांडो पुरुष व महिला टुकड़ी का पहला व यूपी होमगार्ड की पुरुष टुकड़ी को दूसरा और पीआरडी महिला टुकड़ी को तीसरा स्थान मिला।

एनसीसी और सैनिक स्कूल की परेड में एनसीसी बालिका को पहला और एनसीसी बालक को दूसरा स्थान मिला।

स्कूल मार्चिंग बालिका वर्ग में सेंट जोसेफ राजाजीपुरम को पहला, एलपीएस सहारा स्टेट को दूसरा और सीएमएस गोमतीनगर विस्तार को तीसरा स्थान मिला। स्कूल मार्चिंग बालक वर्ग में एलपीएस आम्रपाली को पहला, सीएमएस अलीगंज दूसरे और अटल आवासीय विद्यालय के बच्चे तीसरे स्थान पर रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में सीएमएस राजाजीपुरम को पहला, सेंट जोसेफ राजाजीपुरम को दूसरा और एलपीएस आनंद नगर को तीसरा स्थान मिला। नृत्य में एसआर ग्लोबल प्रथम, सीएमएस कानुपर रोड द्वितीय और सिटी इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। जबकि बेस्ट ड्रिल में सीएमएस अलीगंज प्रथम, बाल निकुंज इंटर कॉलेज द्वितीय और एलपीएस राजाजीपुरम तृतीय स्थान पर रहा।

दीक्षांत समारोह

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि के समारोह की कुलाधिपति ने की अध्यक्षता, छात्रों से सामाजिक समस्याओं पर शोध का किया आह्वान

## समूह की सखियां लखपति, बेटियां बन रहीं ड्रोनवीर : आनंदीबेन

कार्यालय संवाददाता, बांदा



छात्रा को अवार्ड प्रदान करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

**अमृत विचार :** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करने आईं राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति और बेटियां ड्रोन वीर बन रही हैं। उन्होंने महिलाओं के उद्यमी बनने व उद्यमिता विकास पर बल दिया। उन्होंने कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से सामाजिक समस्याओं पर शोध का आह्वान किया। कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश के किसानों को वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्धिशाली बनाने में भागीदार बनें।

बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय उद्यान महाविद्यालय सभागार में सोमवार को नौवां दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया। कहा कि माता-पिता का बच्चों को आगे बढाने में बहुत बडा योगदान है। विद्यार्थी अपने माता-पिता को कभी न भूलें और हमेशा उनकी सेवा करें। जिन छात्र-छात्राओं को मेडल नहीं मिला, वह सभी अपने जीवन के लिए इतना अच्छा कार्य करें कि उन्हें यह कार्य ही मेडल के रूप में मिले।

कुलाधिपति ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति देश की बेटियां ड्रोन वीर बनकर अपने माता-पिता के साथ देश का नाम रोशन कर रही हैं। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से कहा कि वह देश के किसानों को वैज्ञानिक खेती के गुर सिखाकर उन्हें आर्थिक रूप से समृद्धशाली बनाने में भागीदार बनें। उन्होंने महिलाओं के उद्यमी व उद्यमिता विकास पर जोर दिया। बुंदेलखंड में पपीता, गुलाब, नीम, एलोवेरा की खेती करें। कम लागत से साबुन आदि को स्वयं तैयार करें तथा आत्मनिर्भर बनें। उन्होंने कहा कि बच्चों, वृद्ध एवं गर्भवती महिलाओं के लिए लाभदायक एवं पौष्टिक आहार दें। कहा कि आंगनबाडी केंद्रों को विश्वविद्यालय से जोड़कर उन्हें बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है।

गरीब परिवारों के बच्चों का आंगबाडी केंद्रों के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य में सुधार हो सके। किसानों में परिवर्तन लाने में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का बड़ा योगदान हो सकता है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित तकनीकी व अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों, महिलाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं तक अवश्य पहुंचाएं। जिससे वह स्वावलंबी एवं सशक्त बने सकें। इस मौके पर जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, कुलपति डॉ.नरेंद्र प्रताप सिंह, आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, डीआईजी अजय कुमार सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल, कुलसचिव डा.एस के सिंह व विश्वविद्यालय की छात्र-छात्राएं, उपस्थित रहे।

### बच्चों को दी पाठ्य सामग्री, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को किट

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वयं सहायता समूह की सखियां लखपति एवं ड्रोन दीदियां कैसे बने इस दिशा में कार्य करने की जरूरत पर जोर देने के साथ ही उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय कनवारा भाग-1 व 2 के बच्चों को फल, किताबें व बैग एवं पाठ्य समाग्री का वितरण किया। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाडी केन्द्र के गरीब बच्चों को छोटी साइकिल, कुर्सी, मेज, किताब, स्टेशनरी किट का वितरण आंगनबाडी कार्यकत्रियों को किया। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के 101 आंगनबाडी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए आंगनबाडी में सहायता किट का वितरण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों को छोटे-छोटे खिलौने व पठन-पाठन समाग्री के द्वारा बौद्धिक विकास बचपन से होगा और उनको आगे बेहतर शिक्षा एवं स्वास्थ्य में मदद मिलेगी। राज्यपाल ने रीजनल बैंक तथा ग्रामीण महिला कौशल एवं उद्यमिता विकास केंद्र का उद्घाटन किया साथ ही एक नए महिला छात्रावास की आधारशिला भी रखी।

## कुल्हाड़ी से हमला कर पिता की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● पत्नी की पीटने से था नाराज घटना कर हुआ फरार

**अमृत विचार।** बहू को पीटने का विरोध करने पर घर में घुसे पुत्र ने पिता के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव के झूरा तालाब निवासी मइयादीन (70) पुत्र हीरालाल रविवार की रात अपने पोते अंकुश पुत्र प्रकाश के साथ कमरे सो रहा था। तभी सोमवार को तड़के तीसरे नबंर का बेटा लल्लू दरवाजा तोड़ कर घर में घुस गया। चारपाई से घसीट कर मइयादीन आंगन में ले आया। उसके सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़ तोड़ वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पोते अंकुश ने शोर मचाया तब घरवालों को जानकारी हुई। मौके पर पहुंचे पुत्रों ने उसे उठाकर सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में चीख पुकार मच गई। मृतक के चार पुत्र गंगाप्रसाद, बुद्धराज, लल्लू, प्रकाश है। सभी लोग अलग अलग रहते है। लल्लू नशे में अपनी पत्नी कौशिल्या को पीट रहा था। इस पर पिता मइयादीन ने मना किया था। इसी खुन्नस में लल्लू ने मइयादीन की हत्या कर दी।

# एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला होगा बजट

## लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार के बजट 2024-25 में होगी लोक लुभावन वादों और दावों की बारिश

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार विधानसभा सत्र में इस बार एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य साधने वाला बजट पेश करेगी। इसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोक लुभावन वादों और दावों की भरमार तो होगी ही, नव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन शुरू होने और अगले वर्ष महाकुंभ से पर्यटन समेत सेवाकरों में अप्रत्याशित वृद्धि का अनुमान है। साथ ही, ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए हर जिले में औद्योगिक विस्तार से विकास दर में इजाफा होगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में अफसरों को बजट का स्वरूप कैसा होगा, इसका खाका समझाया था। अब वित्त विभाग वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पिछली बार 22 फरवरी को वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट प्रस्तुत किया था, इस बार 5 या 6 फरवरी को प्रस्तुत होगा। उसी दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, फिर अगले दिन से बजट पर चर्चा शुरू होगी।

**▸▸ नव्य राम मंदिर, महाकुंभ व ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए तेजी से आय बढ़ने का अनुमान**

सरकार ने 2023-24 के लिए 6 लाख 90 हजार 242 करोड़ 43 लाख रुपये का बजट पेश किया था, लेकिन इस बार अयोध्या में नव्य राम मंदिर में शुरू हुए दर्शन में अप्रत्याशित बढ़ रही भक्तों की



संख्या से महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट, लखनऊ एयरपोर्ट और गोरखपुर एयरपोर्ट के जरिए भक्तों के आने का सिलसिला, ट्रेनें संचालित होते ही फुल हो रही बुकिंग, होटलों में भीड़ समेत खान-पान, टूरिंग-ट्रेवेल्स आदि की बढ़ी आय बजट अनुमान को पिछले बार से 15 फीसदी तक बढ़ा सकती है। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर बजट में विशेष प्रावधान होगा।

बजट सुविधाएं और बाजार को बढ़ावा देने वाला होगा। औद्योगिक प्राधिकरण क्षेत्र में स्थापित इकाइयों का सर्वेक्षण, अप्रयुक्त प्लॉटों का चिन्हीकरण और नये इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना पर सरकार का जोर है। 10 स्थानों पर प्लेज पार्क, पर्यटन, होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, लोक सेवा, रक्षा व अन्य सेवाओं में विकास पर फोकस होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के माध्यम से प्रदेश में कुल 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों में 11.8 लाख करोड़ के प्रस्ताव केवल मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए है। इसे जमीन पर उतारते ही आर्थिक परिवेश में बड़ा उछाल आएगा। हर जिले में औद्योगिक इकाइयां शुरू करने के लिए होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी अर्थव्यवस्था को वर्ष 2027 तक एक ट्रिलियन डालर करने का लक्ष्य को तेजी से पूरा होता दिखेगा। बजट में प्रदेश की बेहतर ब्रांडिंग, व्यापार अनुकूल माहौल और निर्यात प्रोत्साहन के प्रयासों पर जोर होगा। चीनी मिलों का आधुनिकीकरण और शुगर कॉम्प्लेक्स बनाने में सरकार और तेजी लाएगी। प्रदेश गन्ना उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। लैंड लॉक प्रदेशों की श्रेणी में फिशरीज सेक्टर में राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। देश में सबसे बड़ा एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश का है। इन सभी पर बजट में लोकलुभावन घोषणाएं होंगी।

### शून्य त्रुटि के साथ बजट भाषण में आंकड़े शामिल करने के निर्देश

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने निर्देश दिया है कि बजट भाषण में शामिल आंकड़ों व तथ्यों को शून्य त्रुटि के साथ तैयार करें। बजट भाषण के लिए तथ्य तैयार करते समय राज्य सरकार की नीतियों, प्राथमिकताओं, फ्लैगशिप योजनाओं और नई योजनाओं को खासतौर पर शामिल किया जाए। उधर, अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव को वित्तमंत्री के बजट भाषण के लिए बजट सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल के अभिभाषण और बजट भाषण में शामिल आंकड़ों में जरा सी भी भिन्नता न हो।

### साढ़े छह वर्ष में तेजी से बढ़ी उप्र की अर्थव्यवस्था

पिछले साढ़े छह वर्षों के नियोजित प्रयासों से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था उप्र विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16 .45 लाख करोड़ थी, जो अब 2022-23 में 22 .58 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। वर्तमान 2023-24 में प्रदेश की जीडीपी 25 .55 लाख करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। राष्ट्रीय आय में प्रदेश 9 .2 फीसदी का योगदान कर रहा है। अर्थव्यवस्था की विकास दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें तो 2021-22 में प्रचलित भावों पर प्रदेश की विकास दर 20 .1 फीसदी रही, जबकि देश की 18 .4 फीसदी। स्थायी भाव पर राष्ट्रीय वृद्धि दर 9 .1 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9 .8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी प्रकार, 2022-23 में स्थायी भाव पर राष्ट्रीय विकास दर 7 .2 फीसदी रही, जबकि प्रदेश में 9 .8 फीसदी की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 14 .3 फीसदी वृद्धि दर रही।

## सत्र के दौरान स्थगित रहेंगी विधायकों से जुड़ी समितियों की बैठकें

**अमृत विचार, लखनऊ :** संसदीय कार्य विभाग ने राज्य विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान विधायकों से जुड़ी मंडल व जिला स्तर पर गठित सभी समितियों की बैठकें स्थगित करने का निर्देश दिया है।

प्रमुख सचिव जेपी सिंह ने सभी मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेजे गए आदेश में कहा है कि 2 फरवरी से विधानमंडल का सत्र प्रारंभ हो रहा है। ऐसे में मंडल व जिला स्तर की गठित ऐसी सभी समितियां, जिनमें विधायक सदस्य नामित हों, उसे सत्र की अवधि के दौरान आहूत न करें। यदि ऐसी बैठकों का आयोजन किया जाना अपरिहार्य हो तो इन बैठकों को तभी आहूत किया जाए, जब अधिवेशन लगातार तीन दिन स्थगित हो।

**एक नजर**

### धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के धान किसानों को 10,145 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इससे सात लाख से ज्यादा किसान लाभान्वित हुए हैं। शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में किसानों से धान खरीद जारी है। किसानों को क्रय क्रेंद्रों पर समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसानों को समय से भुगतान भी किया जा रहा है। अब तक सात लाख 37 हजार से अधिक किसानों से धान की खरीद हो चुकी है। सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है।



मुख्यमंत्री योगी से उनके राजधानी स्थित आवास पर भेंट करते केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले।

# नीतीश के हटने से इंडिया गठबंधन हुआ ताकत विहीन

## केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बोले- तीसरी बार नरेंद्र मोदी बनेंगे प्रधानमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अध्यक्ष व केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हटने से इंडिया गठबंधन ताकत विहीन हो गई है। उन्होंने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए दावा किया कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री सोमवार को राजधानी स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

**▸▸ बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की**

नीतीश कुमार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने की बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कहा कि उनसे पहले ही कहा गया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ न जाएं, मोदी के साथ जुड़ जाएं, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार विपक्षी गठबंधन का प्रमुख हिस्सा थे, उनके हटने से गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इंडिया गठबंधन में केवल कांग्रेस रह जाएगी, क्योंकि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी और पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के अरविंद केजरीवाल पहले ही साथ छोड़ चुके हैं। गठबंधन में ताकत नहीं बची है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सवाल पर आठवले ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास रथ चल रहा है, हम सभी इस पर बैठे हैं। देश एकजुट है। पूर्व में 70 साल तक कांग्रेस की सरकार थी, तब देश एकजुट क्यों नहीं हुआ। वास्तव में राहुल गांधी को कांग्रेस को एकजुट करने के लिए यात्रा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को कमतर बोलने वाली कांग्रेस के सुधीर कुलकर्णी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती को आरपीआई का अध्यक्ष पद स्वीकार करने की पेशकश की।

# एसआई-एएसआई पद के आवेदन की बढ़ी तारीख

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय), सहायक उप निरीक्षक (लिपिक) और सहायक उप निरीक्षक (लेखा) के 921 तथा प्रोग्रामर ग्रेड-2 और कम्प्यूटर ग्रेड-ए के पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख बढ़ा दी गई है। पहले 28 जनवरी अंतिम तिथि थी। अब 31 जनवरी की रात 12 बजे तक इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

वहीं आवेदन में किसी तरह की हुई त्रुटि में संशोधन के लिए दो फरवरी को रात 12 बजे तक का मौका मिलेगा। ऑवेदन में संशोधन भी ऑनलाइन और खुद ही करना होगा। ऑवेदन के बाद अगर कोई अभ्यर्थी फीस न जमा कर पाया हो तो उसके लिए भी दो फरवरी को रात में 12 बजे तक मौका रहेगा। पहले 30 जनवरी तक की तारीख तय की गई थी।

**▸▸ अब 31 तक मौका, दो फरवरी तक कर सकेंगे संशोधन**

उप्र प्रोन्नति पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अपर सचिव ने इस आशय का निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 जनवरी से 28 जनवरी तक सार्वजनिक अवकाश होने के चलते ऑवेदन करने और फीस जमा करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए आवेदन की तारीख बढ़ाने का फैसला किया गया है।

### सीएचसी अधीक्षक के खिलाफ होगी अनुशासनिक कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिद्धार्थनगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बेवा (डुमरियागंज) के प्रभारी अधीक्षक डॉ.श्रवण कुमार तिवारी के खिलाफ प्रदेश सरकार ने अनुशासनिक कार्रवाई की संस्तुति करते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। इसके लिए अपर निदेशक स्वास्थ्य बस्ती मंडल को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रभारी पर अधीनस्थ कर्मचारियों से अभद्रता और अमर्यादित भाषा के साथ ही महिला कर्मियों के उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने आदेश जारी कर स्पष्ट किया है कि डॉ.श्रवण कुमार के विरुद्ध जांच में महिला कर्मियों ने एएनएम ने लिखित बयान भी दिया था। जांच के दौरान डॉ.तिवारी द्वारा जांच अधिकारी को धमकाने के अलावा कुशीनगर में गायत्री हास्पिटल डायबिटीज केयर सेंटर निजी अस्पताल भी संचालित किये जाने की जानकारी हुई है। इससे स्पष्ट होता है कि डॉ.श्रवण कुमार अपने उच्चधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त हैं।

# चरस के चार अंतरराष्ट्रीय तस्करों को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास 16.5 किलोग्राम चरस बरामद किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 83 लाख रुपये बताई गई है। अयोध्या में पकड़े गए चारों तस्कर कानपुर नगर और देहात के रहने वाले हैं। इसमें विमल राजपूत, जितेन्द्र, आशीष यादव तथा योगेन्द्र सिंह यादव हैं।

एसटीएफ को विभिन्न जनपदों में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय होने की सूचनाएं मिल रही थीं। इसी बीच इन तस्करों के बारे में सूचना मिली कि वह नेपाल से अवैध मादक पदार्थ (चरस) लेकर कानपुर जाने वाले हैं। इसके बाद एसटीएफ टीम सक्रिय हो गई और उन्हें अयोध्या के पूरा कलन्दर क्षेत्र से दबोच लिया। उनकी कार की जांच में 16.5 किग्रा चरस बरामद हुई। नशे के तस्करों ने पूछताछ पर बताया कि मादक पदार्थ (चरस) नेपाल से लाकर कानपुर के मनोज तिवारी के साथ मिलकर बेचने का कार्य करते थे। इस धंधे में वह काफी समय से सक्रिय थे।

**▸▸ 83 लाख की चरस बरामद नेपाल से लाकर यूपी में करते थे सप्लाई**

### भाजपा सरकार में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं : अजय राय

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि भाजपा के शासन में सनातन ध्वज वाहक शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके ही मठ में पुलिस ने चारों तरफ से घेर लिया है। स्वामी सोमवार को अपरान्ह तीन बजे मूल विश्वनाथ मंदिर की परिक्रमा व ज्ञानवापी जाना चाहते थे। प्रशासन ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को वहां जाने से मना किया और धारा-144 लागू होने का हवाला दिया। इस पर स्वामी अकेले ही जाने को तैयार थे, पर प्रशासन ने विद्यामठ में उन्हें नजरबंद कर दिया।



# सीएजी ने मांगा 1912 सेवा पर हुए खर्च का ब्यौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (सीएजी) ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की टोल फ्री उपभोक्ता सेवा 1912 पर खर्च हो रहे व्यय पर सवाल उठाये हैं। सीएजी ने निगम से खर्च का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुनने व उनका निस्तारण करने के लिए सभी वितरण निगमों में टोल फ्री 1912 सेवा चल रही है। बिजली आपूर्ति बाधित होने अथवा हाईवोल्टेज से उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान के मुआवजे की धनराशि की गणना भी इसी नंबर पर दर्ज शिकायतों के आधार पर की जाती है। सूत्रों के अनुसार, सीएजी ने मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक भवानी सिंह खंगारौत को पत्र भेजकर वर्ष 2020-21 से वर्ष 2023-24 के दिसंबर तक यानी लगभग चार वर्षों में खर्च हो चुके 35 करोड़ 40 लाख का ब्यौरा पेश करने को कहा है।

**▸▸ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को भेजा पत्र**

इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस सेवा पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, इसके बावजूद उपभोक्ता इससे संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने इस सेवा को मोबाइल ओटीपी सिस्टम जोड़े जाने की मांग की।

# डीजी पदों पर होगी नई तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने पर न केवल नये डीजीपी की तैनाती होगी, बल्कि विजिलेंस और मानवाधिकार में भी नये डीजी पोस्ट किए जाएंगे।

दरअसल, 31 जनवरी को विजय कुमार के अलावा डीजी (मानवाधिकार) एसके माथुर भी रिटायर होंगे। चूंकि विजय कुमार के पास कार्यवाहक डीजीपी के साथ ही डीजी विजिलेंस की जिम्मेदारी है। ऐसे में उनकी सेवानिवृत्ति के बाद डीजीपी और विजिलेंस का भी पद खाली हो जायेगा। वहीं एसके माथुर के रिटायर होने से डीजी मानवाधिकार का पद भी खाली हो जाएगा। ऐसे में नये डीजीपी के अलावा बाकी उन दोनों पदों पर भी नई तैनाती की जाएगी।

**▸▸ एक फरवरी को तिलोत्तमा वर्मा और राजीव कृष्णा बनेंगे डीजी**

डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों की सेवानिवृत्ति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रमोशन का लाभ मिलेगा। एक फरवरी को 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी (प्रशिक्षण) तिलोत्तमा वर्मा और 1991 बैच के एडीजी (विजिलेंस) राजीव कृष्णा को डीजी पद पर प्रोन्नति मिल जायेगी। 1990 बैच के आईपीएस प्रशांत कुमार को एक माह पहले ही डीजी पद पर प्रमोशन मिल जाने से एडीजी राजीव कृष्णा को इस बार खाली होने वाले पद के सापेक्ष प्रमोशन का लाभ मिल जायेगा। अन्यथा मुकुल गोयल के फरवरी में रिटायर होने के बाद उन्हें प्रमोशन मिलता। डीजी विजय कुमार और एसके माथुर के अलावा 31 जनवरी को डीआईजी (इंटेलिजेंस) लल्लन सिंह और डीआईजी (पीटीसी) राजकमल यादव भी रिटायर होंगे। इन पदों पर भी नई तैनाती की जायेगी।

### खुलेंगे सात नए गौ-संरक्षण केंद्र, 5.6 करोड़ जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौ-संरक्षण के लिए प्रदेश के आधा दर्जन जिलों में सात नये गौ-संरक्षण केन्द्र बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किस्त के रूप में राज्य सरकार ने 5 .6 करोड़ रुपये भी भेज दिये हैं।

पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने पशुपालन विभाग के निदेशक को बजट जारी करते हुए निर्देश दिये हैं कि एक गौ संरक्षण केन्द्र के लिए 80 लाख रुपये स्वीकृत किये गये हैं। उक्त क्रम में फर्रुखाबाद में दो गौ-संरक्षण स्थापित होंगे, ये सदर तहसील अंतर्गत गांव अछरौडा व कायमगंज में ग्राम पचरौली में बनाए जाएंगे। इसके अलावा बुलंदशहर, महराजगंज, जालौन, कन्नौज व गोरखपुर में एक-एक नया गौ-संरक्षण केन्द्र बनाया जाएगा। साथ ही इस बजट को उपयोग करने के निर्देश भी दिए हैं।

# आयकर संबंधित विवादों का निपटारा होगा आसान

## आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब राजधानी में आयकर से संबंधित विवादों का निपटारा आसानी से हो सकेगा। केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल ने यहां सोमवार को वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि विवाद से विश्वास स्कीम 2020 के तहत करदाताओं को केवल विवादित करों की राशि का भुगतान ही करना था। इससे संबंधित मामलों का अधिकरण ने अच्छे से निपटारा किया। आयकर अपीलीय अधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस सीवी भडंग ने कहा कि जयपुर, बंगलुरु और कटक के बाद आयकर अपीलीय अधिकरण को चौथा भवन लखनऊ में मिला है। उन्होंने कहा कि आईटीएटी में लंबित मामलों की संख्या कम और निस्तारित किए गए मामलों की संख्या बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष आयकर अपीलीय अधिकरण (दिल्ली और अहमदाबाद क्षेत्र) जीएस पन्नू, उपाध्यक्ष, आयकर अपीलीय अधिकरण, (लखनऊ और पुणे क्षेत्र) शक्तिजीत डे भी उपस्थित रहे ।



राजधानी में वर्चुअली आयकर अपीलीय अधिकरण भवन का उद्घाटन करते केंद्रीय विधि और न्याय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार अर्जुन राम मेघवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

**स्वीकृति** रामोत्सव के बजट से शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजी धनराशि

# अयोध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मिले 7 .09 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने अयोध्या में 15 लघु मंचों पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। शासन ने संस्कृति विभाग के निदेशक को कार्यक्रम का पूरा विवरण, फोटो, वीडियो और खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया है।

नव्य राममंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आये थे। साथ ही, धर्म-अध्यात्म, उद्योग, कला-साहित्य, सिनेमा, शिक्षा आदि क्षेत्र से 8 हजार विभूतियां शामिल हुईं। इस दौरान अयोध्या में विभिन्न राज्यों से तमाम कलाकार 15 लघु मंचों पर प्रस्तुतियां दे रहे थे। यह कार्यक्रम कई दिनों तक चला। इसके लिए पहले ही 19 जनवरी के संस्कृति विभाग ने धनावंटन का प्रस्ताव शासन को भेजा था।

**▸▸ शासन ने फोटो, वीडियो व खर्च का ब्यौरा सुरक्षित रखने का दिया निर्देश**

शासन के अनु सचिव रघुनाथ वर्मा ने सोमवार को संस्कृति विभाग के निदेशक को भेजे शासनादेश में कहा है कि सरकार ने रामोत्सव, अयोध्या-2024 के अंतर्गत 15 लघु मंचों पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 7 करोड़ 9 लाख 20 हजार रुपये की प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति दी है। कहा गया है कि स्थानीय कलाकारों को अधिकाधिक अवसर मिलने चाहिए। कार्यक्रमों का विवरण, फोटो, वीडियो एवं व्यय संबंधी सभी अभिलेख सुरक्षित रखे जाएं और पोस्ट आडिट भी अनिवार्य होगी। सचिवालय प्रशासन और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा अनुमोदित दरों एवं न्यूनतम वास्तविक दरों पर ही भुगतान किया जाएगा।

### रामघाट के शवदाह स्थल पर जनसुविधाओं के लिए 4.84 करोड़

राज्य सरकार ने सोमवार को अयोध्या में सरयू किनारे रामघाट शवदाह स्थल के लिए 4 करोड़ 84 लाख 7 हजार की धनराशि स्वीकृत की है। इस धन से अयोध्या विकास प्राधिकरण जनसुविधाओं का विकास करेगा। शासन ने निदेशालय धर्मार्थ कार्य विभाग, वाराणसी के निदेशक को निर्देश दिये हैं कि पारंपरिक शवदाह स्थल रामघाट के लिए संपूर्ण धनराशि एकमुश्त निर्गत कर दी गई है। अब कार्य शुरू होते ही प्रगति को लेकर धर्मार्थ कार्य विभाग निगरानी और खर्च पर भी नजर रखेगा।

### सरकारी डॉक्टरों को मिलेगा अल्ट्रासाउंड करने का प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड की सुविधा बढ़ाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के एमबीबीएस डॉक्टरों को छह माह का विशेष प्रशिक्षण (फंडामेंटल इन एब्डोबिनो-पेल्विक अल्ट्रासोनोग्राफी) दिलाया जाएगा। यह प्रशिक्षिण सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दिया जा रहा है। प्रशिक्षिण प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य महानिदेशालय ने 45 साल से कम उम्र के डॉक्टरों से आवेदन मांगे गये हैं। महानिदेशक प्रशिक्षण, डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल ने सभी अस्पताल प्रभारी व अन्य सक्षम अधिकारियों को आदेश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि पीसीपीएनडी एक्ट अनुपालन के लिए स्वास्थ्य विभाग में पांच साल की सेवाएं पूरी कर चुके एमबीबीएस डॉक्टरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही आवेदन करने वाले चिकित्सकों की वार्षिक प्रविष्टियों में रेटिंग भी देखी जाएगी। इच्छुक चिकित्सक 9 फरवरी तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकते हैं।

# परिषदीय स्कूलों में हर महीने होगा पीटीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नये शैक्षिक सत्र से परिषदीय स्कूलों में हर महीने अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन होगा। इसी सप्ताह में पहली पीटीएम होगी। इसमें उपस्थिति, गृहकार्य, यूनीफॉर्म आदि को लेकर चर्चा होगी। कई अभिभावकों ने सरकार से मिले 12 सौ रुपये में यूनिफार्म, जूता व मोजा आदि नहीं खरीदा है, इसे भी अमल में लाया जाएगा।

सरकार निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी अभिभावकों से नियमित संवाद पर जोर देने जा रही है। कक्षा में विद्यार्थियों की पढ़ाई और अनुशासन में क्या स्थिति है, प्रतिदिन गृहकार्य वह कर रहा है या नहीं और नियमित स्कूल आ रहा है या नहीं इसे लेकर अभिभावकों से अध्यापक चर्चा करेंगे। वहीं यूनिफॉर्म, जूता व मोजा इत्यादि के लिए अभिभावकों के खाते में भेजे गए 1,200 रुपये की धनराशि का उपयोग कराया जाएगा।

**▸▸ अभिभावकों से नियमित संवाद करेंगे शिक्षक**

**▸▸ बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किया नया नियम**

स्कूल शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) को निर्देश दिए गए हैं कि वह स्कूलों में हर महीने इसके आयोजन की मानीटरिंग करें। अभिभावकों के साथ शिक्षकों की बैठक होने से विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान मौके पर होगा। ऐसे विद्यार्थी जो पढ़ाई में कमजोर हैं, उनके अभिभावकों को इसकी जानकारी दी जाएगी। घर पर भी वह हर दिन पढ़ाई करें और फुल यूनिफॉर्म में ही विद्यालय आएं, इसे सख्ती से लागू कराया जाएगा। कुछ अभिभावक ऐसे हैं, जिन्होंने यूनीफार्म नहीं खरीदी। नियमित पीटीएम होने से उन पर इसे लेकर दबाव बनाया जाएगा कि वह सरकार की ओर से दी गई धनराशि का सदुपयोग करें। अभी इसके लिए बार-बार अभिभावकों को विद्यालय बुलाने पर भी वह नहीं आते। फिलहाल अब ऐसा नहीं होगा। इस सप्ताह प्रायोगिक तौर पर एक पीटीएम विद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि आगे किसी भी तरह की कठिनाई न हो।

# धर्म दर्शन


## दिव्यगुणों से युक्त अग्निदेव

**हे सोम! आप अग्नि की भांति ऊर्जा प्रदान करने वाले अग्निरूप हैं। आप दिव्य पोषक रस के रूप में हैं। आप यज्ञ में आए अतिथियों का यथोचित सत्कार करने वाले हैं। धन ऐश्वर्य प्रदान करने वाले, संपूर्ण जगत के पोषक अग्नि एवं विष्णु देवता की तृप्ति के लिए हम आपको ग्रहण करते हैं। हे शकल! आप अग्नि उत्पादन के आधार हैं। हे कुशाओं! अग्नि उत्पन्न करने में सक्षम होने के कारण आप वीर्य स्वरूप हैं। हे घृत! आप अग्नि को आयु प्रदान करने वाले अर्थात् देर तक प्रज्वलित रखने वाली हैं।**



हे अग्निदेव! आपको प्रकट करने के लिए गायत्री, त्रिष्टुप तथा जगती छंदों के साथ हम मंथन करते हैं। वेदज्ञाता ऋषियों के पुत्र स्वरूप हे ऋत्विकगण! प्रमादवश दिए गए शापों से यजमान के रक्षक ये आवहनीय अग्निदेव यज्ञ कुंड में प्रतिष्ठित होकर हवन का सेवन करते हैं। हे अग्निदेव! आप यजमानों के लिए कल्याणकारी होते हुए यज्ञ में दी गई आहुतियां को ग्रहण करें और इन्द्रादि देवताओं तक पहुंचाएं।

सर्वत्र गमन करने वाले, सर्वव्यापी, बलशाली हे आज्य! हम आपको यज्ञ कार्य के लिए स्वीकार करते हैं। सरल तथा श्रेष्ठ मार्ग पर ले चलने वाले आप यज्ञ कर्म में हमें स्थापित करें। हे व्रत पालन में अग्रगण्य अग्ने! आप हमारे वर्तमान व्रत का पालन करने वाले हैं। व्रत कार्यों के द्वारा अग्नि और यजमान समान रूप से आदर के पात्र हों। तपस्या का अधिपति गुरु तथा तपश्चर्या करने वाला शिष्य दोनों समान भाव वाले हों। हे सोमदेव! सोमवल्ली के संपूर्ण अवयव धनवान इंद्र के लिए प्रीतिकर होते हुए वृद्धि को प्राप्त करें। हे सोमदेव! आपका कल्याण हो। आपकी कृपा से हम सोम-यज्ञ कार्य को शीघ्र ही समाप्त करें। आपकी अनुकंपा से हम धन प्राप्त करें। हे अग्निदेव! जो आपका लौहमय, रजतमय तथा स्वर्णमय शरीर है, वह देवताओं की मनोकामना को पूर्ण करने वाला, असुरों को दुर्गम स्थान वाली गुफाओं में अवस्थित करने वाला, राक्षसों के कठोर शब्दों को नष्ट करने वाला तथा देवताओं के निमित्त आरोप प्रत्यारोप पूर्वक उच्चारण किए गए कथन को पूर्णतया प्रभावहीन कर देने वाला है। इस प्रकार के महिमाशाली शरीरधारी आपके लिए यह आहुति प्रदान की जा रही है। हे पृथ्वीदेवी! आप ही आप 'तप्तयानी' अर्थात् ऊर्जा प्रदान करने वाली और 'वित्तयानी' अर्थात् धन प्रदान करने वाली हैं। दीनता से हमे बचाएं। हे उत्तरवेदि! आप सिंहनी रूप हैं। आप आदित्य को प्रसन्न करने वाली हैं। आप ब्राह्मण एवं क्षत्रियों को हर्षित करने वाली हैं। इस रूप वाली आपको आहुति प्रदान की जाती है। हे मध्य परिधि! आप स्थिर हैं, अतः पृथ्वी को आप दृढ़ करें। हे दक्षिण परिधि! आप अंतरिक्ष में स्थिर यज्ञ में निवास करने वाली हैं, अतः आप अंतरिक्ष को पुष्ट करें। हे उत्तर परिधि! आप द्युलोक रूप हैं, अतः द्युलोक को स्थिर करें। हे गुग्गुल आदि सुगंधित द्रव्य समूह! आप अग्नि को पूर्ण करने वाले हैं। महान, सर्वज्ञ, वेदों का भलीभांति अध्ययन करने वाले ऋत्विकगण, सांसारिक विषयों से मन हटाकर यज्ञकार्य की पूर्णता के विषय में विचार करने लगते हैं। संपूर्ण प्राणियों के साक्षीभूत, प्रेरणा देने वाले, सर्वदा श्रेष्ठ स्तुतियों से प्रशंसित सविता देवता को अनुकूल करने के लिए यह आहुति प्रदान की जाती है। हे विष्णुदेव! आप अपने सर्वव्यापी प्रथम पद पृथ्वी में, द्वितीय पद अंतरिक्ष में तथा तृतीय द्युलोक में स्थापित करते हैं। भूलोक आदि इनके पद-रज में अंतर्हित है। इन सर्वव्यापी विष्णुदेव को यह आहुति दी जाती है। हे पृथ्वी एवं द्युलोक! आप लोगों के लिए कृषि, संपत्ति से युक्त अनेक गौओं को देने वाले, यवादि श्रेष्ठ अन्नों को देने वाले तथा विवेकवान पुरुषों के लिए यज्ञ साधनों को प्रदान करने वाले हैं। आपके लिए हम यह आहुती समर्पित करते हैं। राक्षसों एवं अभिचार साधनों का विनाश करने वाले विष्णु देवता से संबंधित गर्त (गड्ढे) का हम प्रोक्षण करते हैं। हे उदुंबर (गूलर की लकड़ी) शाखे! आप स्थिर हों। यजमान भी अपने घर में पुत्र तथा पशुओं से पूर्ण होता हुआ स्थिर हो। इस घृत आहुति से आप द्युलोक और पृथ्वी को संव्याप्त करें। हे तृण निर्मित छप्पर! आप इंद्र से जुड़ गए हैं, अतः आप सभी लोगों के छाया स्वरूप हैं। हे रज्जु! आप इंद्रदेव का संबंध जोड़ने के सीवन रूप हैं। हे ग्रंथि! आप इंद्रदेव से संयुक्त होकर स्थिर हों। हे आग्नीध! आप इंद्रदेव से संबंधित हो गए हैं। सभी देवताओं से संबंधित हो जाएं।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

## वेदांत दर्शन: विशिष्टाद्वैतवाद

विशिष्टाद्वैतवाद जैसा कि इसके नाम से ही संकेतित है, 'अद्वैत' से मिलता-जुलता संप्रदाय है। 'अद्वैत' के पूर्व गुणवाचक 'विशिष्ट' विशेषण के जुड़ने से इसकी उत्पत्ति हुई है। इस मत के अनुसार "ब्रह्म" ऐकांतिक होते हुए भी 'पुरूष' (ईश्वर) है। इसके दो विशिष्ट अंग क्रमशः चित (जीवात्मा) तथा अचित (जड़जगत), जो वास्तविक और उससे भिन्न या पृथक है। इन तीन तत्वों (तत्वत्रय) अर्थात् ब्रह्म, चित और अचित से ही सृष्टि संघटित है। तीनों में एकता होते हुए भी अभेद नहीं है अर्थात् अलगाव भी है। जीवात्मा, ईश्वर की कृपा से ही सृष्टि कर सकता है। इस मत का प्रतिपादन रामानुजाचार्य रचित 'ब्रह्मसूत्र' (बादरायण कृत) ग्रंथ पर लिखित "श्रीभाष्य" है। किंतु रामानुजाचार्य के विषय में विवरण अंकित करने से पूर्व वेदांतियों के दो अन्य महत्वपूर्ण संप्रदायों- 'द्वैतवादी' और 'द्वैताद्वैतवादी' पर प्रकाश डालना सर्वथा उचित प्रतीत होता है।

("द्वैतवाद") "ब्रह्मसूत्र" प्रणेता हमारे सुप्रसिद्ध बादरायण से पहले ही वेदांत के कई आचार्यों ने आत्मा एवं ब्रह्म के विषय में अपने-अपने मत का प्रतिपादन किया है। इनके तीन सिद्धांत क्रमशः द्वैत, अद्वैत एवं द्वैताद्वैत या भेदाभेद पर्याप्त लोकप्रिय हुए। द्वैत मत के संस्थापक औडुलोमि हैं। उनके मतानुसार 'आत्मा', 'ब्रह्म' से बिल्कुल भिन्न या अलग है, जब तक कि वह 'मोक्ष' को प्राप्त कर 'ब्रह्म' में विलीन नहीं हो जाता है। वेदांत के अतिरिक्त सांख्य, न्याय एवं वैशेषिक दर्शनों में भी आत्मा को प्रकृति या ब्रह्म से अलग स्वतंत्र तत्व माना गया है। स्पष्ट है इस मत के द्वैतवेदांती, सांख्य एवं वैशेषिक तीनों ही समर्थक हैं।

"द्वैताद्वैतवाद" इसी को 'भेदाभेदवाद' भी कहा गया है। इस मत या संप्रदाय के लोग, 'द्वैत' और 'अद्वैत' दोनों को ही सत्य स्वीकारते हैं। इस मत के प्रमुख प्रवर्तक निम्बार्क, भास्कराचार्य या आचार्य भास्कर माने जाते हैं। इस संप्रदाय को ही देवर्षि संप्रदाय, हंस संप्रदाय एवं सनकादि संप्रदाय नामों से भी जाना जाता है। निंबार्काचार्य के जन्मकाल को लेकर पर्याप्त मत भेद है। महाभारत के अर्जुन के पौत्र एवं परीक्षित के पुत्र जन्मे जय का समकालीन मानने वाले भी हैं। जबकि डॉ. राजबली पांडेय सहित अधिकांश आधुनिक विद्वान इनको 11 वीं में हुआ निंबार्क स्वामी से अभिन्न बताते हैं, जिन्होंने 'ब्रह्मसूत्र' की विष्णुपरक व्याख्या कर के 'द्वैताद्वैत' अथवा 'भैदाभेद' मत की स्थापना की (-डॉ. राजबली पांडेय-हिंदू धर्मकोश, पृष्ठ 337)। आचार्य निंबार्काचार्य के मतानुसार ब्रह्म, जीव और जड़ अर्थात् चेतन और अचेतन से पृथक एवं अपृथक दोनों हैं।

इसी अलगाव या अलगाव अथवा भेद और अभेद पर उनका सिद्धांत आधारित है। इनके अनुसार जीव और जगत दोनों ब्रह्म के परिणाम हैं। दोनों ही ब्रह्म से भिन्न और अभिन्न हैं। यही इस मत का सार है।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

## गणपति क्यों हैं अधिपति



भारतीय ऋषियों के चिंतन को व्यापक रूप से देखने पर उसमें अध्यात्म के साथ विज्ञान की भी झलक मिलती है। अनेक वैज्ञानिक अन्वेषणों का आधार भारतीय ऋषियों के ज्ञान पर आधारित मिलता है। इसी क्रम में आधुनिक कम्प्यूटर साइंस में जिस माउस से पूरी दुनिया ही नहीं, बल्कि आकाश-पाताल की परिक्रमा की जाती है, वही माउस (चूहा) देवाधिदेव महादेव के पुत्र गणेश जी का वाहन है। गणेश ने माता-पिता के चरणों की परिक्रमा पलभर में करके प्रथम पूज्य का स्थान प्राप्त किया, उसी माउस से आपरेटर पलभर में वांछित परिणाम हासिल करता है।

अनेक तर्कशास्त्रियों का यह आरोप है कि पार्वती जी के शरीर के मैल से गणेश जी का जन्म व्यावहारिक नहीं है। प्रथम दृष्टया इसे सही मान तो लिया ही जाएगा, लेकिन कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से मैल को परिभाषित किया जाए तो पेन-ड्राइव, सीडीआर सहित सभी स्टोरेज मीडिया, पीडीएफ, हाइपर टेक्स्ट तथा अन्य फाइल फार्मेट, ई मेल जैसे मल्टीमीडिया आदि के कंटेट कम्प्यूटर के आपरेटिंग सिस्टम के मैल (इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट) ही हैं, जो कार्य उस सोर्स कम्प्यूटर जिसमें पूरी फाइल विद्यमान है। वहीं से डाउनलोड कर पेन ड्राइव आदि में फाइल के रूप में लिया जाता है। इन्हीं माध्यमों को प्राचीन ऋषियों ने 'मैल' नाम दिया तो आधुनिक दौर में उसे ई मेल जैसे एप या पेन ड्राइव मीडिया का कंटेट कह रहा है।

तर्कशास्त्री इस बात के लिए भी व्यंग्य करते हैं कि महादेव सर्वज्ञ थे तो उन्हें जान लेना चाहिए था कि गणेश जी उनके पुत्र हैं। फिर युद्ध की क्या जरूरत पड़ गई? इसे भी कम्प्यूटर साइंस की दृष्टि से देखा जाए तो यह विदित है कि चाहे जितना भी साफ्टवेयर, उसके लैंग्वेज या आपरेटिंग सिस्टम का कुशल कर्ता और ज्ञाता हो, वह बिना पासवर्ड के पेन ड्राइव और एप आदि से वांछित सामग्री नहीं ले पाएगा। क्योंकि जब तक सृष्टि के हितविधान में अपरिहार्य न हो, तब तक देवताओं के विनियामक व्यवस्था में इथिकल हैकिंग भी पूरी तरह अनिथिकल होती है। इसी के साथ गणेश जी का गर्दन काटकर हाथी का गर्दन क्यों लगाया गया, इस पर भी तर्कशास्त्री सवाल खड़ा करते हैं। इस पर मनन किया जाए, तो स्पष्ट प्रतीत होता है कि कम्प्यूटर संचालित करते वक्त खुद के मन से नहीं, बल्कि कम्प्यूटर के प्रोग्रामिंग से ही उसे संचालित किया जा सकता है। हाथी की तरह धरती, आकाश और पाताल भी है, उस पर दृष्टि उस नियंता आपरेटर को रखनी पड़ती है। निरंतर अपग्रेड के लिए साफ्टवेयर के लैंग्वेज को रिराइट और मदरबोर्ड, रैम-रोम आदि को संशोधित करना पड़ता है। इसलिए संदर्भित पौराणिक कथा को इस दृष्टि से देखना चाहिए।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

## चौपाई के शब्द उच्चारण में भ्रांतियां

'द्रवउ सो दसरथ अजिर बिहारी' अर्धाली बालकांड के 112 वें दोहे की दूसरी चौपाई में दूसरी अर्धाली है। यह पंक्ति ख्याति प्राप्त गायकों के द्वारा जब गाई जा रही होती है तो, 'अजिर' की जगह 'अजर' गाया जाता है। हालांकि फिल्म उद्योग से जुड़े लोग 'अजिर' शब्द को जानबूझकर, 'अजर' के रूप में अपभ्रष्ट करके नहीं गाते। 'ज' को 'जि' करने से भी मात्रा की दृष्टि से वर्ण में कोई अंतर नहीं आता। तब भी दोनों वर्ण लघु या ह्रस्व ही रहते हैं। फिर गवैया यह वैयाकरणिक अभ्यास क्यों करेंगे? न ही ये अधिकतर फिल्मी गायक लक्षण ग्रंथों के रचयिता, आचार्य, शास्त्री या वैयाकरण होते हैं। वास्तविकता यह है कि 'अजिर' को 'अजर' गाने वाले फिल्मी गायकों को न यह मालूम है कि, 'अजर' का अर्थ 'अ'+'जर', यानि जरा रहित, अर्थात 'युवा' होता है और न यह मालूम है, कि 'अजिर' का अर्थ, 'आंगन' होता है। इनके द्वारा, 'अजिर' को बिना सोचे-समझे फ्लो या फर्राटे के साथ, 'अजर' गाने का प्रमुख कारण, शंकर जी से और उनकी स्तुतियों-स्तवनों से जुड़े 'अजर-अमर' शब्द युग्म से है, जो इन्होंने कई बार सुन और अपनी व्यावसायिक गायिकी में भी फिट कर रखा है, लेकिन इसका वास्तविक अर्थ ये लोग नहीं जानते। तुलसी ने 'रामचरितमानस' में निवेदन या प्रार्थना के पर्यायवाची के रूप में, 'अस्तुति' शब्द का सैकड़ों बार प्रयोग किया है और 'स्तुति' को शायद भूलकर एक बार भी नहीं। जबकि 'अस्तुति' को हिंदी में 'स्तुति' का विलोम, 'निंदा' माना जाता है। यानि खड़ी बोली, हिंदी में जो, 'स्तुति', यानि प्रशंसा है, अवधी बोली में वही, 'अस्तुति', यानि निंदा है। यदि तुलसीदास हिंदी शब्दों को तोड़-मरोड़ कर अवधी शब्द बनाने की सामर्थ्य रखते थे, तो उन्होंने, 'मानस' के अपने ही पाठकों को सैकड़ों स्थानों पर भ्रमित होने से बचाने के लिए 'अस्तुति' के स्थान पर 'स्तुति' का ही प्रयोग क्यों नहीं किया? पर उनके द्वारा ऐसा किया जाना बहुत बड़ा अक्षम्य अपराध हो गया होता। इसलिए हमें अपने पांडित्य-प्रदर्शन के लिए तुलसी जैसे अतुल्य व अलौकिक विभूतियों को नहीं घसीटना चाहिए।



ओम प्रकाश मंजुल
पूरनपुर, पीलीभीत

# प्रदेश

## समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता

### भाजपा सांसद वरुण गांधी ने कई गांवों में किया जनसंवाद



गांधी सभागार में शिकायतें सुनते सांसद वरुण गांधी।

**कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत**

अमृत विचारः भाजपा सांसद वरुण गांधी ने दो दिवसीय दौरे के अंतिम दिन सोमवार को ललौरीखेड़ा ब्लॉक के पिपरा, गुटैहा, बिल्हा खजुरिया, मथुदांडी, जंगरौली, जिरौनिया, सतरापुर, चिनौरा, अलियापुर, सड़िया, रूपपुरकृपा, ललौरीखेड़ा, भूड़ा मगरासा आदि गांवों में जनसंवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने संविदाकर्मियों की दिक्कतों को खुलकर उठाया।

भाजपा सांसद ने कहा कि उन्होंने हमेशा निजीकरण का विरोध किया है। यह देशहित में नहीं है। देशभर में सरकारी नौकरियों के करीब एक करोड़ पद रिक्त हैं। जब किसी गरीब को नौकरी मिलती है तो पूरा परिवार खुशियों से झूम उठता है, सबको मजबूती मिलती है। संविदा की नौकरियां किसी का भला नहीं कर सकतीं। देश में बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, किसानों और गरीबों की समस्याओं को अनदेखा करने से देश का भला नहीं हो सकता।

**जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए डीएम को दिए निर्देश**

सांसद वरुण गांधी की अध्यक्षता में आम जनमानस की समस्याओं को गांधी सभागार में सुना गया। सांसद ने विभिन्न समस्याओं का संज्ञान लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। ग्राम भैसहा ग्वालपुर के किसानों की ओर से आवारा पशुओं को लेकर आ रही दिक्कत बताई गई थी। इसे लेकर सांसद ने डीएम को गांव में बड़ी गौशाला का निर्माण कराने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि जिन इलाकों में अधिक पशु हैं, वहां ठोस कदम उठाएं।

## विपक्ष कर रहा राम के नाम पर राजनीति : धर्मपाल सिंह

संभल। जनपद दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा राम मंदिर पर राजनीति नहीं करती। बल्कि अब विपक्ष राजनीति कर रहा है। निमंत्रण नहीं मिला तो कहते थे कि निमंत्रण नहीं दिया। निमंत्रण दिया तो वह राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुद्र है नीतीश अब भाजपा रूपी समुद्र में मिल गए हैं। प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी

जनपद दौरे के तहत कलेक्ट्रेट पर पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि राम प्राण हैं, आधार हैं, आस्था है, सभ्यता है, व्यवस्था हैं। इसी को लेकर बीजेपी आगे बढ़ रही है। अब ऐसी तस्वीर आ रही है कि मदरसे में भी रामायण पढ़ने के लिए उत्सुकता है। उन्होंने नीतीश के एनडीए में शामिल होने को लेकर कहा कि देर आए दुरुस्त आए। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी और समुद्र है, इस समुद्र में नदियां मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 की 80 सीट जीतेगी और देश में 400 लोकसभा की सीट जीतने का लक्ष्य पूरा होगा।

## सहायक शिक्षक भर्ती के आवेदन पत्र में एक और कॉलम जोड़ने का निर्देश

**विधि, संवाददाता प्रयागराज।**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती के आवेदन में त्रुटिपूर्ण एवं भ्रामक जानकारियां देने के मामले में महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि परिषदीय स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में परिणाम की स्थिति का एक और अतिरिक्त कॉलम भी आवेदन पत्र में शामिल किया जाए। जिससे उन उम्मीदवारों को भी आवेदन करने का अवसर मिले, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं या जिनके कुछ ही दिनों में घोषित होने की संभावना है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की एकलपीठ ने अजय कुमार व अन्य की याचिका पर विभागीय आदेशों को रद करते हुए पारित किया है। इसके साथ ही याचियों को 3 सप्ताह के अंदर सेवाओं में शामिल करने का भी निर्देश दिया है। मामले के अनुसार दिसंबर 2014 में परिषदीय स्कूलों में 15000 सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए एक विज्ञापन जारी किया गया था। याचियों ने अपने ऑनलाइन फॉर्म गलत ढंग से भरे और जमा किये, जिसमें उन्होंने परिणाम घोषित हुए बिना बीटीसी पाठ्यक्रम में प्राप्त अपने अंकों का उल्लेख किया। हालांकि याची फार्म जमा करने के कुछ दिनों के भीतर बीटीसी में उत्तीर्ण हो गए और बाद में संशोधन के लिए विंडो खुलने पर अपने आवेदन पत्र में सुधार कर दिया। कोर्ट के समक्ष प्रश्नगत मामला यह है कि पंजीकरण की तिथि पर गलत बयानी और योग्य न होने के कारण याचियों की नियुक्तियों को शून्य घोषित किया जाए या नहीं। मामले की विशिष्ट परिस्थितियों पर विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि याचियों ने पंजीकरण के चरण में अपने फार्म में गलत जानकारी दी। यह सत्य है कि उनका कार्य शुरू से ही प्रमाणित नहीं था, इस दृष्टि से वे सेवा में बने रहने के हकदार नहीं है, लेकिन विभिन्न चरणों में इस कोर्ट के हस्तक्षेप के कारण सरकार ने कई परिपत्र जारी किए और फॉर्म जमा करने की तिथि बढ़ा दी, साथ ही बाद में बीटीसी पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने का मौका दिया गया।


## वर्ग पहेली-327

**बाएं से दाएं**

1. 1. एक मुगल शासक जो अकबर का पिता था 2. भाग्यशाली व्यक्ति।
5. श्रावक धर्मावलंबी, जैन धर्म पर विश्वास करने वाला, जैन मतानुयायी।
6. 1. 'घम-घम' शब्द होना 2. तेज़ आवाज़ करना, गरजना।
9. 1. तरल पदार्थ (जल आदि) को उलीचकर बाहर फेंकना 2. पंक

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसकी आशा टूट गई हो, उदास, हताश, निराश, नाउम्मीद 2. खिन्न।
3. दरवाज़े के चौखट के नीचे की लकड़ी, देहरी।
4. 1. संसार 2. मर्त्यलोक 3. प्राणीजगत।
7. एक प्रकार का दलहन।
8. 1. कम मात्रा का, अल्प, न्यून, जो परिमाण में कम हो, अल्पलभ्य, कुछ, ज़रा-सा, किंचित 2. अपर्याप्त, आवश्यकता या ज़रुरत से कम या घटकर 3. केवल उतना जितने में कार्य हो जाए।



### वर्ग पहेली - 326 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज़ | ■ | 2 अँ | ■ | ■ | ■ |
| मीं | ■ | 3 जु | 4 बा | द | ■ |
| ■ | 5 ज़ | ली | ल | ■ | 6 आ |
| ■ | ■ | ■ | वा | ■ | ति |
| ■ | 7 घ | रा | ड़ी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | बा |
| 8 फ़ा | इ | न | ल | ■ | ज़ी |

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | 4 | | | | 2 | | |
| | 1 | | | 9 | | | | 8 |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जनवरी, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 08.54 तक तत्पश्चात पंचमी।

**मेष:** आज आप प्रतिस्पर्धियों के सामने बचाव के मूड में रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप कुछ प्रभावशाली लोगों के व्यक्तित्व और उनकी सफलता से काफी प्रेरित रहेंगे।

**वृष:** आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों का व्यवहार आपको दुखी कर सकता है। पिता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। संतान की उन्नति से आपको प्रसन्नता होगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक संबंध बन सकते हैं। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज अपनी जीवनशैली पर ध्यान अवश्य दें। आप थोड़े अव्यावहारिक हो सकते हैं जिसके कारण कार्यों में रुकावटें आ सकती है। निजी संबंधों में कुछ न्यूनता महसूस होगी। बीमारियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क:** आज आप अपने कुशल वाक् चातुर्य से महत्वपूर्ण परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे। किसी उत्सव में सम्मिलित होने का निमंत्रण मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**सिंह:** आज जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश न करें। अधिकारी वर्ग आपके काम में कमी निकाल सकते हैं। अनुपयोगी गतिविधियों में अपना समय बर्बाद न करें। आपको स्वास्थ्य में काफी ध्यान देना चाहिए। आय के स्रोतों में कमी आ सकती है।

**कन्या:** आज आर्थिक उलझनों का निवारण होगा। फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों का भाग्य खुल सकता है। अचानक बड़े प्रोजेक्ट्स मिल सकते हैं। आपकी इच्छाओं के पूरा होने के योग बन रहे हैं। मित्र आपकी सहायता करने का प्रयास करेंगे।

**तुला:** आज किसी महत्वपूर्ण काम में हाथ न डालें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक हो सकते हैं। मन में अप्राकृतिक और अव्यावहारिक विचारों का जमावड़ा लगा रहेगा। दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक रहेगी। पिता से झगड़ा हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज अपने परिजन व दोस्तों के साथ समय बिताएं। विद्यार्थियों को किसी उपलब्धि के लिए सम्मान मिल सकता है। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में उत्तम प्रगति होगी। प्रेम संबंध को वैवाहिक स्वरूप भी दे सकते हैं। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।


**धनु:** आज आपके व्यवहार एवं सिद्धांतों से कई लोग प्रभावित रहने वाले हैं। छोटे बच्चों की पढ़ाई को लेकर माता-पिता चिंतित हो सकते हैं। यात्रा काफी शुभ एवं मंगलमय रहने वाली है। रेस्टोरेन्ट एवं होटल कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी।

**मकर:** आज दिन की शुरुआत बहुत अच्छी रहेगी। दोपहर के बाद काम तेजी से गति पकड़ेंगे। सेहत में आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आपको अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन लेना चाहिए। उच्च शिक्षा में बड़ा शानदार प्रदर्शन करेंगे।

**कुंभ:** आज किसी से व्यर्थ में न उलझे। दूसरों के काम में टोका-टाकी करना उचित नहीं है। अपना चरित्र अच्छा रखें। विवाह सुख में कुछ न्यूनता रहेगी। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं। व्यस्तता के बावजूद अपने काम पर ध्यान दें।

**मीन:** आज दोस्तों के साथ मौज-मस्ती भरा समय बिताएंगे। धर्म-कर्म में दिखावा न करें। करियर में आपको बड़े मौके मिल सकते हैं। व्यवसाय में बड़ा लाभ व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दांपत्य सुख का भरपूर आनंद लेंगे।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.41 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.47, 23.01-23.53 तक। दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 22.06 तक तत्पश्चात हस्त।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- दरार — सुबह : 10.00
- खुद्दार — रात : 07.00

**Sony Max**
- सूरमा — दोपहर : 12.00
- कुत्ते — रात : 10.00

**Sony Pix**
- जॉम्बीलैंड — सुबह : 09.52
- सुपरमैन रिटर्न्स — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- वन टू थ्री — सुबह : 10.30
- सोचा न था — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
- ऐलान — सुबह : 09.28
- ...और प्यार हो गया — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत अपनी पड़ोसन से लड़ रही थी
पहली औरत- मेरे पास पैसा है, बंगला है गाड़ी है तेरे पास क्या है?
दूसरी औरत- मेरे पास 20 साल पहले सिलवाया हुआ शादी का ड्रेस है, जो मुझे आज भी फिट आता है।
फिर क्या! कॉलोनी में सन्नाटा छा गया...

पप्पू- यार मेरे एक कमीने दोस्त ने मेरी गर्लफ्रेंड का पर्सनल नंबर मेरे फोन से निकाल लिया।
दोस्त- फिर क्या हुआ भाई?
पप्पू : होना क्या था, साला सुबह से अपनी ही पत्नी को रोमांटिक मैसेज भेज रहा है।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 815 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14800-15000 |
| अरहरस्पेशल1 | 12400-12600 |
| चनादाल | 6750-6850 |
| मटरदाल | 5500-5600 |
| मसूरमलका | 7000-7050 |
| मसूरदाल | 7000-7050 |
| उड़ददाल | 8500- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 9000-10500 |
| मूँग धोवा | 9500-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 9100 - 11000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 7000 - 8000 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5050-5100 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# 27% कंपनियों ने जेएआई का इस्तेमाल रोका

## संचार कंपनी सिस्को के सर्वे के मुताबिक निजता, डेटा सुरक्षा जोखिम की वजह से लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी


निजता और डेटा (निजी सूचना) सुरक्षा जोखिमों के चलते चार में से एक संगठन ने जनरेटिव-कृत्रिम मेधा (जेन-एआई) पर प्रतिबंध लगा दिया है। संचार कंपनी सिस्को की एक शोध रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकला है।

शोध रिपोर्ट 'सिस्को 2024 डेटा प्राइवेसी बेंचमार्क स्टडी' भारत, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, मेक्सिको, स्पेन, ब्रिटेन और अमेरिका में 2,600 निजता एवं सुरक्षा पेशेवरों से बातचीत पर आधारित है। अध्ययन से पता चलता है कि अधिकांश कंपनियां डेटा गोपनीयता और सुरक्षा मुद्दों पर जेन-एआई के उपयोग को सीमित कर रही हैं और 27 प्रतिशत ने इसके उपयोग पर कम से कम अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिका की कंपनी सिस्को की शोध रिपोर्ट के अनुसार-चार में से एक से अधिक संगठनों ने गोपनीयता और डेटा सुरक्षा जोखिमों के कारण जेन-एआई के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। रिपोर्ट में जेनएआई के साथ बढ़ती गोपनीयता चिंता, एआई के उपयोग पर संगठनों के सामने आने वाली भरोसे संबंधी चुनौतियों और सूचनाओं को बेचने आदि का उल्लेख किया गया है। इस सर्वेक्षण के सातवें संस्करण में पाया गया कि निजता नियामकीय अनुपालन से कहीं आगे का मामला है।

कंपनियों की प्रमुख चिंताओं में कानूनी और बौद्धिक संपदा अधिकार (69 प्रतिशत) को जोखिम और जनता या प्रतिस्पर्धियों के सामने जानकारी साझा करने का जोखिम (68 प्रतिशत) शामिल है।

सिस्को ने कहा कि अधिकांश संगठन इन जोखिमों के बारे में जानते हैं और इसे सीमित करने के लिए नियंत्रण स्थापित कर रहे हैं। इनमें 63 प्रतिशत ने सीमाएं स्थापित की हैं कि कौन सा डेटा दर्ज किया जा सकता है, 61 प्रतिशत ने सीमाएं निर्धारित की हैं कि जेन-एआई माध्यम का उपयोग कर्मचारियों द्वारा किया जा सकता है, और 27 प्रतिशत ने कहा उनके संगठन ने कुछ समय के लिए जेन-एआई अनुप्रयोगों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। फिर भी, कई व्यक्तियों ने ऐसी जानकारी दर्ज की है जो चिंता बढ़ा सकती है। इसमें कर्मचारी जानकारी (45%) या कंपनी के बारे में गैर-सार्वजनिक जानकारी (48%) शामिल है।

### उत्तरदाताओं का मानना जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत



सिस्को के मुख्य विधि अधिकारी देव स्टालकॉफ ने कहा कि संगठन जेन-एआई को मौलिक रूप से भिन्न तकनीक के रूप में देखते हैं, जिसमें विचार करने के लिए नई चुनौतियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि जेन-एआई को डेटा और जोखिम को प्रबंधित करने के लिए नई तकनीक की जरूरत है।

# देर से मिलेगा उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- अक्टूबर में बारिश और अधिक तापमान के कारण देर से हुई थी बोवाई
- फरवरी अंत में आलू तैयार होने की संभावना, निर्यात पर पड़ेगा असर

**अमृत विचार :** देश-विदेश को उत्तर प्रदेश के आलू का स्वाद इस बार देर से मिलेगा। आलू बेल्ट में मुख्य फसल फरवरी अंत तक तैयार होगी। क्योंकि अक्टूबर में समय से बोई गई फसल अधिक तापमान से तो कुछ जगह बारिश से पिछड़ गई थी।

इसलिए ज्यादातर क्षेत्रों में किसानों ने अक्टूबर की बजाय नवंबर में बोवाई की थी। जबकि मुख्य फसल मौसम अनुकूल होने पर 15 से 25 अक्टूबर तक की जाती है। इसकी 25 फरवरी से खोदाई शुरू हो जाती है। आलू की तमाम प्रजातियां पकने में 100-110 दिन तक लगते हैं। ऐसी स्थिति में मार्च शुरुआत में ही बाजार में आलू आने की संभावना है। फसल पिछड़ने से इस बार प्रदेश से निर्यात भी देर से होगा।

**आगरा व कन्नौज बेल्ट से 200 टन करना है निर्यात:** लखनऊ के रहमान खेड़ा स्थित मंडी परिषद के मैंगो पैक हाउस से पहली बार आलू का निर्यात परीक्षण के तौर पर फरवरी से ओमान, बहरीन व दुबई होना है। इसके लिए कन्नौज बेल्ट से 200 टन चिप्स सोना और कुफरी बहार 3792 प्रजाति किसानों से खरीदी जानी है। जो तैयार न होने के कारण किसान तय समय पर नहीं दे पाएंगे। इससे निर्यात में देरी होगी और असर पड़ेगा। वैसे इन देशों को ईरान आलू की पूर्ति करता आ रहा है।

वहीं इस संबंध में अकरब बेग (जीएम मैंगो पैक हाउस) ने बताया कि मैंगो पैक हाउस को पहली बार फरवरी से निर्यात करना है। इसी आधार पर आगे मांग आएगी। लेकिन, फसल तैयार न होने के कारण मार्च में ही निर्यात कर पाएंगे।

### प्रदेश में आलू का रकबा

बोआई : 700 लाख हेक्टेयर में

अनुमानित पैदावार : 250 लाख एमटी

> अक्टूबर में बारिश के कारण समय पर आलू की बोवाई नहीं हो पाई। इस बीच की गई फसल बर्बाद हो गई थी। इस कारण मौसम सामान्य होने पर देर से बोवाई की गई और देर से खोदाई होगी।
>
> -डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, वरिष्ठ कृषि विज्ञानी, कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,900-48,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,500 |
| चांदी तैयार | 73,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,300 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,300 |
| चांदी पक्की | 732 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,350 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## एमएसएमई को सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहता हूं

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सचिव नीरज मित्तल ने सोमवार को कहा कि छोटी, नवोन्वेषी कंपनियों के कुछ "उत्कृष्ट" उत्पाद बनाने के तथ्य पर गौर करते हुए वह एमएसएमई को न केवल सार्वजनिक क्षेत्र की निविदाओं के लिए बल्कि निजी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धी होते देखना चाहते हैं। दूरसंचार विभाग के शीर्ष अधिकारी मित्तल ने कहा कि सरकार उत्पादन संबंधी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में सुधार करना चाहती है और नई, बेहतर योजना के लिए लघु, कुटीर एवं मझौले उद्यमों (एमएसएमई) से भी उनके विचार मांगे हैं।

## सरकार तय कर सकती है वित्तीय संस्थानों से 70,000 करोड़ के लाभांश का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्तीय संस्थानों से लाभांश के तौर पर लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद कर रही है। चालू वित्त वर्ष में आरबीआई से मिले अच्छे लाभांश के बाद यह उम्मीद की जा रही है।

सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले अंतरिम बजट में वित्तीय संस्थानों से लाभांश प्राप्त करने का जो लक्ष्य रखेंगी, वह चालू वित्त वर्ष के लिए अनुमानित 48,000 करोड़ रुपये से कहीं अधिक होगा। चालू वित्त वर्ष का अनुमान पहले ही बजट लक्ष्य से अधिक हो चुका है। इसका कारण आरबीआई का 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों का तिमाही वित्तीय परिणाम अच्छा रहा है। ऐसे में आने वाले वर्ष में उनकी तरफ से लाभांश भुगतान चालू वित्त वर्ष की तुलना में अधिक होगा। सूत्रों ने कहा कि इसीलिए, वित्त वर्ष 2024-25 में आरबीआई और वित्तीय संस्थानों से लाभांश भुगतान के रूप में लगभग 70,000 करोड़ रुपये प्राप्त करने की उम्मीद करना उपयुक्त है।

## चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन में चार प्रतिशत कम होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में चीनी का उत्पादन 2023-24 सीजन (अक्टूबर-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब चार प्रतिशत घटकर 3.16 करोड़ टन रहने का अनुमान है। चीनी व्यापार संगठन अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को अपना पहला उत्पादन अनुमान जारी करते हुए कहा कि 3.16 करोड़ टन के अनुमानित चीनी उत्पादन और 57 लाख टन के शुरुआती भंडार के साथ देश में चीनी की उपलब्धता 3.73 करोड़ टन होने की संभावना है। यह अनुमानित घरेलू खपत 2.9 करोड़ टन से अधिक है।

## सेंसेक्स में जोरदार उछाल से निवेशकों की पूंजी छह लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी लिवाली और एशियाई बाजारों में तेजी के चलते बीएसई सेंसेक्स में करीब दो प्रतिशत के उछाल के साथ सोमवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये बढ़ गई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,240.90 अंक यानी 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,941.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,309.55 अंक तक उछल गया था। दिन में कारोबार सेंसेक्स 1,309.55 अंक या 1.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,010.22 अंक तक पहुंचा था। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6,08,556.11 करोड़ रुपये बढ़कर 3,77,20,679.19 करोड़ हो गया। सेंसेक्स की कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर करीब सात प्रतिशत चढ़ गया। बाजार में तेजी में इसका सबसे ज्यादा योगदान रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, टाइटन और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रबीर, अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज एक मामले में समाचार पोर्टल 'न्यूजक्लिक' के संस्थापक और मुख्य संपादक प्रबीर पुरकायस्थ तथा मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत सोमवार को बढ़ा दी। उन पर चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुरकायस्थ मामले में आरोपी हैं जबकि पूर्व सह-आरोपी चक्रवर्ती हाल में मामले में सरकारी गवाह बन गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सोमवार को उनकी न्यायिक हिरासत 17 फरवरी 2024 तक बढ़ा दी।

### तेजस्वी यादव को बयान दाखिल करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव को उनकी उस कथित टिप्पणी को वापस लेते हुए एक उपयुक्त बयान दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। न्यायमूर्ति ए.एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी के पूर्व के हलफनामे को लेकर शिकायतकर्ता द्वारा आपत्ति जताये जाने के बाद एक नया बयान दाखिल करने के लिए राजद नेता को एक हफ्ते का वक्त दिया है।

### 500 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यूरो की सिरसा यूनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-9 पर अंडरब्रिज गांव सिकन्दरपुर से एक कार में सवार दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके पास से 501 ग्राम हेरोईन पकड़ने में सफलता हासिल की है। ब्यूरो इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 50 लाख 10 हजार रुपये आंक रहा है। आरोपियों के खिलाफ सदर थाना सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के सिरसा स्थित पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित, माता-पिता व शिक्षकों को दी सलाह

# अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अभिभावक अपना विजिटिंग कार्ड न मानें: नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अभिभावकों को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड नहीं मानने की सलाह दी। उन्होंने यह भी कहा कि दबाव से निपटने में बच्चों की मदद करने के लिए उनमें दृढ़ता पैदा करना महत्वपूर्ण है और माता-पिता व शिक्षकों को सामूहिक रूप से छात्रों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करना चाहिए। दसवीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व छात्रों के मानसिक तनाव को कम करने के उद्देश्य से मोदी ने छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने और अभिभावकों को अपने बच्चों में प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज ना बोने का भी सुझाव दिया।

अपने वार्षिक 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-हमारे बच्चों में दृढ़ता पैदा करना और दबावों से निपटने में उनकी मदद करना महत्वपूर्ण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को हमेशा ऐसे दोस्त बनाने का सुझाव दिया जो अधिक बुद्धिमान हों और कड़ी मेहनत करते हों। उन्होंने कहा-आपको ऐसे दोस्तों से प्रेरित होना चाहिए। पढ़ाई और परीक्षा के दबाव को खुद पर हावी न होने दें। मोदी ने कहा कि भले ही प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा-बहुत से माता-पिता अपने बच्चों को दूसरे बच्चों का उदाहरण देते रहते हैं। माता-पिता को इन चीजों को करने से बचना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा 2024' के दौरान छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। • एजेंसी

# मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की परंपरा बंद हो : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल रोक लगाने का दिया निर्देश



उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अदालती मामलों में वादियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा बंद होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को भी इस पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ अदालतों के समक्ष दाखिल किसी भी याचिका में पक्षों के मेमो में वादी की जाति या धर्म का उल्लेख नहीं होना चाहिए। पीठ ने कहा-हमें इस अदालत के समक्ष या किसी भी अधीनस्थ अदालत के समक्ष किसी वादी की जाति या धर्म के उल्लेख का कोई कारण नजर नहीं आता। इस तरह की परिपाटी रुकनी चाहिए और तत्काल बंद होनी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने राजस्थान की एक कुटुम्ब अदालत में लंबित एक वैवाहिक विवाद में मामले को स्थानांतरित करने की अनुमति देते हुए आदेश सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर हैरानी जताई के पक्षों के मेमो में पति और पत्नी दोनों की जातियों का उल्लेख किया गया है।

### कोर्ट ने मजिस्ट्रेट को उपयुक्त प्रशिक्षण दिलवाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने अग्रिम जमानत हासिल कर चुके एक व्यवसायी की पुलिस रिमांड को अदालत की घोर अवमानना करार देते हुए सोमवार को कहा कि वह गुजरात उच्च न्यायालय को दंडाधिकारियों (मजिस्ट्रेट) को उपयुक्त प्रशिक्षण देने के लिए कहेगा। गुजरात के व्यवसायी की पुलिस रिमांड को लेकर अत्यधिक नाखुशी जाहिर करते हुए शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को व्यक्ति की अवमानना याचिका पर सूरत के कुछ पुलिस अधिकारियों और एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत को सूचित किया गया कि पिछले साल 8 दिसंबर को याचिकाकर्ता तुषारभाई रजनीकांतभाई शाह को अग्रिम जमानत दी गई थी।

## राकांपा विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर निर्णय लेने की समयसीमा बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फैसला करने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया निर्देश

उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट से जुड़े राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका पर फैसला करने के लिए राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को दी गई समयावधि सोमवार को 15 फरवरी तक बढ़ा दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 30 अक्टूबर को राकांपा के शरद पवार गुट के नेता जयंत पाटिल की इस याचिका पर फैसला करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को 31 जनवरी तक का समय दिया था।

पाटिल की याचिका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का हिस्सा बनने के लिए पाला बदलने वाले राकांपा विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने उसी दिन नार्वेकर को निर्देश दिया था कि वह शिवसेना के प्रतिद्वंद्वी गुटों की ओर से दाखिल उन याचिकाओं पर भी 31 दिसंबर तक फैसला करें जिनमें दोनों ने एक-दूसरे के विधायकों को सदन की सदस्यता से अयोग्य ठहराने का अनुरोध किया है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इन दलीलों पर गौर किया कि याचिका पर आदेश पारित करने के लिए तीन और सप्ताह की आवश्यकता है। मेहता ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर अध्यक्ष द्वारा हाल में पारित आदेश का उल्लेख किया और कहा कि प्रतिवादियों की जिरह अभी पूरी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि यह 31 जनवरी तक पूरी हो जाएगी तथा आदेश पारित करने के लिए तीन सप्ताह का समय और दिए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुटों द्वारा दायर याचिकाओं के निपटारे में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि राकांपा के मामले में कार्यवाही वैसे समाप्त हो चुकी है और अध्यक्ष को आदेश लिखने के लिए वास्तव में कुछ और समय की आवश्यकता है।

## नीतीश कुमार जल्द करेंगे मंत्रिमंडल का विस्तार

पटना, एजेंसी

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने के एक दिन बाद विधानसभा अध्यक्ष पद और अन्य विधायकों को मंत्रिपरिषद में शामिल करने के लिए जोरदार गोलबंदी शुरू हो गई है।

कुमार ने विभागों के बंटवारे के लिए अपने नये मंत्रिमंडल की सोमवार को बुलाई गयी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर राजग के घटक दलों के नेता चुप्पी साधे रहे। सूत्रों के मुताबिक कैबिनेट सचिवालय सोमवार शाम तक विभागों के बंटवारे से संबंधित अधिसूचना जारी कर सकता है। कैबिनेट बैठक में रविवार को शपथ लेने वाले सभी आठ मंत्री शामिल हुए। नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा के अलावा भाजपा के प्रेम कुमार, जद-यू के विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार और विजय कुमार चौधरी, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संतोष कुमार सुमन और निर्दलीय विधायक सुमित कुमार सिंह ने मंत्री के तौर पर रविवार को शपथ ली थी।

### हनुमान ध्वज हटाए जाने के बाद कर्नाटक के गांव में तनाव बरकरार

**मांड्या (कर्नाटक)।** कर्नाटक में मांड्या जिले के केरागोडु गांव में 108 फुट ऊंचे स्तंभ से हनुमान ध्वज उतारे जाने को लेकर कड़े विरोध और पुलिस कार्रवाई के एक दिन बाद सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण किंतु नियंत्रण में रही। प्राधिकारियों द्वारा ध्वज उतारे जाने के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जनता दल सेक्युलर (जद-एस) और बजरंग दल के सदस्यों के साथ-साथ गांव और उसके आसपास के क्षेत्रों के लोगों का प्रदर्शन जारी है। ऐसे में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को एहतियातन तैनात किया गया है। प्रदर्शनकारियों ने ध्वज उतारे जाने के विरोध में भगवा झंडे लेकर उपायुक्त कार्यालय तक मार्च निकालना शुरू किया है।

### दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण से संबंधित कानून की वैधता बरकरार रखी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण (एनएए) से संबंधित कानूनी प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की पीठ ने फिलिप्स इंडिया, रेकिट बेंकिजर, जिलेट इंडिया और प्रॉक्टर एंड गैंबल होम प्रोडक्ट्स आदि सहित कई संस्थाओं की 100 से अधिक याचिकाओं वाले मामलों की सुनवाई के दौरान दिया था। अदालत ने कहा-हमने (सीजीएसटी अधिनियम की) धारा 171 के साथ-साथ 2017 के (सीजीएसटी) नियमों के नियम 122, 124, 126, 127, 129, 133 और 134 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी के आरक्षण को खत्म करने की साजिश : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने यूजीसी का मसौदा दिशा-निर्देश को लेकर लगाया आरोप



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) का मसौदा दिशानिर्देश उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म करने की साजिश है।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, यूजीसी के नए मसौदे में उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को ख़त्म करने की साजिश हो रही है। आज 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में लगभग 7,000 आरक्षित पदों में से 3,000 रिक्त हैं, और जिनमें सिर्फ 7.1 प्रतिशत दलित, 1.6 प्रतिशत आदिवासी और 4.5 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के प्रोफेसर हैं। उन्होंने दावा किया-आरक्षण की समीक्षा तक की बात कर चुकी भाजपा-आरएसएस अब ऐसे उच्च शिक्षा संस्थानों में से वंचित वर्ग के हिस्से की नौकरियां छीनना चाहती है।

### अगर मोदी फिर जीते, तो भारत में आ सकती तानाशाही



**भुवनेश्वर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भारतीय जनता पार्टी फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से दूरी बनाने का आग्रह किया और आरोप लगाया कि वे जहर के समान हैं। खरगे ने कांग्रेस की सभा में कहा-यह भारत में लोकतंत्र को बचाने के लिए लोगों के पास आखिरी मौका होगा। अगर नरेन्द्र मोदी एक और चुनाव जीतते हैं, तो देश में तानाशाही होगी। भाजपा भारत में उसी तरह शासन करेगी जैसे पुतिन रूस में कर रहे हैं। खरगे ने भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा सरकार राज्यों और विपक्ष के नेताओं को डरा-धमका कर चल रही है।

# भारतीय टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र प्रमुख जैसी सुरक्षा

## 60 साल बाद पाकिस्तान में डेविस कप खेलने पहुंची है टीम, खिलाड़ियों की सुरक्षा में किए गए कड़े इंतजाम

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

डेविस कप मुकाबले के लिए करीब 60 साल में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर गई भारतीय टेनिस टीम को इस्लामाबाद में राष्ट्र अध्यक्ष जैसी सुरक्षा मुहैया कराई गई है। खिलाड़ियों के लिए लागू सुरक्षा योजना के तहत एक बम निरोधक दस्ता हर सुबह इस्लामाबाद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच करेगा और यात्रा के दौरान भारतीय टीम दो एस्कॉर्ट वाहन की निगरानी में रहेगी। भारतीय खिलाड़ी ज्यादातर आयोजन स्थल और होटल तक ही सीमित रहेंगे।


पाकिस्तान रवाना होने से पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी और सहयोगी दल।

### 4-5 सुरक्षा घेरे में रहेगी भारतीय टीम

पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) के महासचिव कर्नल गुल रहमान ने कहा कि भारतीय टीम 60 साल के बाद पाकिस्तान आई है इसलिए हम अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। भारतीय टीम के चारों ओर सुरक्षा की चार से पांच परतें हैं। वह इस आयोजन के सुरक्षा प्रबंधक है। यात्रा के दौरान टीम के साथ रहेंगे। भारतीय दल रविवार रात इस्लामाबाद पहुंचा, जिसमें पांच खिलाड़ी, दो फिजियो और अखिल भारतीय टेनिस संघ के दो अधिकारी हैं।

### बम निरोधक दस्ता करेगा जांच, एस्कॉर्ट वाहन रहेंगे साथ

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि यात्रा के समय एस्कॉर्ट वाहन टीम के साथ रहेंगे। टीम वीवीआईपी प्रवेश द्वार से होटल में प्रवेश करेगी, जो राज्य के प्रमुखों के लिए आरक्षित है। बम निरोधक दस्ते हर सुबह आयोजन स्थल की गहन जांच करेंगे और कार्यक्रम स्थल में किसी को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे मुकाबले के दौरान जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद एशिया के सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में सुरक्षा पहले से ही कड़ी है। यहां लगातार हवाई निगरानी हो रही है, शहर में लगभग 10,000 कैमरे लगे हैं। भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस काम में पाकिस्तान स्पोर्ट्स बोर्ड (पीएसबी), इस्लामाबाद पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और अन्य की टीमें सहयोग कर रही हैं।

### मेजबानी सम्मान की बात

पीटीएफ महासचिव ने कहा कि भारतीय टीम की मेजबानी करना न केवल पीटीएफ के लिए बल्कि पाकिस्तान के लिए भी सम्मान की बात है। हम खेल कूटनीति में विश्वास करते हैं। पाकिस्तान के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ियों में से एक अकील खान ने कहा कि भारतीय टीम अगर सहज है तो उसे शहर में घूमना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं और शहर नहीं देख सकते हैं तो रेस्त्रां में जाएं। वह उन्हें रात्रिभोज के लिए ले जाना चाहेंगे।

# मंदीप ने इंटरकॉटिनेंटल खिताब जीता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉप्पेनिश सिटी में गेरार्डो एसक्विवेल को हराकर अमेरिका की नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन (एनबीए) का इंटरकॉन्टिनेंटल सुपर फेदरवेट खिताब जीता है। 30 साल के मंदीप ने अमेरिका के मुक्केबाज के खिलाफ शुक्रवार को प्रतिस्पर्धा के लिए अपने पिछले 75 किलोग्राम भार वर्ग को छोड़कर कम भार वर्ग में उतरना पड़ा।

उन्होंने कहा कि यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति की है, जिसने इस पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। इसमें कोच, परिवार, प्रशंसक और साथ खड़े रहने वाले शामिल हैं। वह यह खिताब अपने देश को समर्पित करते हैं। देश के लिए भविष्य में भी इसी तरह का सम्मान और खिताब हासिल करने की कोशिश करेंगे। मंदीप जांगड़ा ने 2021 में पेशेवर मुक्केबाजी में पदार्पण किया था। एसक्विवेल को हराने से पहले उन्होंने अपने छह मुकाबलों में से चार में नॉकआउट



जीत दर्ज की है। उन्होंने अमेच्योर सर्किट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 2014 ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था।

# जडेजा और राहुल के बाहर होने से भारत को झटका, सरफराज का इंतजार खत्म

## चोट के कारण विशाखापत्तनम में दो फरवरी से शुरू हो रहे मैच में नहीं खेल सकेंगे

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और बल्लेबाज लोकेश राहुल विशाखापत्तनम में दो फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाएंगे, जिससे मेजबान टीम को श्रृंखला के पहले टेस्ट में हार के बाद दोहरा झटका लगा है। जडेजा को रविवार को पहले टेस्ट के दौरान तेजी से रन लेते हुए पैर की मांसपेशियों में चोट लगी थी, जबकि राहुल ने जांघ में दर्द की शिकायत की है। राहुल को पिछले साल मई में आईपीएल के दौरान भी जांघ में चोट लगी थी और उन्हें सर्जरी करानी पड़ी थी, इस कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे।



### सौरभ और वाशिंगटन सुंदर भी टीम में शामिल

बीसीसीआई ने कहा कि चयन समिति ने मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान, स्पिनर सौरभ कुमार और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने वाले सरफराज को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने हाल में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था। विराट कोहली निजी कारणों से शुरुआती दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जबकि जडेजा और राहुल की चोट ने भारत की मुसीबत बढ़ा दी है।

### रजत पाटीदार के खेलने की संभावना ज्यादा

सरफराज टीम में जगह पाने के हकदार हैं लेकिन विशाखापत्तम में रजत पाटीदार के पदार्पण करने की संभावना अधिक है जो पहले ही भारत की 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं। अहमदाबाद में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ गुरुवार से होने वाले तीसरे और अंतिम मुकाबले के लिए वाशिंगटन सुंदर के विकल्प के तौर पर सारांश जैन को भारत ए टीम में शामिल किया गया है। आवेश खान मध्य प्रदेश की अपनी रणजी टीम के साथ रहेंगे और जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम से जुड़ेंगे।

### पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा ने किया था प्रभावी प्रदर्शन

पहले टेस्ट में राहुल और जडेजा दोनों ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन बाद में इंग्लैंड ने वापसी करते हुए 28 रन की जीत के साथ श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। जडेजा ने पांच विकेट चटकाने के अलावा पहली पारी में 87 रन बनाए, जबकि राहुल ने 86 रन की पारी खेली। जडेजा की ऑलराउंड क्षमता टीम के लिए काफी अहम है। अपने चार टेस्ट के करियर के दौरान प्रभावित करने वाले ऑफ स्पिनर वाशिंगटन अंतिम एकादश में जडेजा की जगह ले सकते हैं। पिछले साल सितंबर में एशिया कप में चोट के बाद वापसी करते हुए राहुल ने एकदिवसीय और टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन किया।

### दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

# ओली पोप के रास्ते में आने पर जसप्रीत बुमराह को फटकार

**दुबई, एजेंसी**

जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट के दौरान रन लेते समय इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप के रास्ते में आने और अनुचित शारीरिक संपर्क के कारण फटकार और एक डिमेरिट अंक दिया गया है। बुमराह का अपराध आईसीसी आचार संहिता के तहत लेवल एक का है। 24 महीने में यह उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि यह घटना इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुई जब बुमराह जान बूझकर ओली पोप के रास्ते में आ गए जब वह रन ले रहे थे, जिससे अनुचित शारीरिक संपर्क भी हुआ।

**आईसीसी ने रन लेते समय बीच में आने पर एक डिमेरिट अंक भी दिया**



बुमराह को आईसीसी की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। बुमराह ने सजा स्वीकार कर ली, जिससे मामले की औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायरों पॉल रीफेल और क्रिस गाफानी, तीसरे अंपायर मराइस इरास्मस और चौथे अंपायर रोहन पंडित ने बुमराह पर आरोप लगाया था।

### भारत डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें पायदान पर पहुंचा

दुबई। इंग्लैंड से मिली 28 रनों की हार के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका में तीन स्थान नीचे खिसक कर पांचवें पायदान पर पहुंच गया है। भारत पहले तालिका में दूसरे स्थान पर था। इंग्लैंड के खिलाफ हार के बाद भारत तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से नीचे चला गया है। ऑस्ट्रेलिया तालिका में शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका को केपटाउन टेस्ट में दो दिन के भीतर हराने के बाद भारत कुछ समय के लिए तालिका में शीर्ष पर भी था लेकिन इसके ठीक दो दिन बाद ही पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने क्लीन स्वीप किया और वह पहले स्थान पर पहुंच गया। हालांकि भारत को हराने के बावजूद इंग्लैंड भी तालिका में एक पायदान नीचे खिसक गया। इसकी वजह गाबा में ऑस्ट्रेलिया पर वेस्टइंडीज की ऐतिहासिक जीत रही। वेस्टइंडीज अब तालिका में सातवें स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड आठवें पायदान पर है।

**अंक तालिका में भारत से ऊपर दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड और बांग्लादेश**

## खेल डायरी

### अविनाश साबले और पारुल अमेरिका में लेंगे प्रशिक्षण

नई दिल्ली। खेल मंत्रालय ने एशियाई खेलों के पदक विजेता लंबी दूरी के धावक अविनाश साबले और पारुल चौधरी के अमेरिका के कोलोराडो में प्रशिक्षण के अनुरोध को सोमवार को मंजूरी दे दी। सरकार ने इसके साथ ही पहलवान अंशु मलिक को जापान और और सरिता मोर अमेरिका में प्रशिक्षण के लिए भी हामी भर दी है। साबले और पारूल कोच स्कॉट सिमंस की देख रेख में कोलोराडो स्प्रिंग्स में उच्च ऊंचाई वाले केंद्र में अभ्यास करेंगे। सरिता अमेरिका में अभ्यास करेंगी। टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन भी मंत्रालय के खर्च पर कोच किउ जियान की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जापान के ओसाका जाएंगे। मंत्रालय ने इसके साथ ही भारतीय पैरा-तीरंदाज शीतल देवी, सरिता और राकेश कुमार के लिए धनुष, तीर, साइट स्केल सहित अन्य उपकरणों की खरीद के अनुरोध के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी।

### क्रिकेटरों के पास शराब मिलने की होगी जांच

नई दिल्ली। सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) ने चंडीगढ़ से राजकोट वापस जाते हुए अपने अंडर-23 क्रिकेटरों के पास से शराब की बोतलें बरामद होने के बाद सोमवार को जांच शुरू करने का फैसला किया। यह घटना 25 जनवरी को सीके नायडू ट्रॉफी में मेजबान चंडीगढ़ पर सौराष्ट्र की जीत के बाद हुई। क्रिकेटरों को जिस विमान में चढ़ना था उसके कार्गो क्षेत्र में बड़ी मात्रा में शराब पाई गई। बाद में चंडीगढ़ हवाईअड्डे पर अधिकारियों ने शराब जब्त कर ली।

### सैफ चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम घोषित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच सुक्ला दत्ता ने सोमवार को बांग्लादेश के ढाका में दो से आठ फरवरी तक होने वाली सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। भारतीय टीम मंगलवार को बांग्लादेश रवाना होगी। सभी मुकाबले ढाका के मुस्तफा कमाल स्टेडियम में खेले जाएंगे। वर्ष 2021 की उपविजेता रही भारतीय टीम दो फरवरी को भूटान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

### चेन्नई करेगा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग की मेजबानी

नई दिल्ली। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग का तीसरा संस्करण 15 फरवरी से चेन्नई में खेला जाएगा, जिसमें ट्राफी के लिए नौ टीमें एक दूसरे का मुकाबला करेंगी। अहमदाबाद डिफेंडर्स, बेंगलुरु टॉरपीडो, कालीकट हीरोज, चेन्नई ब्लिट्ज, दिल्ली तूफान्स, हैदराबाद ब्लैक हॉक्स, कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स, कोलकाता थंडरबोल्ट्स और मुंबई मेटियर्स के बीच कड़ी जंग होने के आसार हैं, जबकि फाइनल मुकाबला एसडीएटी मल्टी-पर्पज इंडोर स्टेडियम में 21 मार्च को खेला जाएगा।

### गुकेश दूसरे स्थान पर रहे, मेंडोंका ने खिताब जीता

विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)। ग्रैंडमास्टर डी गुकेश चीन के वेई यी से अंतिम टाई-ब्रेकर में हारने के बाद टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय ग्रैंडमास्टर लियोन ल्यूक मेंडोंका ने अंतिम दौर में हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर चैलेंजर्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया। यह गुकेश के लिए मुश्किल दिन रहा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें 13वें गेम में ईरान के परहम माघसूदलू के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल के विजेता अनीश गिरी के खिलाफ तीन टाई-ब्रेक गेम में बेहतर साबित होना था। उन्होंने इन दोनों खिलाड़ियों को शिकस्त देने के बाद



खिताबी मैच में वेई यी के साथ पहला मुकाबला ड्रा खेला। चीन के खिलाड़ी ने अगले मुकाबले को जीतकर खिताब अपने नाम किया। वहीं मेंडोंका ने आखिरी चरण के मुश्किल मैच में दिव्या को हराया। यह मुकाबला बराबरी पर चल रहा था लेकिन दिव्या की एक चूक का फायदा उठा कर मेंडोंका ने शानदार जीत दर्ज की।

# सोनम मासकर ने आईएसएसएफ विश्व कप में जीता रजत पदक

**काहिरा, एजेंसी**

पहली बार आईएसएसएफ विश्व कप खेल रही सोनम मासकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीत लिया।

सोनम ने आठ महिलाओं के फाइनल में 252.1 स्कोर किया। वह जर्मनी की अन्ना जांस्सेन से 0.9 अंक पीछे रही। पोलैंड की अनेता स्टानकीविच को कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिव्यांश सिंह पंवार ने विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

**निशानेबाजी विश्वकप में पदार्पण करते हुए किया कमाल**



विश्व कप में भारत दो स्वर्ण और तीन रजत के साथ शीर्ष पर है। सोनम ने 633.1 और नैंसी ने 632.7 के स्कोर के साथ पांचवां और चौथा स्थान लेकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# भारत जमैका को रौंदकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचा

**मस्कट, एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम सोमवार को एफआईएच हॉकी-5 एस पुरुष विश्वकप के तीसरे और अंतिम पूल बी मैच में जमैका को 13-0 से रौंदकर टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है।

मुकाबले में भारत ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे ही मिनट में मनिंदर सिंह ने दो गोल दाग दिए। इसके बाद उत्तम सिंह और मंजीत ने भी एक-एक गोल किया। पहले छह मिनट में भारत ने 4-0 का स्कोर कर मैच पर मजबूत बढ़त बना ली। भारत ने लगातार हमला करके जमैका पर दबाव बनाए रखा और ब्रेक तक स्कोर 6-0 कर दिया। दूसरे हाफ में भी आक्रामक रणनीति बनाए रखी। इस दौरान मोहम्मद राहील, मनदीप मोर, मंजीत और मनिंदर सिंह ने गोल कर स्कोर 13-0 कर दिया।

**एफआईएच हॉकी विश्वकप**

# उप्र ने 41 बार की चैंपियन मुंबई को हराया

**मुंबई, एजेंसी**

आर्यन जुयाल के 76 और करण शर्मा के नाबाद 67 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत उत्तर प्रदेश ने सोमवार ग्रुप बी के रोमांचक रणजी ट्रॉफी मुकाबले में 41 बार के चैंपियन मुंबई को दो विकेट से हरा दिया। 195 रनों का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत खराब रही और 16 के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने के बाद आर्यन जुयाल एक छोर मजबूती से थामे खड़े रहे। जुयाल और करण ने तीसरे विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी की। जुयाल को 34वें ओवर में कोटियान ने पगबाधा आउट किया। उन्होंने अपनी 76 रनों की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। अक्षदीप नाथ 28 रन बनाकर आउट हुए। 6 बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके। वहीं करण शर्मा ने नाबाद 67 रनों की पारी से 69.5 ओवर में 8 विकेट पर 195 का स्कोर बनाते हुए दो विकेट से जीत दिला दी।

**उत्तर प्रदेश के आर्यन जुयाल और करण शर्मा ने खेली अर्धशतकीय पारी**

### मुंबई के तनुश ने चटकाए 5 विकेट

मुंबई के लिए तनुश कोटियन ने 5 विकेट चटकाए। शम्स मुलानी, रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले अंतिम दिन मुंबई की टीम दूसरी पारी में 8 विकेट पर 303 रन से आगे खेलते हुए 320 रन पर सिमट गई थी। उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 324 रन बनाए थे। मुंबई पहली पारी में 198 रन ही बना सकी थी।




# मुनव्वर फारुकी बनें बिग बॉस17 के विनर

सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी विजेता बन गए हैं। सलमान खान ने बिग बॉस 17 के विनर का एलान मुनव्वर फारूकी के रूप में किया। मुनव्वर फारूकी को बिग बॉस की ट्रॉफी के अलावा इनाम में 50 लाख रुपये की प्राइज मनी और एसयूवी कार भी मिली है। मुनव्वर फारूकी ने फिनाले में अंकिता लोखंडे, मन्नारा चोपड़ा, अरुण माशेट्टी और अभिषेक कुमार जैसे मजबूत दावेदारों को हराया। अभिषेक कुमार इस शो के रनरअप बने हैं।





### नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का म्यूजिक वीडियो आई एम बॉसी रिलीज हो गया है। इस म्यूजिक वीडियो की कोरियोग्राफी जोजो गोमेज ने की है। इसमें नोरा फतेही ने अपने शानदार डांस कौशल का प्रदर्शन किया है। फैंस इस गाने के ऑडियो रिलीज के बाद से वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

### 22 मार्च को रिलीज होगी पंजाबी फिल्म मजनू

पंजाबी फिल्म मजनू 22 मार्च को रिलीज होगी। इसमें गुरमीत सिंह ने संगीत दिया है। हशमत सुल्ताना, कमाल खान, नछत्तर गिल, जैस्मिन अख्तर, सिमरन भारद्वाज और शाहिद माल्या ने गाने गाए हैं। तिलोक कोठारी द्वारा निर्मित एवं सुजाद इकबाल खान द्वारा निर्देशित फिल्म मजनू में प्रीत बाठ, किरण शेरगिल, सब्बी सूरी, निर्मल ऋषि, गुरप्रीत भंगू, मलकीत रौनी, शिवेंद्र महल, जुगनू शर्मा और बब्बर गिल सहित कई कलाकार हैं। सह निर्माता जुगनू शर्मा हैं, लेखक सभा वर्मा हैं।

# रणबीर-आलिया को सर्वश्रेष्ठ कलाकार का पुरस्कार

रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 69वें फिल्मफेयर अवॉर्ड समारोह गुजरात के गांधी नगर में संपन्न हुआ। फिल्म एनिमल के लिए रणबीर कपूर को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, जबकि आलिया भट्ट को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। फिल्म 12 वीं फेल को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया। विधु विनोद चोपड़ा को 12वीं फेल के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विक्की कौशल को फिल्म डंकी के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड मिला, जबकि शबाना आजमी को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में सपोर्टिंग रोल के लिए अवॉर्ड मिला। बेस्ट प्लेबैक (मेल) का अवॉर्ड अर्जन वैली के लिए भूपिंदर बब्बल को मिला। बेस्ट प्लेबैक (फीमेल) का अवॉर्ड बेशरम रंग के लिए शिल्पा राव को दिया गया। बेस्ट म्यूजिक एल्बम का अवॉर्ड एनिमल के लिए प्रीतम, विशाल मिश्रा, मनन भारद्वाज, श्रेयस पुराणिक, जानी, भूपिंदर बब्बल, आशिम केमसन, हर्षवर्द्धन रामेश्वर और गुरिंदर सीगल को मिला। बेस्ट डायलॉग का अवॉर्ड रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के लिए इशिता मोइत्रा ने जीता। बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवॉर्ड मनोज वाजपेयी की फिल्म जोरम को मिला। विक्रांत मेस्सी को बेस्ट एक्टर मेल (क्रिटिक) का अवार्ड दिया गया। रानी मुखर्जी को बेस्ट एक्टर फीमेल (क्रिटिक) दिया गया। बेस्ट डेब्यू डायरेक्टर का अवॉर्ड तरुण डुडेजा को धक धक के लिए मिला।



# माता सीता की भूमिका निभाकर रोमांचित हैं प्राची

सोनी टेलीविजन पर प्रसारित शो श्रीमद् रामायाण में माता सीता की भूमिका निभाकर प्राची बंसल रोमांचित है। इसमें भगवान राम की कालजयी यात्रा को दर्शाया गया है। शो में मर्यादा पुरुषोत्तम राम का किरदार सुजय रेऊ, जबकि माता सीता का किरदार प्राची बंसल ने निभाया है। प्राची बंसल ने कहा कि माता सीता की भूमिका के लिए कई ऑडिशन और मॉक शूट के बाद, जैसे ही मुझे पता चला कि यह भूमिका मिल गई है, आंखों में आंसू आ गए। यह सब काफी स्वप्निल लग रहा था। बाल, मेकअप और पोशाक के लिए लुक को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हमने कई लुक टेस्ट किए, हर लुक पर 10-12 घंटे खर्च किए। लगभग 8-10 टेस्ट्स के बाद, हम वर्तमान स्वरूप पर सहमत हो गए।




### व्हाट द हेल नव्या का नया सीजन फरवरी में

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की नाती नव्या नवेली नंदा के शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन का टेलर रिलीज कर दिया गया है। अमिताभ बच्चन की नाती और श्वेता बच्चन की बेटी नव्या नवेली नंदा जल्द अपने शो व्हाट द हेल नव्या के दूसरे सीजन के साथ वापसी कर रही हैं। इस पॉडकास्ट में नव्या अपनी मां श्वेता बच्चन और नानी जया बच्चन के साथ दिखाई देने वाली हैं। इंस्टाग्राम पर नव्या ने अपने अपकमिंग पॉडकास्ट का ट्रेलर शेयर किया है। इस वीडियो की शुरुआत में देखा जा सकता है कि नव्या अपनी नानी जया से कहती हैं कि क्या आप जानती हैं कि जया-इंग नाम का एक शब्द है। इसके बाद नव्या जवाब देते वक्त जोर से हंसती हैं और कहती हैं ओहह। इसके आगे जया ने नव्या से कहा कि तुम लोग बात-बात में बहुत गालियां देती हो। इसके बाद नव्या ने श्वेता से बात की और कहा कि वह आपका सेंस ऑफ ह्यूमर समझ गई हैं। इसके जवाब में श्वेता कहती हैं नहीं आप मेरा सेंस ऑफ ह्यूमर नहीं समझ सकतीं। व्हाट द हेल नव्या सीजन 2 एक फरवरी से साप्ताहिक स्ट्रीम होगा।

### कुछ खट्टा हो जाए से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे गुरु रंधावा

जानेमाने गायक गुरु रंधावा फिल्म कुछ खट्टा हो जाए के साथ बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म में गुरु रंधावा और सई एम मांजरेकर मुख्य भूमिका में हैं। इसमें अनुपम खेर और इला अरुण भी हैं। यह पारिवारिक कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन जी अशोक ने किया है, अमित और लवीना भाटिया द्वारा यह निर्मित है। कुछ खट्टा हो जाए 16 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## जॉर्डन: हमले में मारे गए सैनिकों की मौत का जवाब देंगे : बाइडन

**कोलंबिया (अमेरिका)।** अमेरिका और ईरान के बीच एक बार तल्खियां बढ़ गई हैं। इसकी एक बढ़ी वजह बीती रात जॉर्डन में अमेरिकी सैनिकों पर ईरान समर्थित समूहों द्वारा किया गया ड्रोन हमला है।



इस हमले में अमेरिका के तीन सैनिकों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने जॉर्डन में हुए हमले का बदला लेने की बात कही है। हालांकि, ईरान ने अमेरिकी मिलिट्री बेस पर हुए हमले में अपनी भूमिका से इनकार कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक बयान में कहा कि तेहरान इस हमले में शामिल नहीं था। हमारा इस हमले से कोई संबंध नहीं है। इस क्षेत्र में अमेरिकी बलों और प्रतिरोध समूहों के बीच संघर्ष है।

## एलएसी पर एक साल से नहीं हुआ संघर्ष, सेना की मजबूत तैनाती

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ सेना प्रमुख बोले- दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य राजनयिक स्तर की वार्ता जारी

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। उन्होंने कहा, 'दूसरे पक्ष के साथ हमारी सैन्य और राजनयिक स्तर की वार्ता जारी है। हमें उम्मीद है कि हम दो बचे हुए मुद्दों का समाधान ढूंढ लेंगे। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है।'

जनरल पांडे ने कहा, 'पहला, हमारे अधिकारियों, जूनियर कमीशन अधिकारियों (जेसीओ) के पास रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र का ज्ञान है, जो असल में इलाके में उपकरणों का इस्तेमाल करते हैं। दूसरा, हमारे पास अकादमिक विशेषज्ञ हैं, जो 'ए' श्रेणी के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों में काम करते हैं। तीसरा, हमारे पास नागरिक सुरक्षा कार्यबल है, जो हमारी कार्यशालाओं और हमारी विनिर्माण इकाइयों में काम करता है। इन तीनों रास्तों के जरिए हम नवाचार की क्षमता का लाभ उठाना चाहते हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक बार जब हम जरूरत की पहचान कर लेते हैं और इन मार्गों के जरिए प्रस्ताव सामने आते हैं, तो सेना का डिजाइन ब्यूरो जांच करता है।' जनरल पांडे ने कहा, हाल ही में 'विद्युत रक्षक' नाम से एक परियोजना शुरू की गई है। इसके तहत हमने विक्रेताओं में से एक को नवाचार (इनोवेशन) और तकनीकी (टेक्नोलॉजी) का हस्तांतरण किया है।

## द. सूडान: बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच झड़प, 52 की मौत


**जुबा।** सूडान और दक्षिण सूडान दोनों के दावे वाले तेल समृद्ध क्षेत्र अबेई में बंदूकधारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया, जिसमें संयुक्त राष्ट्र शांतिदूत सहित 52 लोग मारे गए और 64 घायल हुए हैं। वर्तमान में अबेई क्षेत्र दक्षिण सूडान के नियंत्रण में है।

स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि शनिवार शाम को बंदूकधारियों ने हमला किया। अभी हमले की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन भूमि विवाद से जुड़े होने का संदेह है। अबेई के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतरिम सुरक्षा बल (यूएनआईएफएसए) ने हिंसा की निंदा की है। हिंसा में अपने एक शांतिदूत की मौत की पुष्टि की और कहा कि सांप्रदायिक हिंसा के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। बयान में कहा गया है कि अगोक में यूएनआईएफएसए बेस पर सशस्त्र समूह ने हमला किया।

## लिसा मिशन: ब्रह्मांड की घटनाओं को उजागर करेंगे नासा-इसा

▶▶ मिशन 2035 में लॉन्च किए जाने की बन रही योजना, बड़ी घटनाओं को उजागर करने में सक्षम

नैनीताल कार्यालय



नासा व इसा का मिशन लिसा का डिजाइन।

### इस मिशन से खुलेंगे ग्रेविटी के कई अंजान रहस्य

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वैज्ञानिक डा वीरेंद्र यादव का कहना है कि नई तकनीक जैसे जैसे विकसित हो रही हैं, वैसे वैसे ब्रह्मांड के रहस्य भी उजागर हो रहे हैं। ग्रेविटी अदृश्य होने के कारण संभव है कि इसके भीतर और भी रहस्य छिपे हो सकते हैं। जिनका पता लगाने में यह मिशन महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड अदृश्य शक्ति गुरुत्वाकर्षण तरंग की पहचान करने दुनिया की सबसे बड़ी दो स्पेस एजेंसिया एकजुट होने जा रही हैं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा व यूरोपियन अंतरिक्ष एजेन्सी इसा ने इस मिशन को लिसा डिटेक्टर नाम दिया है।

यह मिशन ब्रह्मांड की बड़ी घटनाओं जो उजागर करने में सक्षम होगा। लिसा मिशन को 2035 में लॉन्च किए जाने की योजना है। गुरुत्वाकर्षण वह अदृश्य ताकत है, जिसके प्रभाव से ब्रह्मांड की कोई भी वस्तु अछूती नही है। सुपरनोवा विस्फोट, हाइपर-घने सितारों और तारकीय-द्रव्यमान वाले ब्लैक होल विलय की ब्रह्मांडीय घटनाओं में गुरुत्वाकर्षण की बड़ी भूमिका होती है। जिसके चलते नासा व इसा ने संयुक्त मिशन तैयार किया है।

मिशन का डिजाइन तैयार हो चुका है और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी व नासा ने इस प्रोजेक्ट को हरी झंडी दे दी है। योजना के उपकरण डिटेक्टर में 2.5 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर तैरते तीन अंतरिक्ष यान शामिल होंगे, जो लेजर प्रकाश का एक त्रिकोण बनाएंगे। इससे न्यूट्रॉन सितारों और ब्लैक होल के ब्रह्मांड की विकृतियों का पता लग सकेगा। अंतरिक्षयान में इंटरफेरोमीटर उपकरण मौजूद रहेगा।

लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल-वेव ऑब्जर्वेटरी से इस मिशन को जोड़ा जाएगा। इस वेदशाला ने पहली बार 2015 में गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाया था। नासा के अनुसार यह मिशन बड़े पैमाने में लाखों गुना वृद्धि व कम-आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने में सक्षम होगा और दुर्गम ब्रह्मांडीय दुर्घटनाओं का पता लगाएगा।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: गुलमर्ग समेत कई पहाड़ी हिस्सों में हुई बर्फबारी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में बर्फबारी को दौर शुरू हुआ है। फोटो गुलमर्ग की है, जहां इस साल की पहली बर्फबारी हुई है। पिछले कई दिनों से बर्फबारी का इंतजार कर रहे पर्यटकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। गुलमर्ग के अलावा तनमर्ग, गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा सहित कई स्थानों पर पर्यटक बर्फ गिरने का आनंद लेने पहुंचे। बर्फबारी के कारण कई शहरों का पारा भी गिर गया है। पहलगाम में माइनस 0.8 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में माइनस 0.6 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान 2.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

### चीन कर सकता है ताइवान के खिलाफ शक्ति प्रदर्शन: अमेरिका

**ताइपे।** प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य कमांडर ने कहा चीन अपने हालिया चुनावों के बाद ताइवान के खिलाफ अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सकता है। ताइवान मीडिया के अनुसार यह जानकारी दी गई। 26 जनवरी को हवाई के होनोलूलू में आयोजित पैसिफिक फोरम में यूएस इंडो-पैसिफिक कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो मुख्य वक्ता थे। उन्होंने ने कहा कि अमेरिका 13 जनवरी को राष्ट्रपति चुनाव के बाद ताइवान के खिलाफ चल रहे अभियान की निगरानी कर रहा है।

## मुइज्जू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव

### मालदीव: राष्ट्रपति की बढ़ीं मुश्किलें, विपक्षी दलों ने प्रस्ताव पेश की बनाई योजना

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मालदीव की संसद में सबसे बड़ी मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। जिसके बाद मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है।

चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच रविवार को संसद में झड़प होने के एक दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) और डेमोक्रेट्स संसदीय समूह ने मतदान से पहले राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के चार सदस्यों के लिए संसदीय मंजूरी को रोकने का फैसला किया था। सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीपीएम/पीएनसी) के सरकार समर्थक गठबंधन ने संसदीय बैठक में बाधा डालते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसके बाद हंगामा हो गया। स्थानीय मीडिया ने एमडीपी के एक विधायक के हवाले से कहा कि एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं।

हालांकि, उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए "मजबूत जनादेश दिया है। 87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था।

एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं और एमडीपी के 43 सांसद और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। सन डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, संविधान में संसद के स्थायी आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### विपक्षी पार्टी एमडीपी ने कहा- सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। एमडीपी के संसदीय समूह की सोमवार बैठक हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का फैसला किया गया। बता दें कि माले की संसद में कुल 87 सदस्य हैं। संसद ने हाल ही में महाभियोग प्रस्ताव को आसानी से सौंपने के लिए अपने स्थायी आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी डेमोक्रेट के मिलाकर 56 सांसद हैं। इनमें 43 सांसद एमडीपी और 13 डेमोक्रेट के हैं। संविधान और संसद के स्थायी आदेशों के मुताबिक, 56 मतों के साथ राष्ट्रपति के खिलाफ लगाया जा सकता है। गौरतलब है कि पिछली साल दिसंबर मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन की यात्रा की थी, इस लिए मुइज्जू को चीन समर्थित कहा जाता है, लेकिन विपक्ष को ये सब रास नहीं आ रहा है।

## राम मंदिर कार्यक्रम प्रसारण मामला: तमिलनाडु पुलिस ने दायर किया हलफनामा

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रसारण पर कथित रोक के मामले में पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। अपने हलफनामे में तमिलनाडु पुलिस के डीजीपी ने कहा है कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर राज्य के कई मंदिरों में लाइव प्रसारण हुआ था।

पुलिस ने हलफनामे में तमिलनाडु भाजपा के दावों को भी गलत बताया और कहा कि सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने को कोशिश की गई, लेकिन ये गलत है। डीजीपी ने बताया कि 'लाइव प्रसारण के साथ ही राज्य के कई मंदिरों में पूजा-अर्चना भी हुई थी और उस दौरान पुलिस या राज्य सरकार द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया था। ये जो आरोप है कि तमिलनाडु के सीएम ने मौखिक तौर पर कार्यक्रम के प्रसारण पर रोक लगाई थी, यह आरोप पूरी तरह से गलत और आधारहीन है। तमिलनाडु पुलिस ने बताया कि भाजपा के प्रदेश सचिव विनोज पी सेल्वम ने तमिलनाडु सरकार को हिंदू विरोधी दिखाने की कोशिश की, जो कि बिल्कुल गलत और निंदनीय है।

## झगड़े की जड़ बने केस की सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस की पढ़ाई में दाखिले के लिए कथित फर्जी जाति प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के आरोपों की सीबीआई जांच कराने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट की खंडपीठ-एकल पीठ आदेश विवाद के बाद स्वतः संज्ञान सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों को सोमवार को अपने पास स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की पीठ ने बंगाल सरकार को राज्य में एमबीबीएस प्रवेश के लिए उपयोग किए जाने वाले कथित फर्जी अनुसूचित (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाणपत्रों के संबंध में राज्य पुलिस द्वारा शुरू की गई जांच की स्थिति विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया। दरअसल पश्चिम बंगाल में मेडिकल कॉलेज एडमिशन में आरक्षित वर्ग में एडमिशन के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया था। इस पर कोर्ट के जज अभिजीत गंगोपाध्याय ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का निर्देश दिया था। हालांकि कलकत्ता हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जज सोमेन सेन ने जज गंगोपाध्याय के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद जज गंगोपाध्याय ने जज सोमेन सेन पर एक राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट से दखल की अपील की थी।



▶▶ कलकत्ता हाई कोर्ट के दो जजों में आदेश को लेकर हुआ था विवाद

### नायडू की अग्रिम जमानत को चुनौती वाली याचिका खारिज

सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में सरकार ने तेदेपा चीफ और पूर्व सीएम चंद्रबाबू की अग्रिम जमानत को चुनौती दी थी। चंद्रबाबू को अमरावती इनर रिंग रोड घोटाले मामले में अग्रिम जमानत मिली थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें हाईकोर्ट के 10 जनवरी को चंद्रबाबू नायडू को राहत देने के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## महिलाओं की वैवाहिक उम्र 18 से 21 साल करने वाले लंबित बिल पर मई तक अंतिम रूप देगी समिति

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ चार माह का विस्तार मिला, जून 2021 को लोकसभा में किया गया था पेश



संसद की एक स्थायी समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए चार महीने का विस्तार (एक्सटेंशन) दिया गया है। समिति महिलाओं की शादी की आयु 18 से बढ़ाकर 21 साल करने की मांग करने वाले विधेयक पर विचार कर रही है। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को शुरू होने वाला है। आगामी आम चुनाव से पहले 17वीं लोकसभा का यह अंतिम सत्र है।

समिति अब चार महीने के विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी। जबकि, मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है। बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 लोकसभा में पेश किया गया था। तबसे वह वहां लंबित है। जबकि, सदन का कार्यकाल जून में खत्म हो जाएगा।

लोकसभा में पेश किए गए या वहां लंबित विधेयक मौजूदा लोकसभा के भंग हो जाने के बाद खत्म हो जाएंगे। जारी बुलेटिन में बताया गया कि राज्यसभा के सभापति ने बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक, 2021 की जांच के लिए संसद की स्थायी समिति को 24 जनवरी, 2024 से चार महीने की अवधि के लिए विस्तार दिया है। समिति को पहले भी अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देने के लिए विस्तार दिया गया था।

इस विधेयक को दिसंबर 2021 में लोकसभा में पेश किया गया था। इसके बाद इसे शिक्षा, महिला, बच्चों, युवाओं और खेलों की स्थायी समिति के पास भेजा गया था। यह समिति राज्यसभा सचिवालय के तहत काम करती है। महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने जांच के लिए विधेयक को लोकसभा अध्यक्ष से स्थायी समिति के पास भेजने का अनुरोध किया था। ईरानी ने सदन को बताया था कि सरकार पुरुषों और महिलाओं के बीच समानता लाने की कोशिश कर रही है।

## बीटिंग रिट्रीट...




**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के शंखनाद से लेकर नौसेना के मधुर मिशन चंद्रयान की धुनें गूंजती रहीं। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। आम जनता भी इस शानदार समारोह को देखने पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत हाईजैक भारतीय नौसेना ने छुड़ाया

नई दिल्ली, एजेंसी

अरब सागर में एक बार फिर समुद्री लुटेरों ने एक जहाज को निशाना बनाया। भारतीय अधिकारियों के मुताबिक, कोच्चि से पश्चिम में करीब 700 नॉटिकल मील की दूरी पर ईरान के एक मछली पकड़ने वाले जहाज को सोमालियाई लुटेरों ने हाईजैक कर लिया। हालांकि, इस घटना के बाद भारतीय नौसेना ने अपने युद्धपोत को जहाज के रेस्क्यू में लगाया और इसे लुटेरों के कब्जे से छुड़ा लिया।

अफसरों ने बताया कि ईरान के इस जहाज का नाम एमवी इमान है और इसमें 17 क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने इसमें सवार लोगों को बचाने का अभियान शुरू किया। देखते ही देखते युद्धपोत में मौजूद ध्रुव चॉपर्स ने ईरानी जहाज को घेर लिया और इसे चेतावनी जारी कीं। इसके बाद सोमालियाई लुटेरों को हथियार फेंकने और सोमालिया की तरफ जाने को कहा गया।



▶▶ भारत ने युद्धपोत भेजकर सवार 17 क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचाया

इसके बाद नौसेना ने जहाज में सवार सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा कि भारत का युद्धपोत सोमालिया के पूर्वी तट और अदन खाड़ी में एंटी-पाइरेसी मिशन में शामिल था। इसे ईरानी जहाज की तरफ से हाईजैकिंग का सिग्नल मिला। इसमें कहा गया कि जहाज पर लुटेरों ने कब्जा कर लिया है और क्रू को बंधक बना लिया गया है।

## ईरान: मोसाद के लिए काम करने वाले चार दोषियों को मृत्युदंड

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार तड़के में चार लोगों को फांसी दे दी। इन चारों को ईरानी डिफेंस साइट को नष्ट करने की योजना में इजराइल के लिए जासूसी करने का दोषी पाया गया था।

न्यायपालिका के अनुसार, मोहम्मद फरमरजी, मोहसिन मजलूम, वफा अजरबार, पेजमैन फतेही को जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया गया था। इन पर इस्फहान के केंद्रीय प्रांत में रक्षा मंत्रालय केंद्र के खिलाफ एक ऑपरेशन को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। इनको इस मामले में सुनवाई के बाद दोषी पाया और मौत की सजा दी गई। इन चारों को सजा सुनाए जाने के बाद आज उस पर अमल किया गया। सजा पाए चारों लोग ईरानी नागरिक हैं। सितंबर में अदालत ने सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था।

## शोध

### वर्षों से किए जा रहे अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष आए सामने, शिशुओं की याद्दाश्त से जुड़ी जानकारी भी शामिल

## मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाएं बदली

टोरंटो, एजेंसी

मनोविज्ञान ने दिमाग से जुड़ी कई धारणाओं को बदला है। इनमें दिमाग के काम करने के तरीके से लेकर क्षमता से जुड़ी जानकारी शामिल है। यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो में मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम का कहना है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

यह निष्कर्ष सदियों से मानी जा रही धारणाओं को चुनौती देने के साथ नए मानक स्थापित करते हैं। इनमें से कुछ सामान्य धाराणाओं पर निष्कर्ष निकाले गए हैं। **शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली:** माना जाता हैं कि शिशओं में समझ की कमी होती है। मनोविज्ञान से पता चला है कि शिशुओं में तर्क करने की जन्मजात प्रणाली होती है। उन्हें लोगों की भी समझ होती है।

शिशु जानते हैं कि आंखों के सामने न होने के बाद भी चीजें उनके आसपास होती हैं। वे नैतिक निर्णय लेने के भी सक्षम होते हैं। **स्मृति धंधली और अस्पष्ट होती है:** कुछ लोगों का मानना है कि हमारा दिमाग यादों को संजोकर रखता है।

सही तरीके अपनाने से हम किसी भी स्मृति को याद कर सकते हैं। हालांकि, यह सच नहीं है। याद्दाश्त भरोसे के लायक नहीं होती है। हमारे अनुभवों का अधिकांश हिस्सा यादों के तौर पर इकट्ठा नहीं हो पाता है। जो इकट्ठा होता है, वह कुछ ही समय में धुंधला और अस्पष्ट हो जाता है।

**चेतना की सीमाएं:** माना जाता है कि हमारी चेतना एक ही समय कई चीजों पर ध्यान देने में सक्षम होती है। संज्ञानात्मक मनोविज्ञान से पता चला है कि हमारे सामने हो रही चीजों का सिर्फ छोटा सा अंश स्मृति तक पहुंच पाता है। बाकी सब चीजों को नजरअंदाज कर हमेशा के लिए खो दिया जाता है। एक ही समय में कई चीजों पर ध्यान दे पाना संभव नहीं है।

### सकारात्मक मनोविज्ञान ने बदला नजरिया



सकारात्मक मनोविज्ञान ने सूख सुखद, सार्थक और संतुष्टिदायक जीवन पर शोध को बढ़ावा दिया है। इससे उन चीजों की तरफ ध्यान बढ़ा है, जो दिमाग को स्वस्थ रखने और जीवन बेहतर बनाने में मदद करती हैं। मनोविज्ञान के प्रोफेसर पॉल ब्लूम ने बताया है कि लगभग सभी आयुवर्ग पर किए गए अध्ययनों में आश्चर्यजनक निष्कर्ष सामने आए हैं।

## संबंध सुधारने में लगे ईरान-पाकिस्तान, विदेश मंत्रियों की बैठक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में ईरान और पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग के बाद ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान पहुंचे हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दोलहियन अपने पाकिस्तानी समकक्ष जलील अब्बास जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे।

विदेश कार्यालय ने कहा कि अतिरिक्त विदेश सचिव (अफगानिस्तान और पश्चिम एशिया) राह हयात ने रविवार देर रात नूर खान हवाई अड्डे पर अब्दुल्लाहियन का स्वागत किया। एक बयान में कहा गया, यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन विदेश मंत्री जिलानी के साथ गहन बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर से मुलाकात करेंगे। मीडिया के अनुसार, यह यात्रा ईरान द्वारा पाकिस्तान सीमा क्षेत्र पुंजगुर के अंदर आतंकवादियों के कथित ठिकानों को एकतरफा निशाना बनाए जाने के बाद हो रही है।

## पाकिस्तान: चुनाव से पहले कराची में बढ़ी हिंसा

कराची, एजेंसी

▶▶ नाजिमानाड में हिंसक झड़पें गोलीबारी में 1 की मौत, 3 घायल



पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में बीते कुछ दिनों में चुनावी हिंसा काफी बढ़ी है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव होने हैं। इस वजह से राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभा सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे दलों के बीच पहले से ही कई झड़पें हो चुकी हैं।

सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। एक दिन पहले रविवार को क्लिफ्टन इलाके में जेल में बंद इमरान की पीटीआई की चुनावी रैली पर पुलिस की भारी टुकड़ियों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और जबरन तितर-बितर कर दिया। इस उपद्रव में कुछ पुलिसकर्मियों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गये। दक्षिणी सिंध प्रांत, विशेष रूप से कराची - जो पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र भी है, पर पीपीपी के गढ़ को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि आगामी चुनावों में विभिन्न पार्टियां जमकर प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

बिलावल जरदारी-भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी की सिंध और कराची पर पकड़ तब भी बनी हुई है, जब खान के नेतृत्व वाली पीटीआई ने 2018 में पिछले चुनावों में सरकार बनाई थी और अविश्वास प्रस्ताव के बाद 2022 में शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के गठन के दौरान भी पीटीआई शासन को समाप्त कर दिया।

### बलूचों का प्रदर्शन, आवाज उठाने वाले हो रहे लापता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अत्याचार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच बलूचिस्तान के डेरा बुगती क्षेत्र में 10 लोग लापता हो गए। स्थानीय मीडिया न बताया कि सुई शहर में गुप्त एजेंसियों के साथ मिलकर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने घर-घर जाकर तलाशी अभियान चलाया और 10 लोगों को लापता कर दिया। पाकिस्तानी बल ने जाफर कॉलोनी में तलाशी अभियान चलाया, जिसके बाद जीटीए के अध्यक्ष और जमहूरी वतन पार्टी कार्यकर्ता मास्टर मौस बक्श और उनका बेटा लापता हो गए। इसी तरह गोबर खान बुगती के बेटे आतिफुल्लाह को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने हिरासत में लिया, जिसके बाद से ही वह लापता हो गया। शनिवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने एक व्यक्ति के आवास पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया।